दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने...
4 अभिव्यक्ति — बजट 2020: वित्तीय मैनेजमेंट...
9 मनोरंजन/व्यापार — जाह्नवी बोलीं- बॉलिवुड में हिरोइन की ब्रैंड...
11 खेल — राहुल अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 4 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-294 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

सीएम की सदाशयता के कायल हुए लोग...

रायपुर (नवप्रदेश)। अपनी सादगी व सरल स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सदाशयता से लोग रविवार को रायपुर में एक विवाह समारोह में एक बार फिर कायल हुए। मौका था प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मंडल के बेटे की शादी का और लम्हा था वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए मंच की ओर बढ़ने का। मुख्यमंत्री ने अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए इत्मिनान से अपनी बारी का इंतजार किया। विवाह स्थल पर मौजूद हर शख्स मुख्यमंत्री की इस सादगी से अभिभूत था। वैसे इस विवाह समारोह में मुख्यमंत्री आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। समारोह में छत्तीसगढ़ के पूरे मंत्रिमंडल के अलावा छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उईके व त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस के साथ ही राज्य के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के दिग्गजों के अलावा, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया की कई दिग्गज हस्तियां मौजूद थीं।

प्रसंगवश

'हे विधान ! हम क्यों नहीं मानते'

यशवंत धोटे

वसुधैव कुटुंबकम् और विश्व कल्याण का भाव, दोनों ही भारत की गौरवशाली परंपरा की धुरी हैं। इसी धुरी के कारण भारत विश्व गुरु बनने की ओर निरंतर अग्रसर है। भारत का लौकिक स्वरूप भले बदला हो, लेकिन वसुधैव कुटुंबकम् व विश्वकल्याण का इसका प्राणतत्व चिरस्थाई है। इस बात को देश में सत्तासीन रहा हर दल मानते आ रहा हैं। भगवान बुद्ध व स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के उदाहरण देकर इस मंत्र को वे भी समझाते थे, जिनकी कुर्सी को सहारे की जरूरत थी और वे भी समझा रहे हैं, जन्हें सहारे की जरूरत नहीं है। पर क्या वो मजबूती ठीक नहीं जो कुछ बुरे की आशंका मात्र से खुद को लचीला कर कर दे या कुछ अच्छे की आहट से भी खुद को परिस्थिति अनुसार ढाल ले? इन दिनों कुछ मुद्दों को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर ये बातें व सवाल और प्रासंगिक हो जाते हैं।

लोकतंत्र में विपक्ष के साथ ही जनता को भी हक है कि वह किसी मुद्दे पर अपनी असहमति प्रकट करने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करें, लेकिन मौजूदा परिस्थियां ऐसी प्रतीत नहीं हो रहीं। इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान हम आए दिन हिंसा की खबरों से भी दो-चार हो रहे हैं। विषय इतना संवेदनशील है कि कहा नहीं जा सकता कि इस सूरते हाल के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? हां कुछ लोग जरूर हैं जो बड़ी बेबाकी से इन मुद्दों को संविधान विरोधी बता रहे हैं वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो इन्हें राष्ट्रहित का बताकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। दूसरे शब्दों में लेफ्ट व राइट के साथ कदमताल करते नजर आ रहे हैं। हो सकता है कि उन्होंने इन मुद्दों का बारीकी से अध्ययन किया हो। दल विशेष से ताल्लुक रखने वालों को अध्ययन की दरकार नहीं है क्योंकि राजनीति में सब जायज है। लेकिन किसी दल विशेष के कहने पर बिना अध्ययन आम नागरिक विरोध या समर्थन के बहाने हिंसा पर आमादा हो जाए तो यह जरूर चिंतनीय है।

अंग्रेजी के दो समान व दो अलग-अलग अक्षरों से मिलकर बने इन मुद्दों के शीर्षकों का उल्लेख नहीं करना चाहूंगा, ताकि लोग ये न समझें कि लेफ्ट व राइट के साथ कदमताल करने वालों की फेहरिस्त में एक और नाम जुड़ गया। इसकी चेष्टा किसी गैर राजनीतिक व्यक्ति या संस्था से तब ही ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

आज बेबाक

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का मन मोहने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों में स्वादिष्ट व्यंजनों की थाली सजाई है। जिसमें तरह-तरह के प्रलोभन परोसे गए है। मुफ्त और सस्ती सेवाओं की भरमार देखकर मतदाताओं के लिए यह तय कर पाना मुश्किल हो गया है कि वह किस पार्टी की सरकार बनाए। मतदाताओं को मदहोश कर वोट कबाड़ने की भी कवायद की जा रही है। वहां भारी मात्रा में गांजा पकड़ाया है। मतलब पहले दम लगाओं फिर बटन दबाओं और यह गाओ- दम मारो दम मिट जाएं गम बोलो सुबह शाम हरे कृष्ण हरे राम...।

शाहीनबाग प्रदर्शन के पीछे साजिश

देश नफरत की राजनीति से नहीं विकास की नीति से चलेगा: पीएम

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित सीबीडी ग्राउंड पर रैली को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि विपक्ष को मुझसे शिकायत है। पीएम मोदी ने कहा, आज देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि जब विपक्ष को किसी सरकार से शिकायत है। ये कहते हैं कि मोदी जी इतनी जल्दी क्या है? जरा धीरे धीरे काम करों, इतनी तेजी से एक के बाद एक बड़े फैसले क्यों ले रहे हो? इसकी जरूरत क्या है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीलमपुर हो, जामिया हो या फिर शाहीनबाग, बीते कई दिनों से सिजिटनशिप अमेंडमेंट बिल को लेकर प्रदर्शन हुए। क्या ये प्रदर्शन सिर्फ एक संयोग है। नहीं। ये एक प्रयोग है। इसके पीछे राजनीति का एक ऐसा डिजाइन है, जो राष्ट्र के सौहार्द को खंडित करने वाला है। पीएम मोदी ने दिल्ली की रैली में कहा कि भारत नफरत की राजनीति से नहीं बल्कि विकास की नीति से चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली के लोगों ने एक-एक वोट से भाजपा की ताकत बढ़ाई है। सातों सीटें देकर दिल्ली के लोगों ने बता दिया था कि वो किस दिशा में सोच रहे हैं।

सबरीमला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मुद्दे पर चर्चा नहीं: सुको

नई दिल्ली ए.। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न धर्मों में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के मामले से निपटने के संबंध में चर्चा के मुद्दों को तय करने की प्रक्रिया सोमवार को शुरू की और स्पष्ट किया कि वह केरल के सबरीमला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश के मामले पर चर्चा नहीं कर रहा। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि वह मामले में तय किए गए कानूनी प्रश्नों और समय सीमा के बारे में पक्षों को छह फरवरी को सूचना देगी। पीठ इस मुद्दे पर भी गौर करेगी कि क्या पुनर्विचार के लिए विषय को बड़ी पीठ को सौंपा जा सकता है। इस पीठ में न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

नागकिता संशोधन कानून और एनआरसी के मुद्दे पर संसद में हंगामा

सदन में विपक्ष गुस्से से हुआ लाल वापस नहीं होगा सीएए: भाजपा

नई दिल्ली (वार्ता)। संसद के दोनों सदनों में सोमवार को नागरिकता (संशोधन) विधेयक(सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर(एनआरसी) के मुद्दे पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। जिसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। राज्यसभा की कार्यवाही तो तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में हंगामे के कारण न तो शून्य काल हो सका और न ही प्रश्न काल हो सका। वहीं लोकसभा में काम काज सुचारू रूप से नहीं चल सका। लोकसभा में विपक्षी नेताओं ने वेल में पहुंचकर ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

- **राज्यसभा की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित**
- **लोकसभा में बाधित हुआ कामकाज**

कांग्रेस का भी सरकार पर हमला

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि देश के आम लोग संविधान को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को पकड़े और राष्ट्रगान गा रहे इन लोगों पर गोलियां बरसाई जा रही हैं। देश के लोगों को क्रूरता से मारा जा रहा है।

प्रवेश वर्मा से चर्चा की शुरुआत कराने पर विपक्ष ने घेरा

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के प्रवेश वर्मा से कराने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी निंदा की और कहा कि चुनाव आयोग से प्रतिबंधित व्यक्ति से चर्चा आरंभ कराना सरकार की ऐंठन को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

जामिया छात्रों पर सरकार कर रही जुल्म: ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने जामिया मिलिया के छात्रों का मुद्दा आज संसद में उठाते हुए उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया है। लोकसभा में ओवैसी ने आज कहा कि वह जामिया के बच्चों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ अत्याचार कर रही है, बेटियों को मार रही है। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान ओवैसी ने कहा कि ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

महात्मा गांधी का उपवास और सत्याग्रह ड्रामा: सांसद हेगड़े

नई दिल्ली ए.। महात्मा गांधी के उपवास और सत्याग्रह को 'ड्रामा' करार देने के अपने बयान पर बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े चौतरफा घिरते नजर आ रहे हैं। विपक्ष के हमलों के बीच अब उनकी पार्टी ने ही उनसे अपने बयान के लिए माफी मांगने के लिए कहा है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गांधी को लेकर दिए उनके बयान पर नाराजगी जताई है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

- **बापू पर बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े का विवादित बयान**
- **भाजपा आलाकमान से मिला माफी मांगने का आदेश**

नान के पूर्व एमडी कौशलेंद्र से ईओडब्ल्यू की पूछताछ

शक है कि नान घोटाले की थी पूरी जानकारी

- **चिंतामणि चंद्राकर को नियम से ज्यादा अधिकार दे रखा था**

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। वर्ष 2009 से 2014 तक नागरिक आपूर्ति निगम के रहस्यमय घोटाले का सारा खेल तात्कालीन एमडी कौशलेंद्र सिंह को पता था। जानबूझकर उन्हों ने नियम विरुध्द नान घोटाले के अहम आरोपी चिंतामणि चंद्राकर समेत अन्य अफसरों को पूरी छूट दे रखा था। यही नहीं घोटाले में उनकी कितनी संलिप्तता थी जिसके अहम साक्ष्य भी ईओडब्ल्यू के पास है। उन प्रमाणों को भी जांच के दायरे में लाया गया है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

12 पदों की सीधी भर्ती में भी संदेह

जांच दल को संदेह कि एमडी रहते हुए कौशलेंद्र सिंह ने सहायक प्रबंधकों के 12 पदों के लिए सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था, तब भी शासन स्तर पर इसकी जांच की गई थी। बावजूद इसके भर्ती कर ली गई। इस मामले की शिकायत के बाद साल 2014 में नियुक्तियों को अवैध मानते हुए निरस्त कर ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

सुप्रीम कोर्ट का आदेश

अमन सिंह प्रकरण की सुनवाई 26 फरवरी तक करे हाईकोर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के प्रमुख सचिव रह चुके अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने सहित कई गंभीर आरोपों पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। इधर राज्य सरकार की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट बिलासपुर को 26 फरवरी को मामले का निराकरण करने का निर्देश जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका पर पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह के प्रकरण की सुनवाई बिलासपुर हाईकोर्ट को 26 फरवरी को निराकरण करने के आदेश दिया है। राज्य के पूर्व गृहमंत्री ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

हाई सैलरी वाले लोगों का पीएफ भी आएगा टैक्स के दायरे में

नई दिल्ली ए.। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2020 में एक तरफजहां कम टैक्स दरों वाली वैकल्पिक कर व्यवस्था का प्रस्ताव किया है, वहीं दूसरी तरफ कुछ टैक्स सेविंग स्कीमों में निवेश की अधिकतम सीमा भी तय कर दी है। बजट प्रस्ताव के मुताबिक, टैक्स बेनिफिट देने वाली तीन निवेश स्कीमें ईपीएफ, नैशनल पेंशन स्कीम तथा ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

निवेश की 7.5 लाख रु. की अधिकतम सीमा तय

1 अप्रैल, 2021 से लागू

1 अप्रैल, 2021 से एनपीएस, रिटायरमेंट फंड तथा प्रविडेंट फंड में एक साल में कुल निवेश की अधिकतम सीमा 7.5 लाख रुपये होगी और अगर इसके ऊपर निवेश किया जाता है तो वह टैक्सेबल होगा। बजट में यह प्रस्ताव भी किया गया है कि पिछले साल कमाई गई ब्याज और लाभांश की रकम भी टैक्सेबल होगी।

कम सैलरी पैकेज वाले लोगों पर नहीं पड़ेगा कोई असर

जिन लोगों की सैलरी कम है, उनपर इस प्रस्ताव का कोई असर नहीं पड़ेगा। जबकि हाई सैलरी इनकम वाले लोगों का सैलरी पैकेज इस तरह डिजाइन किया जाता है कि उनके वेतन का एक बड़ा हिस्सा इन तीनों फंड में डाला जा सके, ताकि सैलरी का यह हिस्सा टैक्स के दायरे में न आ सके।

गरमा-गरम

मौसमी दांवपेंच — उत्तर छत्तीसगढ़ में पारा सामान्य से नीचे, अन्य इलाकों में ठंड की वजह चिल विंड इफेक्ट से

बादलों की लुका छिपी का खेल 10 फरवरी तक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ व इससे सटे कुछ राज्यों में मौसम के मिजाज बदलने का खेल बदस्तूर जारी है। वर्ष 2019 के अंतिम महीनों से शुरू हुआ ये क्रम नए साल के दूसरे माह की शुरुआत हो जाने पर भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक-दो दिन के खुले मौसम के बाद आसमान में बादल फिर से डेरा जमा लेते हैं, जिससे विभिन्न स्थानों पर बारिश होते जा रही है। इस संबंध में रायपुर मौसम केंद्र के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में उत्तर से आ रही ठंड भरी उत्तर पश्चिमी हवा व दक्षिण से गर्म व नमी युक्त दक्षिण पूर्वी हवाएं आ रही हैं। जिसकी वजह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और कहीं-कहीं बारिश हो रही है। चंद्रा के मुताबिक हालांकि प्रदेश के तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। जो ठंड महसूस की जा रही है उसके पीछे की वजह विंड चिल इफेक्ट है।

उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए यलो अलर्ट, हो सकती है ओलावृष्टि

मौसम केंद्र, रायपुर के मुताबिक हवाओं के इस खेल के अतिरिक्त पश्चिम विक्षोभ भी बढ़ रहा है जिसके कारण मंगलवार को भी राज्य के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। उत्तर छत्तीसगढ़ के ज्यादा प्रभावित होने का अनुमान है। यहां गरज-चमक व बारिश के साथ ही ओले भी गिर सकते हैं। उत्तर छत्तीसगढ़ (सरगुजा, बिलासपुर संभाग तथा कवर्धा व बेमेतरा जिले) में भी एक-दो स्थानों पपर गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है।

दक्षिण को छोड़ तापमान में गिरावट नहीं

मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के मुताबिक दक्षिण बस्तर को छोड़ प्रदेश में तापमान में गिरावट नहीं है। दक्षिणी इलाके को छोड़ जो ठंड महसूस की जा रही है वह चिल विंड इफेक्ट का नतीजा है। उत्तर छत्तीसगढ़ (बिलासपुर व सरगुजा) में तापमान (न्यूनतम) सामान्य से नीचे है, जबकि दक्षिण (रायपुर, दुर्ग व बस्तर) में यह सामान्य से थोड़ा ऊपर है। कमोबेश यही आलम आगामी 9-10 तारीख तक देखने को मिल सकता है।

खतना, मस्जिद में महिलाओं की एंट्री, सबरीमाला समेत हर पहलू पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(ए.)। सबरीमाला मंदिर मामले पर आज सुप्रीम कोर्ज में सुनवाई हो रही है। आस्था और परंपरा बनाम मौलिक अधिकारों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संविधान पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई में 9 जजों की पीठ ने साफ किया था कि वो सबरीमला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश के साथ-साथ मस्जिद में महिलाओं के प्रवेश, एक गैर-पारसी से शादी करने वाली पारसी महिलाओं को 'अगियारी' में प्रवेश पर रोक और दाउदी बोहरा समुदाय के बीच महिलाओं के खतना की परंपरा पर भी सुनवाई करेगी।

पांच जजों की बेंच ने बड़ी बेंच को मामला ट्रांसफर किया था

पक्षकारों की ओर वरिष्ठ वकील फली नरीमन ने पांच जजों की संविधान पीठ द्वारा बडी बेंच को भेजे जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या इस मामले में पुनर्विचार करते समय इस क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल किया जा सकता है? CJI ने कहा कि सबरीमला मामले को पांच जजों की बेंच ने 9 जजों की बेंच को रेफर किया था, जिसमें सबरीमला ही नहीं ऐसे दूसरे मुद्दे भी हैं। इसके साथ ही दाउदी बोहरा में महिलाएं का खतना और पारसी महिलाओं के दूसरे धर्म में शादी करने पर अगियारी पर रोक को चुनौती दी गई है।

CJI जस्टिस बोबड़े ने कहा एक वर्ग का कहना है कि मुस्लिम महिलाएं मस्जिद में तो प्रवेश कर सकती हैं, लेकिन वो पुरुषों के साथ इबादत नहीं कर सकतीं। कपिल सिब्बल ने फली नरीमन की बात पर सहमति जताई और कहा कि ये ऐसे मुद्दे हैं जिसका असर सभी धर्मों और वर्गों पर पड़ेगा। आप जो भी बोलेंगे उसका असर सभी पर पड़ेगा। इसका असर जाति व्यवस्था पर भी पड़ेगा। आप इसे कैसे तय करेंगे? मुख्य न्यायाधीश ने कहा हम इस आपत्ति को एक मुद्दे के रूप में भी सुनेंगे। हम केवल उन लेखों की व्याख्या तय करने जा रहे हैं जो सबरीमाला और अन्य मामलों में भी लागू किए गए हैं।

सभी सवालों को लेकर सहमति नहीं- मेहता

केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहस की शुरुआत की। तुषार मेहता ने कहा कि सभी पक्षों में सवालों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। पीठ को सवाल खुद तय करने चाहिए जिसपर सुनवाई हो। जरूरी नहीं कि सवाल खुली अदालत में तय हो, सवाल को इन चैंबर तय किया जा सकता है।

सीएए हिंसा / 4 दिनों में पीएफआई के 108 सदस्य गिरफ्तार

- अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी ने कहा, हम इनकी जड़ों तक जाएंगे
- डीजीपी हितेशचंद्र अवस्थी ने कहा, पीएफआई शामली, बहराइच, पीलीभीत में सक्रिय

लखनऊ(ए.)। उत्तर प्रदेश में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में हिंसा का आरोप पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर लगा है। इसी को लेकर अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी और कार्यकारी डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अवनीश अवस्थी ने कहा कि पिछले चार दिनों में यूपी पुलिस ने पीएफआई के 108 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गृह सचिव अवनीश अवस्थी ने कहा कि हम इनकी जड़ों तक जाएंगे।

डीजीपी हितेशचंद्र अवस्थी ने कहा, '2001 में सिमी पर प्रतिबंध के बाद साल 2006 में केरल में पीएफआई बना था। पीएफआई का संगठन पूरे यूपी में है और शामली, बहराइच, पीलीभीत में सक्रिय है।' उन्होंने कहा कि पीएफआई राष्ट्रविरोधी अभियान चलाया जा रहा है। 19-20 दिसंबर को पीएफआई के लोगों ने भीड़ को भड़काकर हिंसा फैलाई। हिंसा के आरोप में पीएफआई का प्रदेश अध्यक्ष वसीम अहमद गिरफ्तार हुआ था।

'हम इनकी जड़ों तक जाएंगे'

गृह सचिव अवनीश अवस्थी ने कहा कि हम इनकी जड़ों तक जाएंगे, इनको कहां से किस जरिए से मदद मिलती थी इसकी जांच करेंगे और इसके लिए हम केंद्रीय जांच एजेंसियों के संपर्क में हैं।

'पीएफआई की फंडिंग की जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद'

उन्होंने बताया कि पीएफआई के फंडिंग नेटवर्क की जानकारी के लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद ली जा रही है। 19-20 दिसंबर के हिंसक प्रदर्शन में अब तक पीएफआई के 108 सदस्य गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें लखनऊ से 14, सीतापुर से 3, मेरठ से 21, गाजियाबाद से 9, मुजफ्फरनगर से 6, शामली से 7, बिजनौर से 4, वाराणसी से 20, कानपुर से 5, गोंडा से 1, बहराइच से 16, हापुड़ से 1 और जौनपुर से 1 की गिरफ्तारी हुई है।

जामिया फायरिंग में एफआईआर दर्ज, न खोल मिला, न चश्मदीद

शाहीन बाग में नागरिकता संसोधन कानून के खिलाफमहिलाओं के विरोध प्रदर्शन में अब तक तीन बार फायरिंग हो चुकी है। दो बार फायरिंग करने वाले को मौके से ही पुलिस ने दबोच लिया, जबकि तीसरे मौके पर पुलिस अब तक आधिकारिक तौर पर यह भी नहीं पुख्ता कर पा रही कि गोली चली भी या नहीं।

स्थानीय लोगों का दावा है कि दो राउंड गोली चली, लेकिन पुलिस ने जिन लोगों से पूछताछ की, उसमें कोई स्कूटी से हमलावारों के आने का दावा कर रहा है, तो कोई उनके कार सवार होने की बात कह रहा है। पुलिस ने जिस शिकायतकर्ता की शिकायत पर एफआईआर की है, उसने जरूर दावा किया है कि हमलावर स्कूटी से आए थे, लेकिन अब तक पुलिस को कुछ पुख्ता तौर पर ऐसा नहीं मिला है, जिससे पुलिस की जांच किसी दिशा में आगे बढ़ सके।

अभी तक खोखा बरामद नहीं

अडिशनल डीसीपी कुमार ज्ञानेश ने बताया कि जामिया नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच चल रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से कोई खोल नहीं बरामद हुआ है। गोली चलती है, तो उसके खोल घटनास्थल पर ही छूट जाते हैं, लेकिन इस केस में दो तो क्या, अभी एक भी खोल नहीं बरामद हुआ है। वहीं चश्मदीदों के बयान भी अलग अलग आ रहे हैं। जिन लोगों से पुलिस ने बात की है, उनमें कोई बाइक, तो कोई स्कूटी और कोई कार से हमलावरों के आने की बात कह रहा है।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

अधिकारी बता रहे हैं कि घटना देर रात की है, जिसके कारण अभी ज्यादा सीसीटीवी फुटेज नहीं देखे जा सके हैं। सोमवार को दोबारा पुलिस घटनास्थल पर जाकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी, जिसके बाद ही आधिकारिक तौर पर कुछ कहा जा सकेगा। बता दें कि इससे पहले प्रदर्शन के खिलाफ दो लोगों ने गोली चलाई थी और उन दोनों मामलों की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। रविवार रात हुई घटना की जांच अब तक लोकल पुलिस के ही पास है।

सीएए के समर्थन में बड़ा प्लान कर रहे थे रणजीत, इसी वजह से हुई हत्या: कालिंदी बच्चन

लखनऊ। विश्व हिंदू महासभा के अध्यक्ष रणजीत बच्चन की लखनऊ में दिनदहाड़े हुई हत्या के मामले में एक ओर पुलिस जहां कई ऐंगल्स से जांच में जुटी है, वहीं उनकी पत्नी कालिंदी का कहना है कि सीएए का समर्थन करने की वजह से रणजीत की हत्या हुई है। कालिंदी का यह भी कहना है कि वह और रणजीत की दूसरी पत्नी दोनों रजामंदी से रणजीत के साथ थीं और उनके बीच कोई विवाद नहीं रहा है।

कालिंदी ने कहा, 'रणजीत जल्द ही नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर एक भव्य आयोजन करने वाले थे। उनकी योजना थी कि पूरे उत्तर प्रदेश में साइकल यात्रा के जरिए लोगों को नागरिकता कानून के बारे में जागरूक किया जाए। इससे पहले ही इस घटना को अंजाम दे दिया गया।' उन्होंने आशंका जताई कि रणजीत की हत्या की वजह भी सीएए का समर्थन ही है। वह सोशल मीडिया पर भी लगातार इसके समर्थन में पोस्ट डालते थे।

निर्भया के दरिंदों की फांसी पर 'इंतजार' खफा किन्नर ने किया 'शिव तांडव'

- अनुष्का का कहना था कि फांसी पर लगने वाली बार-बार की रोक से दोषियों का मनोबल बढ़ रहा है, जो ठीक नहीं है

बलिया(ए.)। निर्भया के दोषियों की फांसी पर लगी रोक से नाराज उत्तर प्रदेश के बलिया में किन्नर अनुष्का ने अपनी टीम के साथ मालगोदाम रोड स्थित शिव मंदिर में 'शिव तांडव नृत्य' किया। अनुष्का का कहना था कि फांसी पर लगने वाली बार-बार की रोक से दोषियों का मनोबल बढ़ रहा है, जो ठीक नहीं है।

किन्नर अनुष्का ने कहा कि आखिरकार कब तक दोषी कानूनी दांवपेच का सहारा लेकर मौत को चकमा देते रहेंगे। कुछ ऐसे ही सवाल आज पूरा देश पूछ रहा है। देश की न्यायिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है। निर्भया केस में बार-बार फांसी की सजा टलने को लेकर किन्नर समाज में जबरदस्त गुस्सा है। उन्होंने कहा, 'फांसी में देरी के विरोध में मैंने शिव मंदिर पहुंचकर शिव तांडव किया।'

किन्नरों ने कहा कि कोर्ट ने एक फरवरी को इन दरिंदों को फांसी देने की तिथि मुकर्रर की थी, लेकिन एक बार फिर वे सभी न्यायिक व्यवस्था को चकमा दे गए। वहीं आरोपियों के वकील पर भी अनुष्का ने आरोप लगाते हुए कहा कि जानबूझकर गुनाहगारों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जो ठीक नहीं है। अनुष्का किन्नर का कहना है कि बेटी घर की लक्ष्मी होती है। ऐसे में निर्भया जैसी बेटी के गुनहगारों को फांसी की सजा न देकर उनके हाथ पैर काट देने चाहिए।

जलगांव में ट्रक-एसयूवी में भिड़ंत सांगली में कुएं में गिरी, 15 की मौत

जलगांव/सांगली(ए.)। महाराष्ट्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई। राज्य के अंकलेश्वर-बुरहानपुर राजमार्ग पर रविवार देर रात एसयूवी और ट्रक की भिड़ंत में 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, सांगली में सोमवार तड़के एक कार के कुएं में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

अंकलेश्वर-बुरहानपुर पर हुए इस ऐक्सिडेंट में छह अन्य घायल भी हो गए। इन घायलों में तीन की हालत गंभीर है। फैजपुर पुलिस थाना के अधिकारी महेंद्र महाजन ने कहा, पीड़ितों में ज्यादातर एक ही परिवार के हैं। वे 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चोपड़ा में एक शादी में हिस्सा लेकर मुक्तैनगर स्थित अपने घर वापसी कर रहे थे। रविवार देर रात नैशनल हाइवे पर यह दुर्घटना हुई।

इस हादसे में मंगला डी. चौधरी, उसकी पत्नी और एसयूवी सवार अन्य आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

आटपाडी तहसील में पारेकार वाडी गांव के निकट कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सड़क किनारे एक कुएं में जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया।

अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे थे

इधर, सांगली में सोमवार तड़के एक कार के कुएं में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद को दी जमानत

- यौन शोषण के आरोप में चिन्मयानंद जेल में थे, 16 नवंबर को हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था

लॉ स्टूडेंट का यौन शोषण

प्रयागराज(ए.)। लॉ स्टूडेंट के यौन शौषण के मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और बीजेपी नेता स्वामी चिन्मयानंद को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। एलएलएम छात्रा के यौन शोषण के आरोप में चिन्मयानंद जेल में बंद थे। बीते 16 नवंबर को हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आपको बता दें कि स्वामी चिन्मयानंद शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज भी चलाते हैं। स्वामी चिन्मयानंद पर तकरीबन आठ साल पहले नवंबर 2011 में शाहजहांपुर में एफआईआर दर्ज हुई थी। उनके ही आश्रम में कई वर्षों तक रहने वाली एक युवती ने उनके खिलाफ रेप और यौन शोषण का आरोप लगाया था।

24 अगस्त को सामने आया था विडियो

इसके बाद स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में पढ़ने वाली एलएलएम की एक छात्रा ने 24 अगस्त को एक विडियो वायरल कर स्वामी चिन्मयानंद पर शारीरिक शोषण और कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करने के आरोप लगाए और उसे व उसके परिवार को जान का खतरा बताया था। विडियो सामने आने के बाद छात्रा लापता हो गई थी।

योगी आदित्यनाथ का अरविंद केजरीवाल पर बड़ा हमला

दिल्ली को कर दिया प्रदूषित

- आदित्यनाथ ने विकासपुरी की रैली में कहा कि राज्य में पाठशाला की जगह मधुशाला खुलवा दिया

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे पर जमकर प्रहार कर रहे हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में लगातार रैलियां कर रहे हैं और उनके निशाने पर राज्य के सीएम अरविंद केजरीवाल हैं। अब योगी ने दिल्ली के सीएम को यमुना में डुबकी लगाने का चैलेंज दे दिया है। यूपी के सीएम ने केजरीवाल पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि दिल्ली के सीएम ने पाठशाला की जगह मधुशाला खुलवा दिया।

दिल्ली के विकासपुरी में एक रैली में कहा कि राज्य सरकार ने यमुना को साफकरने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा, 'केजरीवाल ने पानी के साथ दिल्ली को प्रदूषित कर दिया है। अगर हिम्मत है तो केजरीवाल यमुना में डुबकी लगाकर दिखाएं। उन्होंने तो खुद खांसते-खांसते पूरी दिल्ली को खांसने पर मजबूर कर दिया।'

योगी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल भारत तेरे टुकड़े होंगे नारे लगाने वालों के साथ हैं। नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए योगी ने कहा कि केजरीवाल ने केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं होने दी। योगी ने कहा कि आयुष्मान योजना से 50 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है। मोदी ने देश के लिए अच्छा काम किया है।

टीएमसी नेता ने महिला टीचर को रस्सी से बांधकर घसीटा

- जमीन पर जबरन कब्जा करने की मंशा से हमला, बुरी तरह की पिटाई

बालुरघाट(ए.)। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता की गुंडागर्दी की एक हिला देने वाली तस्वीर सामने आई है। राज्य के दक्षिण दिनाजपुर जिले में टीएमसी नेता की अगुआई में कथित समर्थकों ने गांव में एक महिला टीचर की बर्बरता से पिटाई की। बताया जा रहा है कि टीएमसी समर्थकों ने टीचर की जमीन पर जबरन कब्जा करने की मंशा से उसे रस्सी से बांधकर कुछ दूर तक घसीटा और बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद वे लोग टीचर को घसीटते हुए ले गए और उसे एक मकान में बंद कर दिया।

स्थानीय पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना गंगारामपुर ब्लॉक के नंदनपुर पंचायत में शुक्रवार को हुई। शिक्षिका की पहचान बीजेपी समर्थक स्मृतिकण दास के रूप में हुई है। ग्राम पंचायत सदस्यों के नेतृत्व में आए इस समूह के लोगों ने शिक्षिका की मां और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की।

करारा जवाब -संसद में असदुद्दीन औवेसी ने कहा कि वह जामिया के बच्चों के साथ हैं और उनपर जुल्म हो रहा है

ओवैसी के बयान पर बोले गिरिराज सिंह- तुम्हारे लिए पाकिस्तान बना दिया, हमें चैन से जीने दो

- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बोले- जहर बोकर देशद्रोही सेना बना रहे हैं असदुद्दीन ओवैसी

पटना (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद गिरिराज सिंह अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते ही हैं। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोरते हैं। ओवैसी ने सोमवार को संसद में कहा कि वह जामिया के बच्चों के साथ हैं। इसी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी जैसे कट्टरपंथी शिक्षण संस्थानों में देश के खिलाफ जहर घोल रहे हैं।

गिरिराज ने ओवैसी के लिए लिखा कि तुम्हारे लिए पाकिस्तान बना दिया, अब हमें चैन से जीने दो।

इससे पहले बजट सत्र के दूसरे दिन एआईएमआईएम चीफ ओवैसी ने कहा, 'मैं हुकूमत को बता देना चाह रहा हूं कि हम जामिया के बच्चों के साथ हैं। हुकूमत बच्चों पर जुल्म कर रही है। क्या ये जानते हैं कि एक बच्चे की आंख चली गई? बेटियों को मारा गया, शर्म नहीं आई इनको। बच्चों को मार रहे हैं, गोलियां मार रहे हैं।'

असदुद्दीन ओवैसी के इसी बयान के विडियो को ट्वीट करते हुए गिरिराज सिंह ने लिखा, 'ओवैसी जैसे कट्टरपंथी जामिया/एएमयू जैसे शिक्षण संस्थानों में देश के खिलाफ जहर घोल देश के खिलाफएक देशद्रोही सेना बना रहे हैं। ओवैसी और ऐसे पनप रहे संविधान विरोधियों को रोकना होगा। भारतवंशी अब जग गए हैं, हमें दबाओ नहीं, तोड़ो नहीं। तुम्हारे लिए पाकिस्तान बना दिया था, अब हमें चैन से जीने दो।'

आपको बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई मारपीट के बाद पुलिस ने जामिया के छात्रों को पीटा था। सोशल मीडिया पर ऐसे भी विडियो आए, जिसमें देखा गया कि जामिया की लाइब्रेरी में भी तोड़फोड़ की गई। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनके साथ पुलिस ने मारपीट की। हालांकि, पुलिस ने

■ न्यूज गैलरी

दोस्तों के साथ माना घूमने आया युवक चलती कार से गिरा, मौत

रायपुर। चलती कार का दरवाजा खुल जाने के चलते पीछे बैठा युवक नीचे गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए एमएमआई अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राहुल मौर्य 27 वर्ष पिता रमाकांत प्रसाद निवासी कैलाश नगर लोहिया रोड जामुल जिला दुर्ग 22 जनवरी को अपने दोस्तो के आल्टो कार क्र0 सीजी 04 एचए 4630 में नया रायपुर घुमने आया था। आल्टो कार के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से कार का दरवाजा खुलने से व गिर गया। उपचार के लियें एमएमआई अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान 1 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

हाईवा ने बिजली खंभे को मारी ठोकर, पोल व सीसी टीवी कैमरा क्षतिग्रस्त

रायपुर। तेज रफ्तार हाइवा ने स्मार्ट सिटी के तहत लगे पोल को टक्कर मार दिया जिसके चलते पोल व सीसी टीवी कैमरा क्षतिग्रस्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसर अनुपम नगर निवासी त्रिरूपति राव 27 वर्ष ने टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार को पचपेढ़ी नाका ओव्हरब्रिज के पास तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 04 जेसी 9819 के चालक ने पचपेढ़ी नाका ओव्हरब्रिज के पास स्मार्ट सिटी के तहत लगे पोल को ठोकर मार दिया जिसके चलते पोल में लगे सीसी टीवी कैमरा व पोज क्षतिग्रस्त हो गया।

आपसी विवाद में दो पक्ष भिड़े, मामला दर्ज

रायपुर। आपसी विवाद में दो पक्षों ने लाठी, डंडे, राड से लैस होकर एकदूसरे के साथ जमकर मारपीट किया। मारपीट में कुछ लोग घायल हो गये। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को शुक्रवारी बाजार अजहर पान ठेला के पास किसी बात को लेकर अजहर अंसारी 27 वर्ष पिता जान मोहम्मद व इज्जू, छोटे, अजहर का पिता व अन्य लोगों ने लाठी डंडे से लैस होकर प्रिंस सिंह परमार 20 वर्ष की पिटाई कर दी जिसके चलते वह घायल हो गया। इसी तरह अजहर अंसारी निवासी कैलाश नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार को शुक्रवारी बाजार में प्रिंस सिंह परमार पिता जितेंद्र परमार, माधव झा, लीलू लहरे, रिंकू, संजू व अन्य युवकों ने प्रार्थी के साथ विवाद कर लाठी डंडे व राड से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केश दर्ज कर अपराध कायम कर लिया है।

कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने एम्स तैयार

■ **पृथक वार्ड बनाकर चिकित्सकों और कर्मचारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण**

■ **जांच की पर्याप्त सुविधा व इलाज के लिए दवाइयों का स्टॉक भी उपलब्ध**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर ने एहतियातन सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए एक आइसोलेशन वार्ड बनाकर चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति कर दी गई है जिससे कोरोन वायरस का लक्षण पाए जाने पर चंद मिनटों के अंदर उसका इलाज शुरू किया जा सके।

केंद्र सरकार के निर्देशों और राज्य सरकार के अनुरोध के बाद एम्स ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. करन पीपरे ने बताया कि एम्स में फेफड़ा एवं क्षय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अजॉय कुमार बेहरा के निर्देशन में एक पृथक वार्ड स्थापित कर दिया गया है। छह बिस्तरों के इस वार्ड में कोरोना वायरस की जांच, इलाज और इसका संक्रमण रोकने के सभी उपाय किए गए हैं। वार्ड के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयों का स्टॉक मौजूद है।

10 नर्सिंग ऑफिसर तैनात

पिपरे ने बताया कि इसके लिए 10 नर्सिंग ऑफिसर, एक अस्सिटेंट नर्सिंग ऑफिसर और पांच अन्य तकनीकी कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण देकर वार्ड में 24घंटे सेवा प्रदान करने के लिए तैयार कर दिया गया है। इसकी जांच और इलाज के लिए पर्याप्त संसाधन एम्स में उपलब्ध हैं।

एम्स में कोरोना वायरस के लिए तैयार किया गया वार्ड।

बचाव के उपायों को अपनाएं : डॉ. नागरकर

एम्स के निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा है कि अभी तक छत्तीसगढ़ के अंदर कोरोना वायरस के संक्रमण की कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि कोई संक्रमित पाया जाता है तो एम्स ऐसे मरीजों के इलाज के लिए तैयार है। उन्होंने प्रदेशवासियों से कोरोना वायरस से बचाव के उपायों को अपनाकर स्वयं को संक्रमित होने से बचाने का आह्वान किया है।

सर्द हवाओं से फिर गिरा पारा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। हवा की दिशा में आए बदलाव और पड़ोसी राज्य के ऊपर बने चक्रवात के असर से प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया है। वहीं आगामी चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग के जुड़े सूत्रों ने बताया कि राज्य में एक बार फिर से शीत लहर जैसे हालात निर्मित हो रहे हैं। खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से सर्द हो गया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानों पर इस समय अच्छी ठंड फिर से शुरू हो गई है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने जैसी स्थिति है। इस लिहाज से अंबिकापुर सहित आसपास के इलाकों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इधर हवा की दिशा बदलने के साथ ही राजधानी रायपुर सहित मैदानी इलाकों में भी ठंड का असर फिर से बढ़ गया है। दूसरी ओर दक्षिण महाराष्ट्र, इसके आसपास के इलाकों क ेसाथ ही अंदरुनी कनार्टका के ऊपर बना चक्रवाती घेरा जो कि ऊपरी हवा में 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ था आज भी सक्रिय बना हुआ है।

मौसम विभाग की माने तो आज राजधानी रायपुर में आसमान मेघमय बना रहेगा। इस दौरान राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं अथवा हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विभाग की माने तो हवा की दिशा बदलने के साथ ही मौसम में सुधार आना शुरू होगा और ठंड धीरे-धीरे कम होने लगेगी। फिलहाल मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा और मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिलेगा।

सीएम भूपेश ने मंत्री पटेल के विभागों के बजट प्रस्तावों पर की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, जनशक्ति और नियोजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवक कल्याण मंत्री उमेश पटेल से सम्बद्ध विभागों के वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, जनशक्ति और नियोजन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल सहित मुख्य सचिव आर पी मंडल, अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

पीएचई और मंत्री गुरू रूद्र कुमार के विभागों के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में सोमवार को उनके निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्र कुमार से सम्बद्ध विभागों के वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पीएचई और ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्र कुमार सहित अपर मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन ,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, प्रमुख सचिव ग्रामोद्योग श्रीमती मनिंदर कौर द्विवेदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सचिव अविनाश चम्पावत, सचिव ग्रामोद्योग हेमंत पहारे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मैट्सोत्सव - 2020 का आयोजन आज

■ **राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत होंगे विद्यार्थी**

रायपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा मैट्सोत्सव - 2020 का भव्य आयोजन 4 फरवरी 2020 को शाम 5 बजे से किया जाएगा। इस वर्ष मैट्स विश्वविद्याय के वार्षिक उत्सव का आयोजन यहाँ राजधानी के साइंस कॉलेज के पास स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया जा रहा है जो मैट्सोत्सव के नाम से लोकप्रिय है। इस समारोह की मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके होंगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव होंगे।

मैट्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने बताया कि मैट्सोत्सव-2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, रचनात्मक गतिविधियों के अलावा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया था। इनके विजेता विद्यार्थियों को माननीय राज्यपाल एवं सम्मानीय अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित फैशन शो का भी आयोजन किया जाएगा।

विवाहिता ने की खुदखुशी

रायपुर। दहेज प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने स्वयं पर मिट्टीतेल डालकर आग लगा लिया जिसके चलते दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। घटना की जांच के बाद पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ धारा 304 बी,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शादी के बाद ससुरालियों द्वारा कम दहेज लानेक की बात कहकर मोटरसाइकिल की मांग कर विवाहिता ग्राम अमसेना आरंग निवासी भारती साहू 21 वर्ष पिता प्रकाश साहू को शारीरिक व मानसिंक रुप से आये दिन परेशान कर रहे थे जिसके चलते विवाहिता ने 4 जनवरी 2020 को स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा लिया जिसके चलते दूसरे दिन 5 जनवरी को उसकी मौत हो गई। मृतिका ने ससुरालियों के खिलाफ प्रताड़ना का पहले भी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। मृतिका के जलने की सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद ससुरालपक्ष में पति ज्योति प्रकाश 22 वर्ष व जेठ,पुष्पानंद साहू 23 वर्ष ,देवर शैलेन्द्र साहू 18 वर्ष ,ससुर परसराम साहू 50 वर्ष ,सांस नेमिनबाई साहू 45 वर्ष के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

जवान गोली क्यों चला रहे हैं अधिकारी कर रहे जांच

■ **एक फरवरी को सुरक्षा बल के जवान ने दो साथियों को मारी थी गोली**

■ **सरकारी योजनाओं के चलते कोई घटना नहीं हो रही है, आपसी विवाद में अलग अलग घटना सामने आई है : गृहमंत्री**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के तनाव में आकर आत्मघाती कदम उठाने की कई घटनाएं प्रकाश में आ चुकी है। इसी क्रम में हाल ही में सीएएफ कैंप में एक फरवरी को जवान द्वारा अपने ही 2 अन्य साथी जवानों पर गोलियां चला दीं। इससे एक जवान रविरंजन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा जवान घायल हो गया। आरोपी जवान दयाशंकर शुक्ला ने खुद पर भी गोली चलाई, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इससे पहले 4 दिसंबर 2019 को नारायणपुर में आईटीबीपी के एक जवान ने अपने साथियों पर गोली चलाई थी। इसमें 7 जवनों की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ में लगातार सुरक्षा बलों के जवानों के खुद के साथियों पर गोली चलाने के मामले पर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का बयान आया है। गृहमंत्री साहू ने कहा कि ऐसे मामलों की उच्चतम अधिकारियों से जांच करवाई जा रही है।

सरकारी योजनाओं के चलते कोई घटना नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद में अलग अलग घटना सामने आई है। शासकीय तौर पर कोई गलतियां नहीं हो रही हैं। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि घटनाओं को देखते हुए जवानों को समझाइश दी जा रही है। विवाद की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क बनाने निवेदन किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता जीवन सुगमता सूचकांक सर्वेक्षण पर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एम.डी. सौरभ कुमार की पत्रकार वार्ता

रायपुर में सुविधाओं के संबंध में हर नागरिक से फीडबैक की अपील

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्रीय आवासन एवं षहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार जीवन सुगमता सूचकांक-2019 सर्वेक्षण के माध्यम से स्मार्ट शहरों में उपलब्ध सुविधाओं व सेवाओं के संबंध में आम नागरिकों से प्रतिक्रिया ले रहा है। इसके लिए कोई भी नागरिक Eol2019.org/citizenfeedback लिंक पर जाकर या इस हेतु जारी किए गए छायाचित्र में प्रदर्षित क्यू.आर. कोड को स्कैन कर अपना फीडबैक दे सकेंगे। इस महत्वपूर्ण सर्वेक्षण में प्रत्येक नागरिक अपना फीडबैक अवष्य दें, इस अपील के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक सौरभ कुमार ने पत्रकार वार्ता लेकर सर्वेक्षण के बुनियादी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

एम.डी. सौरभ कुमार ने इस संबंध में अवगत कराया कि शहरीकरण की चुनौतियों के मध्य जन आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से 25 अप्रैल 2016 को स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत हुई है। रायपुर शहर को सिटी चैलेंज के अधीन राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिस्पर्धा के बाद, दूसरे चरण में 16 सितंबर 2016 को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चयनित किया गया है। मिशन मोड पर रायपुर नगर निगम के साथ मिलकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, जन सुविधाओं के विस्तार व उन्नत तकनीक से जन आवश्यकता को पूरा करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। गत वर्ष के जीवन सूचकांक सर्वेक्षण में स्मार्ट सिटी रायपुर को देश के सर्वश्रेष्ठ 07 निवास योग्य शहर के रूप में चिन्हित किया गया है। इसके लिए रायपुर के प्रबुद्ध जन प्रतिनिधि, शहर विकास में हमेशा अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर रही स्थानीय मीडिया व आम नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है, जिन्होंने सुविधाओं के उत्तरोत्तर उन्नयन हेतु गंभीरता से प्रयास किया है।

24 बिन्दुओं का मापदंड तैयार, इससे होगी स्मार्ट सिटी की रैकिंग

रायपुर। जीवन स्तर, आर्थिक सामर्थ्य, स्थिरता जैसे बिंदुओं पर नागरिकों से मिले जवाब और शहर के सर्वेक्षण के बाद स्मार्ट सिटी की रैकिंग होगी। स्मार्ट सिटी के लिए 24 मूलभूत बिंदु तैयार किया गया है। इन बिंदुओं पर मिलने वाले फीडबैक के आधार पर स्मार्ट सिटी की रैकिंग की जाएगी। केंद्रीय आवास एवं नगरीय विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जीवन सुगमता सूचकांक-2019 के सर्वेक्षण के लिए स्मार्ट सिटी रायपुर ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक सौरभ कुमार ने इस सर्वेक्षण के संबंध में बताया कि सर्वेक्षण के लिए 24 मूल बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इस सर्वेक्षण के माध्यम से आम नागरिकों से स्मार्ट सिटी रायपुर में जीवन स्तर, आर्थिक सामर्थ्य, स्थिरता जैसे घटकों को शामिल करते हुए 24 प्रश्न पर नागरिकों की प्रतिक्रिया ली जाएगी। इसके आधार पर रायपुर में विकास के मापदंडों का आंकलन कर केंद्र सरकार देशभर के स्मार्ट सिटी की रैकिंग जारी करेगा।

विद्युत उपभोक्ताओं के हित में आईटी सिस्टम को बढ़ावा

■ **आईटी पद्धति के विकास हेतु अभियंताओं की हुई ऑन लाईन परीक्षा**

■ **उपभोक्ताओं से कनिष्ठ अभियंताओं का सीधा सम्पर्क बढ़ाने पहल : शैलेन्द्र शुक्ला**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा सुविधा में बढ़ोत्तरी करने आई.टी.पद्धति को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे उपभोक्तागण घर बैठे विद्युत विकास कार्यो का निष्पादन बड़ी ही सहजता से करने लगे हैं। कंपनी में सबडिवीजन प्रणाली विकसित की गई है जिसके तहत् कंपनी के सहायक अभियंताओं को रेवेन्यू बिलिंग का कार्य प्रमुखता से करना है। पॉवर कंपनी के इस कार्यप्रणाली से कनिष्ठ अभियंताओं को अब कार्यालयीन कार्यों के बजाय मैदानी विद्युत विषयक कार्यों का निपटारा करना होगा। यह प्रणाली ग्रामीण-शहरी उपभोक्ताओं के विद्युत विषयक समस्याओं के निदान में अत्यन्त करारगर है। नई प्रणाली से जुड़े अभियंताओं की कार्यदक्षता परीक्षा लेने की शुरूआत भी कंपनी में की गई।

सबडिवीजन प्रणाली की शुरूआत होने से पॉवर कंपनी के रेवेन्यू बिलिंग में कार्य करने के लिये इन्फरमेंशन टेक्नालाजी में सहायक अभियंताओं की दक्षता आवष्यक है। उपभोक्ता हित में ऐसे अभियंताओं की कार्यदक्षता का मूल्यांकन हेतु पॉवर कंपनी के चेयरमेन शैलेन्द्र शुक्ला, एमडी डिस्ट्रीब्यूशन मोहम्मद कैसर अब्दुल हक के निर्देशन में दक्षता परीक्षा का आयोजन रायपुर में किया गया। दक्षता के मूल्यांकन हेतु कंपनी इतिहास में पहली बार ऐसी परीक्षा का आयोजन किया गया है। इससे अभियंताओं के आत्मविष्वास में वृद्धि हुई तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यपद्धति का विकास सुनिश्चित हुआ। साथ ही आईटी सिस्टम में दक्षता से कम समय में अधिकतम कार्यों का निपटारा आसानी से होने लगा है।

परीक्षा में प्रदेशभर के 167 सहायक अभियंताओं ने ऑन लाईन आई.टी. के सेप पद्धति में बिलिंग, नया कनेक्शन एवं मटेरियल मैनेजमेंट के कार्यों की परीक्षा दी। आई.टी. दक्षता परीक्षा में छः सहायक अभियंताओं ने शतप्रतिशत अंक अर्जित किये हैं उनमें रमेश कुमार झा, श्रीमती यशोदा रौतिया खाण्डे, वासुदेव साहू, रविरंजन कुमार, राकेश साहू एवं नरेन्द्र नायक शामिल हैं।

संपादकीय

दिल्ली के दंगल में दागियों की भरमार

नई दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी इस बार सभी राजनीतिक दलों दगियों को दिलेरी से टिकट बांटे है। सभी राजनीतिक दलों के लिए दाग अच्छे है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म के सर्वेक्षण की रिपोर्ट के मुताबिक सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने सर्वाधिक 51 प्रतिशत दागी उम्मीदवारों को दिल्ली के दंगल में उतारा है। जिनके खिलाफ कई क्रिमीलन केस चल रहे है। भारतीय जनता पार्टी ने भी 20 प्रतिशत दागी प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। कांग्रेस भी इस मामले में ज्यादा पिछे नहीं है उसने भी 15 प्रतिशत टिकटें दागियों को दी है। बहुजन समाज पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर है। कहने का मतलब यह कि किसी भी पार्टी ने दागियों को टिकट देने से परहेज नहीं किया है। चुनाव आयोग सरकार चाहे जिनते दावे करे कि राजनीति का अपराधिकरण रोका जा रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि राजनीति में अपराधिक तत्वों का वर्चस्व अभी भी कायम है। यदि अभी भी इस मामले में गंभीर चिंता न की गई और राजनीति का अपराधिकरण रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान नहीं किए गए तो निकट भविष्य में हर चुनाव में बाहुबलियों और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों की बाढ़ आती रहेगी और मतदाताओं के सामने बुरे लोगों में से सबसे कम बुरे प्रत्याशि को चुनने की बध्यता बनी रहेगी ऐसे लोग जिनकी सही जगह जेल है वे प्रजातंत्र के पवित्र मंदिरों में विराजते रहेंगे और लोकतंत्र का मजाक उड़ाते रहेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने योग्य प्रत्याशियों का मानदंड भी कम रोचक नहीं है। 70 सदस्यी विधानसभा के लिए जो 672 उम्मीदवार मैदान में है उनमे से आधी से ज्यादा प्रत्याशि बारवी या उससे भी कम पढ़े है। 6 उम्मीदवार सिर्फ साक्षरता की जरूरत पूरी करते है वहीं 16 प्रत्याशी निरक्षर है। अब समय आ गया है कि चुनाव लड़नें के लिए भी शैक्षणिक योग्यता तय की जाए ताकि पढ़-लिखे लोग राजनीति में आ सके।

विचार

बजट: तकनीक के साथ

योगेश कुमार गोयल

आधुनिक जीवनशैली, नियमित व्यायाम न करना, भोजन की शुद्धता पर ध्यान न देना, प्रदूषित वातावरण इत्यादि कई ऐसे अहम कारण हैं, जो शरीर में कैंसर विकसित होने के प्रमुख कारक हो सकते हैं। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि आखिर यह है क्या? हमारे शरीर की कोशिकाएं जब अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से बढ़ने लगती हैं तो कोशिकाओं के समूह की उस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहते हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है और ऐसी स्थिति में कैंसर काफी घातक हो जाता है।

आम बजट 2020 में एक ऐसे आधुनिक भारत के निर्माण का स्वप्न झलकता है, जो दुनिया में विकसित हो रही नवीनतम तकनीक को हर स्तर पर अपनाने में सक्षम हो। आज विज्ञान और टेक्नॉलजी के निरंतर विकास के जरिए अनेक देशों ने अभूतपूर्व तरक्की की है। वहां के नागरिकों के जीवन में आमूल बदलाव आया है। भारत में भी जीवन के हर स्तर पर नई तकनीक, नए तरीकों को अपनाने की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसलिए इस बजट में तकनीक पर खास तौर से फोकस किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस संबंध में कई बड़े ऐलान किए हैं। जैसे सरकार अगले 5 सालों में क्वॉन्टम ऐप्लिकेशन पर 8 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। गौरतलब है कि क्वॉन्टम कंप्यूटिंग ऐसॉ टेक्नॉलजी है, जिसकी मदद से बड़े डेटा और इन्फॉर्मेशन को बहुत कम वक्त में प्रोसेस किया जा सकता है। इस नए प्रोसेसर की मदद से नई दवाओं की खोज से लेकर शहरों का मैनेजमेंट और ट्रांसपोर्ट जैसे काम आसान हो जाएंगे। सरकार ने पूरे देश में डेटा सेंटर पार्क बनाने का फैसला किया है। आंगनबाड़ी, पुलिस स्टेशन से लेकर बड़े-बड़े दफ्तरों को डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। एक लाख ग्राम पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड से जोड़ने की योजना है।

जाहिर है, इससे ग्रामीण भारत का डिजिटलाइजेशन हो सकेगा। इसका गांव के लोगों खासकर युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। सरकार का लक्ष्य है कि किसान खेती के पारंपरिक तरीकों से बाहर निकलें और कृषि कार्य में भी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करें। बजट में कुसुम योजना को जारी रखने का फैसला किया गया है। इसके जरिए किसानों को अपनी जमीन में सौर ऊर्जा उपकरण और पंप लगाकर सिंचाई करने की सुविधा मिलेगी। इसकी मदद से किसान अपनी भूमि पर सोलर पैनल लगाकर इससे बनने वाली बिजली का उपयोग खेती के लिए कर सकते हैं। उनकी जमीन पर बनने वाली बिजली से देश के गांवों में बिजली की अबाध आपूर्ति शुरू की जा सकती है। उद्योग एवं व्यापार के विकास के लिए ऑनलाइन कृषि मंडी 'ई-नाम' और सरकारी खरीद पोर्टल 'जेम' के लिए 27,300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शिक्षा का आधुनिकीकरण वर्तमान सरकार का प्रमुख लक्ष्य रहा है। सरकार जल्द नई शिक्षा नीति का ऐलान करेगी जिसके तहत देश में ऑनलाइन डिग्री लेवल प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक्स पर जोर दिया जाएगा और युवाओं को इस दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लैंड बैंक की जानकारी दी जाएगी। एक पोर्टल के जरिए वे सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनकी उन्हें जरूरत होती है। विज्ञान और तकनीक के विकास के लिए विश्वस्तरीय शोध, अनुसंधान और कौशल आधारित शैक्षणिक संस्थान खोले जाएंगे। इसके लिए शिक्षा में एफडीआई को बढ़ावा दिया जाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि तकनीक के जरिए सामाजिक-आर्थिक बदलाव का नया रास्ता खुलेगा।

बजट 2020 : वित्तीय मैनेजमेंट का रोडमैप

योगेश मिश्र

शिक्षा का क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता वाली सूची में है। सरकार ने इसके लिए इस बार 99300 करोड़ रुपए का बजट रखा है। शिक्षा के क्षेत्र में एफडीआई लाया जाएगा। राष्ट्रीय पुलिस यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी का प्रस्ताव भी मोदी सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है। स्किल को बढ़ावा देने के लिए सरकार तीन हजार स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाने जा रही है। सरकार स्टडी इन इंडिया प्रोग्राम भी शुरू करेगी। मार्च 2021 तक 150 नए इंस्टीट्यूट बनाए जाएंगे। रोजागर की बात करें तो सरकार का जोर कौशल विकास और स्वरोजगार पर दिखाई देता है। मोबाइल, सेमी कंडक्टर, इलेक्ट्रोनिक सामान की मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम से भी युवाओं को काफी फायदा होगा। यह सच्चाई है कि सरकारी नौकरियाँ अब बढ़ने वाली नहीं हैं। ऐसे में भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाए से ही रोजगार की समस्या से निपटा जा सकता है।

नरेंद्र मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल के पहले साल में अर्थव्यवस्था की कड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। बाजार सुस्त है। मांग बढ़ने का नाम नहीं ले रही। ऐसे में 2020-21 के बजट से बहुत अपेक्षाएं थीं। भले ही वित्त मंत्री ने सही दिशा में कदम बढ़ाएं हैं। लेकिन ये कदम बहुत फूँक फूँक के उठाए गए हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि बजट उसी तरह पेश किया गई जैसा कि होना चाहिए- इसमें आने वाले वित्त वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय प्लानिंग दिखाई गई है। बजट एक वित्तीय घोषणापत्र होता है। ठीक इसी तरह यह बनाया गया है। जैसा कि अन्य देशों में होता है, स्कीमों और योजनाओं को बजट में बहुत जगह नहीं दी गई है। वो तो कभी भी घोषित की जा सकती हैं। सरकार की मंशा अच्छी है, इसमें कोई संदेह नहीं। रोडमैप भी इसी को दर्शाता है.

बजट में पैसा खर्च करने में हाथ बहुत कम खोला गया है। इसी के चलते वित्तीय घाटा 2019-20 के बजट की तुलना में मात्र 0.5 फीसदी ज्यादा रखा गया है। वैसे सरकार ने ऐसा करते वक्त फ़िस्कल रेस्पॉन्सिबिलिटी एक्ट का पूरी शिद्दत से ध्यान रखा है। वैसे यह भी कह सकते हैं कि खर्चा बढ़ाने के लिए यदि निर्मला सीतारमण फ़िस्कल सीमाओं को लांघ भी जातीं तो कोई नुकसान नहीं होने वाला था। इस संदर्भ में यह जरूर कहना चाहिए कि वर्षों से मोदी सरकार राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग पर बने रहने के बारे में सख्त रही है। फ़ालतू खर्चों पर मोदी सरकार ने लगाम लगा कर राखी है। यह आगे भी रहेगा। यह साफ़ है। आर्थिक मंदी के कारण ढीली पड़ी मांग को बढ़ाने के लिए खजाने को थोड़ा ढीला करना उचित रहता। इस संदर्भ में वित्त मंत्री द्वारा फ़िस्कल रेस्पॉन्सिबिलिटी एक्ट के अंतर्गत रहते हुये फ़िस्कल डेफ़िसिट से निपटा गया है।

अब सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्च राजकोषीय घाटे से उत्पन्न होने वाले खर्च की गुणवत्ता अच्छी ही बनी रहे। यानी पैसा सोच समझ कर और सही काम पर खर्च किया जाए। यह सोच जिस तरह से वित्त मंत्री ने इन्फ्रा पर खर्चा तय किया है, उससे झलकती भी है। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार अब काफी कुछ काम जनभागीदरी के साथ करने जा रही है। चाहे स्वस्थ्य, शिक्षा, कृषि, रेलवे, हाइवे वगैरह तमाम काम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर किया जाएगा। यह सरकारी खर्चा कम करने और हर चीज में सरकार का हाथ होने की प्रवृत्ति से हटने का मार्ग है। ऐसा होना भी चाहिए। किसी जमाने में सरकार ब्रेड, कोल्ड ड्रिंक बनाने से लेकर हवाई जहाज बनाने में हाथ डाले हुई थी। खैर, अब उससे हम काफे आगे आ चुके हैं। लेकिन फिर भी सरकार का काम सीमित करने की जरूरत है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा देना ही चाहिए। रेलवे के बारे में भी सरकार इसी दिशा में चल रही है। इसी क्रम में वित्त मंत्री ने 150 प्राइवेट ट्रेनों की बात की है। एक बात जो काफी सकारात्मक और महत्वपूर्ण है वह एग्रिकल्चर के क्षेत्र में ग्रोथ के लिए सोलह सूत्रीय प्लान। राज्य स्तर पर कृषि क्षेत्र में भूमि पट्टे, अनुबंध खेती और उत्पाद विपणन के लिए संरचनात्मक सुधार बड़े उपाय हैं।

मोदी सरकार ने पिछले कार्यकाल में जोर शोर से ऐलान किया था कि उनकी सरकार 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह संकल्प इस बार के बजट में काफी प्रदर्शित भी किया गया है। केंद्र ने कृषि सम्बन्धी कई कानून बना रखे हैं जिससे कृषि बाजारों का उदारीकरण हो सके, खेती और ज्यादा अधिक प्रतिस्पर्धी बने, कृषि में तकनीकी का इस्तेमाल बढ़े, कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को बढ़ावा मिले इत्यादि। केंद्र ने मॉडल कानून बना रखे हैं जिसमें 2016 के मॉडल कृषि लैंड लीजिंग एक्ट, मॉडल कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन अधिनियम 2017 और मॉडल कृषि उपज और पशुधन अनुबंध खेती और सेवा संवर्धन और सुविधा अधिनियम 2018 है। अब केंद्र सरकार राज्यों को इन मॉडल कानूनों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेगी जिससे बदलाव आने की उम्मीद की जा सकती है।

सरकार ने खेती किसानी के लिए सोलह बिन्दुओं का संकल्प पेश किया है जो स्वागत योग्य है। इसमें किसानों को सोलर पंप स्थापित करने में मदद, एक राष्ट्रीय कोल्ड सप्लाई चेन का निर्माण होगा, किसान ट्रेन और किसान उड़ान का संचालन, ब्लाक स्तर पर वेयरहाउस का निर्माण जैसी चीजें शामिल हैं। बाजार में मांग बढ़ाने के लिए जरूरी है कि लोगों की जेब में पैसा आये। इसके लिए वित्त मंत्री ने सिर्फएक बात की है - इनकम टैक्स स्लैब और दरों में बदलाव। कोशिश की गयी है कि टैक्स कम होगा तो लोगों के पास पैसा आयेगा जिससे उनकी खरीदी बढ़ेगी। आईडिया बहुत सिम्पल है, लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि 2017-18 में 6.86 करोड़ लोगों ने इन्कम टैक्स दिया था। इनमें भी 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने शून्य टैक्स दिया। भारत की जनसंख्या यदि 130 करोड़ मानी जाये तो मात्र 3.7 फीसदी जनता इन्कम टैक्स देती है। कहने का मतलब यह है कि इन्कम टैक्स रियायत के जरिये मांग और उपभोग बढ़ाने की संभावनाएं सीमित हैं।

इन्कम टैक्स से जुड़ी एक बात और है कि टैक्स रियायत के लिए विकल्प छोड़ा गया है। लोग टैक्स बचाने के लिए दीर्घकालीन बचत करते हैं। अब ऐसी बचतों की कीमत पर मांग बढ़ाने का प्रस्ताव है। जान लीजिये कि दीर्घकालीन बचतें अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। सरकार का जोर 'वेलनेस' यानी अच्छी सेहत पर भी है।हर जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कालेज बनाने का इरादा है, बात अच्छी है। पीपीपी तरीके से ये काम होगा ।लेकिन सरकार अपना खर्चा मेडिकल उपकरणों पर टैक्स बढ़ा कर निकालेगी। टैक्स बढ़ने से इलाज महँगा होगा।

वित्त मंत्री ने नौकरियों की तैयारी में जुटे युवाओं के दिल को खुश करने का बड़ा ऐलान किया है। अब सभी नॉन गजटेड पदों पर भर्ती के लिए एक नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी का गठन किया जाएगा। वित्त मंत्री का ऐलान एक बड़ा कदम है क्योंकि देश में नौकरियों को लेकर हमेशा भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रहती हैं। माना जा रहा है कि मोदी सरकार के इस कदम से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं नौकरी पाने में कामयाब होंगी। भ्रष्टाचार की शिकायतें दूर करने में मदद मिलेगी। नौकरी की परीक्षा हर जिले में ऑनलाइन तरीके से आयोजित की जाएगी। यह सच्चाई है कि सरकारी नौकरियाँ अब बढ़ने वाली नहीं हैं। ऐसे में भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाए से ही रोजगार की समस्या से निपटा जा सकता है।

बहरहाल, कुल मिला कर यह साफ़ है कि सरकार की प्राप्तियाँ बढ़ नहीं रही हैं सो टैक्सों से इतर राजस्व जुटाने की ज्यादा कोशिश है जो 2.1 लाख करोड़ के विनिवेश लक्ष्य से साफ झलकता है। आर्थिक मंदी के संदर्भ में 2020 एक सामान्य वर्ष नहीं है। मांग को प्रोत्साहित करने में सर्क्जार बजट के रोड मैप में आगे बढ़ते हुए क्या क्या करेगी ये देखने वाली बात होगी।किसी भी बजट का मूल्यांकन बजट पेश होने से नहीं किया जाना चाहिए। बजट मूल्यांकन के लिए ज़रूरी है कि साल भर तक इंतज़ार किया जाये। साल भर बाद ही पता चल पाते है कि बजट में कहीं बातें पूरा करने में सरकार कितनी दूरी तय कर पाई है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो टूल बजट में अपनाये गये हैं। वह कितने कारगर हुए। मुझे पिछले कई बजटों की घोषणाएं व उनकी प्राप्तियों की सच्चाई पता है। आप अभी इसे पलट कर देख सकते है। यह सभी सरकारों के बजट में आसानी से देखा जा सकता है।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

कैंसर: कारण, लक्षण और निदान

'कैंसर' एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों के पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। दरअसल परिजनों को अपने परिवार के उस सदस्य को हमेशा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन अगर इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि वर्ष 2020 तक कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ की संख्या को भी पार कर जाएगी। हालांकि कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है।

दुनियाभर में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस

बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। दरअसल कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसी उद्देश्य से दुनियाभर में लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल कैंसर आज न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में एक ऐसी भयानक बीमारी बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसके मरीजों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है तथा लाखों लोग हर साल इस बीमारी के कारण बेमौत मारे जा रहे हैं। इसी वजह से वर्ष 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया ताकि लोगों को इस भयानक बीमारी से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सके और ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके।

दरअसल कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके बारे में जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इस बीमारी का इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र ही लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च बहुत कम हो जाता है लेकिन इसकी पहचान अगर विकसित दशा में होती है तो उपचार की लागत कई गुना बढ़ जाती है। कैंसर के तीसरे या चौथे चरण में पहुंच जाने की स्थिति में मरीज का इलाज मुश्किल हो जाता है और खर्च भी अपेक्षाकृत काफी बढ़ जाता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किताब हुये ढेर

किताब हुये ढेर थे शब्द भी थे मरे नंग-धड़ंग भूत प्रेत हा हू ही हा जा आ रहे थे भाव की भूमि अब वीरान हुयी जा रही पोपली पिचकारी हँसी विमोचित हुयी जा रही तिलांजली की बेला में नवगीत कौन गा रहा दूर हट,भाग चल जीवन अभी बुला रहा।

- शेश अमित

तुम्हारी आँख के पर्दे

तुम्हारी आँख के पर्दे पे लिखा देखा है किसी के वास्ते एलाने वफ़ा देखा है तुम्हारे साथ मे सब कुछ नया सा दिखता था तुम्हारे बाद में हमने नया क्या देखा है ? तुम्हारी ज़िंदगी में कितनी सारी दिक्क़त हैं तुम्हारी ज़िंदगी को मैंने जया देखा है।

- जया पाटिल

खास पाती | अंधियारे एकान्त में सुनसान

अंधियारे एकान्त में सुनसान चैराहे के बीचों-बीच खड़ा आदमी मद्धिम चाँदनी को विलुब्ध नेत्रों से देखता है घड़ी के काँटों की टिक-टिक रह-रहकर उसे सताती है, डराती है, बरगलाती है, धमकाती है और एकाएक बोल पड़ती है किः तुम्हें तो वक्त ने भी अपना मित्र बनाने से निषिद्ध कर दिया है तुम उसके हाथों की महज कठपुतली हो दुःख की आँधी में तुम तो एक बार में ही सहम जाओगे थर-थर काँपोगे आँखें मूंदकर मन ही मन यह मनाओगे कि- काश यह सिर्फ़एक बुरा सपना ही हो।

- अनुभूति गुप्ता

स्मृतियों के भोजपत्र से शब्द

स्मृतियों के भोजपत्र से शब्द चुराती रही जिन्दगी। ऐसा बैसा अगर मगर कर अर्थ दुराती रही जिन्दगी।। जीवन की शीतल राहों को नित दहकाती रही जिन्दगी। एक आस विश्वास जगाकर मन बहकाती रही जिन्दगी।। सुख की शीतल अवराई में जब इठलाती दिखी जिन्दगी। दुख की काली छाया बनकर उसे छलाती रही जिन्दगी ।। तेरा मेरा करते करते स्वप्न दिखाती रही जिन्दगी। हँसते रोते पल पल छिन छिन श्वांस चुराती रही जिन्दगी।।

- देवयानी भारद्वाज

कल तक जिन्हें राष्ट्रगान व वंदे मातरम

कल तक जिन्हें राष्ट्रगान व वंदे मातरम गाने मे घोर आपत्ति थी आज उनके प्रदर्शनों मे जहां तक देखो तिरंगा ही तिरंगा दिखाई दे रहा है । समझने की कोशिश करें तो बात समझ मे आ जाती है । तिरंगा लहराना तो बस बहाना है बाकी अपना ऐजेन्डा है ।- एल.एस. बिष्ट

मुहब्बत का क्या गजब है एहसास

मुहब्बत का क्या गजब है एहसास मुस्कुराहट और आंसू दोनो एक साथ रूह थी तुम थे या थे कुछ ज़ज्बात गजब का एहसास था और थी बरसात दस्तक दे रही थी उम्मीदें बंध रही थी आस धड़कन बढ़ रही थी बिखर रहे थे ज़ज़्बात नजरें तलाश रहीं थीं लम्स के निशां वो लम्हें गुज़िश्ता हुए थी खूवाबों में मुलाकात काश के वो लम्हा आये जब हों हम तुम साथ गवाह बनें चाँद जब हो मिलन की वो सुहानी रात।

- डेज़ी जायसवाल

वामपंथ हमे जातिवाद के आधार पर

वामपंथ हमे जातिवाद के आधार पर उस मनुस्मृति और ब्राह्मणों से घृणा तो सिखाता है जिसने सभ्यता के ब्लू प्रिंट दिये। पर उस मुगल साम्राज्य के प्रति निष्ठावान बनाना चाहता है जिन्होंने हमारे अपनो की लाशों के ढेर लगाए। ये कैसा दोगलापन है।

- कुलदीप वर्मा

तुझमे मैं मुझमें तू , मधुमास धड़कते यूं

तुझमे मैं मुझमें तू , मधुमास धड़कते यूं। अंदर और बाहर पतझड़ का अंत रोम रोम मेरे सन्त, अन्तर्मन हुआ बसंत । तन सेवंती लब सुर्ख पंखुड़ी कपोल खिली खिली तन मन हो जाए ज्वलन्त । बना रहे साथ जीवनपर्यंत यही है मेरी अपनी बसन्त ।- सुरेश वैष्णव

कितने खूबसूरत हैं ना ये हरसिगांर

कितने खूबसूरत हैं ना ये हरसिगांर के नाजुक से फूल मानो तुम्हारी कविता के एक एक शब्द जो कभी लिखे थे तुमने हमारी चाहत में अनगिनत वादों के साथ ढेरों ख्वाबों के साथ।

- सरिता सैल

लघु कथा-कंजूस

कवि रत्नाकर 'हँसोड' ने एक प्यारा- सा गीत एक सप्ताह का समय लगाकर लिखा।एक ड्ड एक शब्द को तराशा,चमकाया।उनकी मेहनत रँग लाई। गीत बना भी बड़ा प्यारा-शिल्प और भाव दोनों ही दृष्टियों से।उन्होंने एक बार अपने गीत पर मुग्ध दृष्टि डाली और फिर उसे गुनगुनाने लगे। उनके घर के पास से गुज़र रहे प्रधान जी ने गुनगुनाते सुन लिया,बोले- भाई हँसोड जी क्या गा रहे हैं? हमें भी तो सुनाइए। हँसोड जी ने गीत गाकर सुनाया तो सभी झूम उठे।तब तक हँसोड जी के घर के आगे गाँव के कई लोग इकट्ठे हो चुके थे।सबने गीत की मुक्त कंठ से सराहना की और चले गए। हँसोड जी ने सोचा कि अब इस गीत को फेसबुक समूह 'गीतमाला' पर पोस्ट करता हूँ। हँसोड जी ने गीत के ऊपर लिखा ड्ड समूह के पटल पर मेरा पहला प्रयास-और नीचे अपना गीत पोस्ट कर दिया।कुछ देर बाद पहला कमेंट आया- वाह। हँसोड जी अपनी प्रकृति के विपरीत उदास ड्ड सा चेहरा लेकर बैठ गए और सोचने लगे कि क्या गीत सच में 'वाह' लायक ही था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1620 - हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1783 - इटली के कैलब्रिया में आये भीषण भूकंप में 50 हजार लोग मारे गये। 1797 - इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये। 1847 - मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी। 1881 - लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक आया था। 1895 - अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ। 1920 - लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू। 1924 - महात्मा गांधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।

पेंड्रा मैराथन में जमकर दौडे प्रतिभागी, हेमवती और प्रमोद ने जीती बाजी

फोटो क्र 04,05,06

बिलासपुर । पेंड्रा मैराथन 2020 का भव्य आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन 2 फरवरी को प्रातः 8 बजे फिजिकल कॉलेज के मैदान के गेट से प्रारंभ हुई और इंदिरा उद्यान मार्ग से होती हुई लटकोनी से गिरारी होते हुए वापस प्रारंभिक स्थान पर समाप्त हुई । महिला को 2.5 किलोमीटर के मार्क लटकोनी से जबकि पुरुष को 5 किलोमीटर के मार्क गिरारी से लौटकर दौड़ पूरी करनी थी। इस मैराथन दौड़ में लगभग 300 लोगो ने हिस्सा लिया जिसमें बच्चो से लेकर बड़ो तक हर कोई दौड़ में शामिल हुआ और पेंड्रा का मैराथन के लिए एक अलग ही माहौल बना और सबकी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी हुई । महिला वर्ग में क्रमशः पहला हेमवती दूसरा ज्योति तीसरा कल्पना चौथा पुष्पा पांचवा गोमती छठवा भारती सातवा पूजा आठवा मिथलेश नौवा मीनाक्षी और दसवा स्थान मंजुला ने पाया इसी तरह पुरूष वर्ग में पहला प्रमोद दूसरा रवि तीसरा आशिष चौथा ज्ञान सिंह

पांचवा रविंद्र सिंह छठवा सुपेत सिंह सातवा सदन सिंह आठवा महेंद्र नौवा इंदल और दसवाँ स्थान संजय कैवर्त ने हासिल किया । सभी विजेता खिलाडी को स्मृति स्वरूप मेडल और पुष्पाहार से सम्मानित किया गया और उनके पुरुस्कार की राशि उनके खाते में अंतरित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी जमकर जीतने वालो बच्चों की हौसला अफ्जाई की और हजारों रुपये के नगद पुरुस्कार बच्चो को दिये । कार्यक्रम में दौड़ पर विशेष तौर से आकर्षण रहा एक एकलव्य के 12 वर्षीय बच्चे ने रेस पूरी की और उसे भी पुरुस्कार दिया गया हैं।

फिजिकल कालेज के व्याख्याता संजय कैवर्त ने हिस्सा लिया और दसवा स्थान भी हासिल किया हैं। नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने भी रेस में हिस्सा लेकर धावकों का उत्साहवर्धन किया । गौटियांन पारा पीथमपुर की 45 वर्षीय शिक्षिका ने भी रेस में हिस्सा लेकर रेस पूरा करते हुए बच्चो को मोटिवेट किया उनको भी विशेष पुरुस्कार दिया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन सुल्तानिया राकेश जालान रामावतार सोनवानी राजा उपेंद्र बहादुर सिंह राम जी श्रीवास सौरभ सुल्तानिया नितिन छाबरिया राकेश चतुर्वेदी टीका दास मराबी सब इंस्पेक्टर एन एस खुटिया शरद अग्रवाल अखिलेश नामदेव डी एस दाऊ विक्रांत सिंह अमरीक सिंह राजेश यादव प्रदीप यादव सतीश यादव संजय कैवर्त दीपक राजवाड़े रत्नेश तिवारी मोहन धुर्वे सुनील मानिकपुर संतोष ठाकुर उज्ज्वल तिवारी सुकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में दर्शक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी तिर्की जी के देखरेख में थाना पेंड्रा की पूरी टीम अपने पायलेटिंग और सुरक्षा के लिए जबकि डॉ देवेंद्र पैकरा के देखरेख मंल स्वास्थ्य विभाग की टीम एम्बुलेंस के साथ एवं हॉस्पिटल ब्लड मेडिसिन ग्रुप की एम्बुलेंस भी मेराथन के दौरान धावकों के आगे पीछे मौजूद रही हर तरह की तैयारियों के साथ । कार्यक्रम सफ्ल बनाने के लिए फिजिकल कालेज के प्राचार्य और युवा कॉलोनी सपोर्टिंग पेंड्रा का भरपूर सहयोग मिला।

अमृत मिशन के कर्मचारी हड़ताल पर, काम प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। नगर निगम के सबसे प्राथमिकता वाले काम अमृत मिशन योजना का हाल बेहाल है। ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को भुगतान नहीं करने के कारण उनका वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम रुक गया है। इसी तरह शहर में खोदाई के बाद सड़क का रेस्टोरेशन तय समय में नहीं होने से लोगों की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है ।

शहर को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई अमृत मिशन योजना ठेकेदार की लापरवाही की भेंट चढ़ रही है, जबकि इस योजना को निगम के अधिकारी अपनी प्रथम प्राथमिकता वाली बता रहे हैं। ठेकेदार द्वारा मजदूरों को तय समय पर मजदूरी नहीं दी जा रही है। इससे उन्होंने काम बंद कर दिया है। अब अधिकारी इसे फिर से शुरू कराने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह शहर में भी ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद उसकी टेस्टिंग में लापरवाही बरती जा रही है। जांच नहीं होने का बहाना बनाकर सड़क रेस्टोरेशन का काम रोक दिया गया है। इससे लोग भी विरोध में खड़े हो गए हैं। अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही की भेंट फिर एक बड़ी योजना चढ़ रही है। केवल शहर ही नहीं खूंटाघाट तक पाइप लाइन बिछाने के काम में भी लापरवाही बरती जा रही है। बहुत धीमी रफ्तार से पाइप डालने के कारण अब तक लाइन खूंटाघाट बांध तक नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में तय समय में काम पूरा होना मुश्किल है। गौरतलब है कि शहर में हर साल गर्मी के दिनों में पेयजल संकट की स्थिति खड़ी हो जाती है। क्योंकि यहां पेयजल सिस्टम भू-जल पर आधारित है। गर्मी में जैसे ही जलस्तर नीचे जाता है,वैसे ही पेयजल संकट खड़ा हो जाता है। इस समस्या का एक ही हल है कि सतही पानी का उपयोग पेयजल के लिए किया जाए। इसके कारण 300 करोड़ रुपये की अमृत मिशन योजना शुरू की गई। जनता से सीधे जुड़े इस प्रोजेक्ट में भी लापरवाही के कारण लोगों को आने वाले कई सालों तक इसी तरह पानी के लिए तरसना पड़ सकता है।

चारो तरफ सीवरेज की तरह कर दिए खुदाई

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन 18 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की नियुक्ति की जायेगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद हेतु वार्ड क्रमांक 65, 60 एवं सहायिका के पद हेतु वार्ड क्रमांक 34, 15 एवं 46 के 3 पद के लिये 4 फरवरी से 18 फरवरी 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है। इच्छुक आवेदनकर्ता 10.30 बजे से 5.30 बजे तक बंद लिफाफा में अथवा पंजीबद्ध डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

समिति के सदस्यों की भूख हड़ताल

- हवाई सेवा की मांग को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन के 100 दिन
- केक काटा..फिर देशभक्ति गीतों ने बांधा समां

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। बीते 26 अक्टूबर को प्रारंभ हुए हवाई सेवा अखंड धरना आंदोलन के आज 100 दिन पूरे हो गए। इस मौके पर समिति के 10 सदस्यों ने भूख हड़ताल करते हुए केंद्र सरकार को चेतावनी दी, कि बिलासपुर की मांग को शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। गौरतलब है, कि बिलासपुर से महानगरों तक सीधी हवाई सेवा की मांग को लेकर अखण्ड धरना आंदोलन किया जा रहा है, राघवेन्द्र राव सभा भवन में आयोजित इस धरना प्रदर्शन को आज 100 दिन हो गए, इस दौरान आंदोलन ने कई पड़ाव पार किए हैं, आंदोलन के एक माह पूरा होने पर गांधी चौक से नेहरू चौक तक वृहद मौन रैली निकाली गई। 2 माह बीत जाने पर समिति ने धरना स्थल से रिवर व्यू तक कैंडल मार्च का आयोजन किया था। 75 दिन होने पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा की गई थी।

कैंसर परीक्षण, परामर्श परीक्षण व बचाव की दी जाएगी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । राष्ट्रीय कैंसर दिवस 4 फरवरी 2020 के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग गैर संचारी रोग कार्यक्रम के तहत कैंसर रोग की परीक्षण एवं परामर्श व बचाव के उपाय की जानकारी जन सामान्य को प्रदान करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार के प्रभावी साधनों का उपयोग करते हुए जिला एवं विकासखंड स्तर पर समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक कैंसर स्क्रीनिंग एवं परामर्श शिविर के माध्यम से कराया जायेगा। प्रदेश में मुख्य रूप से बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर एवं पुरूषों में बहुतायत रूप में तंबाकू युक्त पदार्थ का सेवन से मुख कैंसर रोग व्याप्त है। प्रदेश में राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रारंभ है एवं कैंसर बचाव पर प्रयासरत है। राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के तहत जनसंख्या पर आधारित पंजीकरण के हिसाब से पुरूषों को मौखिक, फेफड़े, ग्रास नलिका और पेट के कैंसर के होते है और महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा, स्तन और मौखिक गुहा के कैंसर के संकेत मिलते हैं। भारत में कैंसर के कारण मृत्यु का प्रतिशत 50 प्रतिशत है। इस अवसर पर निःशुल्क कैंसर परीक्षण, मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण एवं परामर्श शिविर के माध्यम से किया जायेगा।

ट्रेन के ऊपर चढ़कर सेल्फी ले रहा युवक ओएचई तार की चपेट में आया, मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बेलगहना रेलवे स्टेशन में खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़कर मोबाइल से सेल्फी ले रहा किशोर ओएचई तार के करेंट की चपेट में आ गया। बुरी तरह से झुलसने पर उसे सिम्स में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई है ।

मिली जानकारी के मुताबिक तखतपुर क्षेत्र के ग्राम हरदी निवासी धनराज बघेल पिता उत्तम बघेल (16) 29 जनवरी को अपने बड़े पिता व अन्य परिचित के साथ पंथी नृत्य कार्यक्रम में शामिल होने बेलगहना के पास गांव गया था। वहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सभी गांव लौटने के लिए बेलगहना रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में डीजल इंजन वाली ट्रेन खड़ी थी। धनराज अपने मोबाइल से सेल्फी लेने के लिए इंजन के पास गया। इसके बाद वह ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। दरअसल, धनराज डीजल इंजन को देखकर भूल गया कि ऊपर ओएचई तार में करेंट प्रवाहित हो रहा है। इसके चलते वह डीजल इंजन में चढ़कर मोबाइल से सेल्फी लेने लगा। करेंट की चपेट में आने से किशोरी बुरी तरह से झुलसकर बेहोश हो गया। इस पर परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। तब से सिम्स के बर्न यूनिट में उसका इलाज चल रहा था। रविवार को उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

दंडित बंदी की मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच करेंगे सिटी मजिस्ट्रेट

बिलासपुर । केन्द्रीय जेल बिलासपुर में दंडित बंदी फिरू उर्फ फिरत आत्मज बालाराम उम्र लगभग 86 वर्ष जाति चैहान निवासी कमरीद, थाना-पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ की उपचार के दौरान 6 जनवरी 2020 को प्रातः 3:06 बजे सिम्स अस्पताल बिलासपुर में मृत्यु हो गई है। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती अंशिका ऋषि पाण्डेय द्वारा दण्डाधिकारी जांच की जायेगी। जांच के बिन्दु बंदी क्या जेल दाखिल होने के पूर्व से किसी बीमारी से पीड़ित था अथवा जेल दाखिल होने के पश्चात उसे बीमारी हुई? बंदी को किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई? बंदी को उपचार के दौरान दी गई चिकित्सा पर्याप्त थी अथवा नहीं? चिकित्सा का ब्यौरा दिया जाये।

मनीष दत्त को सम्मानित करने शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

- समाज सामुदायिक भवन के प्रथम तल निर्माण का भूमिपूजन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रविवार को इंदिरा विहार प्रदर्शनी भवन में काव्य भारती संस्था द्वारा मनीष दत्त सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर रामशरण यादव थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रम बहुत ही व्यवस्थित और सुसज्जित तरीके से किया गया है। उन्होंने काव्य भारती विद्यापीठ की स्थापना के लिए शासन को पत्र लिखने और श्री दत्त को पद्मश्री से सम्मानित करने शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि श्री दत्त के सम्मान से शहर ही नहीं प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरा देश का सम्मान होगा, क्योंकि उनके इस संस्था से पढ़े हुए बच्चे आज फिल्म जगत ही नहीं पूरे देश में नाम रोशन कर रहे हैं। यह शहर और देश के लिए गौरव की बात है। इससे पूर्व विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में गीत संगीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सामाजिक कार्यों के लिए बेहतर मिलेगी सुविधा रविवार को विधायक शैलेश पांडे, मेयर, रामशरण यादव, सभापति शेख नजीरुद्दीन द्वारा वार्ड क्रमांक 21 में सूर्यवंशी समाज सामुदायिक भवन के प्रथम तल निर्माण का भूमि पूजन किया गया। 8 लाख की लागत से सामुदायिक भवन के प्रथम तल का निर्माण होगा। इस दौरान अतिथियों ने भवन के निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रम करने पर बेहतर सुविधा मिलने की बात कही। कार्यक्रम में पार्षद भरत कश्यप एवं पूर्व पार्षद काशीराम रात्रे सहित मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बिलासपुर सांसद अरुण साव दिल्ली में कर रहे प्रचार

बिलासपुर। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा आयोजित जनसम्पर्क अभियान में शामिल हो बिलासपुर सांसद अरुण साव भाजपा प्रत्याशी के लिए छत्तीसगढ़िया वोटरों से वोट मांग रहे है । श्री साव ने दिल्ली कैंट से भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने संजय कैम्प व रेलवे कॉलोनी में निवासरत् छत्तीसगढ़ से जुड़े मतदाताओं से संपर्क किया। मालूम हो कि इस क्षेत्र में निवासरत् छत्तीसगढ़ वासियों में से लगभग 600-700 वोटर बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के ही मूल निवासी हैं । सांसद साव छत्तीसगढ़ी में वोट मांग रहे हैं।

राज्य महिला आयोग द्वारा सुनवाई 13 को

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं सदस्य श्रीमती खिलेश्वरी किरण द्वारा बिलासपुर जिले में महिलाओं से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई 13 फरवरी 2020 को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष मंथन में की जायेगी।

बृहस्पति बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने बंद रखी दुकानें, नागरिकों को भटकना पड़ा

- सड़क पर दुकान लगाकर सब्जी बेचने वालों का विरोध

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। शहर के बहुत बड़े इलाके में रहने वाले दर्जनों मोहल्लों के नागरिकों को आज सोमवार की सुबह सब्जियों के लिए तरसना पड़ गया। शहर का सबसे प्रमुख और व्यवस्थित सब्जी बाजार बृहस्पतिबाजार आज सुबह से पूरी तरह बंद था। और वहां किसी को कोई सब्जी नहीं मिल रही थी। अचानक बाजार बंद कर दिए जाने से लोग सब्जियों के लिए तरसते भटकते रहे। दरअसल इस बाजार में सब्जी बेचने वालों का, बाजार के बाहर सड़क किनारे जमीन पर बैठकर सब्जी बेचने वालो से विवाद चल रहा है।

बाजार के भीतर चबूतरे पर बैठकर सब्जी बेचने वालों का कहना है कि सड़क पर बैठकर सब्जी बेचने वालो के कारण लोग बाजार के भीतर नहीं आ पाते और वे बाहर ही बाहर सड़क किनारे बैठे सब्जीवालों से ही सबजी खरीदकर लौट जाते हैं। इससे बाजार में चबूतरों पर बैठकर सब्जी बेचने वालो को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिये वे नहीं चाहते कि सड़क किनारे बैठकर कोई स्क़ब्जी बेचने की दुकान लगाए।इसी बात को लेकर बृहस्पतिबाजार सब्जी व्यापारी संघ का रविवार की शाम को उन सब्जी विक्रेताओं से विवाद भी हुआ था। और बात सिविल लाइन थाने तक भी गई थी। इनके साथ पार्षद शहजादी कुरेशी भी गई थी। वहां दोनों पक्षो में सुलह-शांति करा कर समझाइश दे दी गई थी। इसके बाद आज सुबह फिर सब्जी बाजार के पदाधिकारियों और सड़क किनारे जमीन पर बैठकर सब्जी बेचने वालों के बीच जमकर विवाद हुआ और मारपीट तक कि नोबत आ गई थी। इस्के विरोध में बृहस्पतिबाजार सब्जी व्यापारी संघ ने आज सब्जी बाजार बंद कर दिया। जिसके कारण इन पंक्तियों के लिखे जाने तक (दोपहर तीन बजे तक) सब्जियां नही मिल रही हैं। *वीआईपी बाजार हो गया है बृहस्पति बाजार ये बात प्रसिद्ध हो चली है कि बृहस्पत बाजार में सबजी बहुत महंगे में बिकने के कारण लोग के बीच इसे बिलासपुर का वीआईपी सब्जी बाजार कहा जाने लगा है।

दरअसल बृहस्पति बाजार में भीतर चबूतरों पर बैठकर सब्जी बेचने वाले अधिकांश लोग सब्जी व्यापारी हैं जो तिफरा की थोक मंडी से सब्जी खरीदकर उसे डबल से भी अधिक रेट में फुटकर में बृहस्पति बाजार में लोगो को बेचकर मुनाफा कमाते है। मसलन तिफरा मंडी में 5 रुपये किलो की दर पर मिलने वाली कोई सब्जी बृहस्पति बाजार में 10 से लेकर 14-15 रुपये तक मे बिकती है। गांव के किसानो को सड़क से भी भगाया जा रहा है वहीं बृहस्पतबाजार के बाहर सड़क किनारे बैठकर सब्जी बेचने वाले अधिकांश लोग सब्जी व्यापारी नही वरन सब्जी उत्पादक किसान हैं। वे रोज यहां नहीं आते। जिस दिन जिस किसान की सब्जी टूटती है।

उस दिन वह इसे लेकर यहां आ जाते हैं और सड़क किनारे बैठकर सब्जी बेचते है। अगर ये किसान थोक मंडी जाते है तो वहां उंनहे काफी कम कीमत पर अपनी सब्जी बेचनी पड़ती है।

आईएएस अफसरों ने सुको में दाखिल किया रिव्यू पीटीशन

- मामला समाज कल्याण विभाग में एक हजार करोड़ के घोटाले का

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । एक हजार करोड़ के घोटाले को लेकर चर्चित समाज कल्याण विभाग का नाम देश प्रदेश में सुर्खियों में है । घोटाले मामले में हाईकोर्ट द्वारा सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने और अफसरों की रिव्यू पिटीशन में भी सख्ती को देखते हुए आईएएस अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दिए हैं साथ ही वकील के मार्फत आग्रह किया गया है कि अतिशीघ्र सुनवाई करें। चर्चित समाज कल्याण विभाग घोटाले मामले में हाईकोर्ट की सख्ती को देखते हुए आईएएस अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल कर दिए हैं। साथ ही मार्फत वकील आग्रह किया गया है कि अतिशीघ्र सुनवाई करें। जल्दी इसलिए चाह रहे हैं क्योंकि हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी एक निश्चित समय सफ्ताह भर का दिया है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आईएएस और पूर्व आईएएस अफसरों का कहना है कि एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने के पहले उन्हें कोई नोटिस नहीं मिली। फिर राज्य श्रोत संगठन में वे पदेन सदस्य थे। संगठन के क्रियाकलापों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।अफसरों के वकील इस बात पर भी सवाल उठा रहे कि पिछली सरकार ने माना कि इस मामले में गड़बड़ी हुई है तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। जिनका नाम आज लिया जा रहा है उन्हे नोटिस देकर पूछना चाहिए था कि इसमें उनकी क्या भूमिका है। नोटिस अगर दी गई होती तो अधिकारियों का पक्ष रखने का मौका मिल गया होता। राज्य में इस मामले को लेकर राजनीति ही नहीं बल्कि प्रशासनिक महकमे में भी भारी गहमागहमी है।

आदर्श नवयुवक मंडल का 38वां वार्षिक उत्सव समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न

■ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। खेल सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में अंचल की अग्रणी संस्था आदर्श नवयुवक मंडल ग्राम बोदेला का 38 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था द्वारा खेल सांस्कृतिक एवं शिक्षा व सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित भी किया गया।

सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना कर जन गण मन राष्ट्रीय गान व राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में लक्ष्मी साहू, दीक्षा साहू, एकृति वर्मा, खुशबू, नम्रता, दिव्या, मुकेश, चूड़ामणि, रोशनी, रीना, गायत्री, दिव्या, राजा, माधुरी, योगिता आदि ने भाग लिया। संस्था द्वारा प्रतिभा सम्मान के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए गोपी सम्मान हेमंत साहू, समाज सेवा टीकम साहू, कृषि के क्षेत्र में डोमन साहू व उच्च शिक्षा के लिए मंजू साहू को सम्मानित किया गया। कक्षा 9वी में देविका साहू, दसवीं में दुष्यंत साहू और डिलीशा साहू, 11वीं में चिंटू निषाद, 12वीं में चंदन को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

संस्था के संयोजक अमरनाथ साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष हेमंत साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिव टीकम साहू ने किया। कार्यक्रम में गुलाब वर्मा, देवेंद्र लिल्हारे, मंथिर पटेल, सुखदेव साहू, प्रताप दास वैष्णव, दुष्यंत वर्मा, आशीष वर्मा, कुलदीप साहू, पूनम साहू, दिलीप साहू, राम प्रसाद साहू, अश्वनी लिल्हारे, एकेश साहू, देवनाथ साहू, गिरजा वर्मा, गंगोत्री श्रीवास, पिंकी साहू, नमिता साहू, कामिन साहू, प्रभा वर्मा, हेमलाल साहू, राजेंद्र लिल्हारे, देवा साहू, कृष्णा वर्मा, नरेश यादव, दुर्गा साहू आदि प्रमुख जन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

नपाध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष कौशिक से की भेंट

महासमुंद। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के जन्मदिन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कौशिक ने नपाध्यक्ष चंद्राकर से नगर पालिका एवं पार्टी गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही लोक हित पर कार्य करने की बात कही। इस दौरान सभापति संदीप घोष, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष वर्मा, मोहन मदनकार, लालू यादव, रिकेश यादव, अमन मक्कड़ आदि मौजूद थे।

शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

महासमुंद। गुप्त नवरात्र पर मां महामाया मंदिर में 24 जनवरी से चल रहे देवी भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे शहरवासी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। जजमानों और पुरोहितों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत हुआ। लोगों ने आरती उतारी। शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया, प्रसाद वितरण किया। साहू कॉफी हाउस के सामने भाऊराम साहू ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

बांध में मिली युवक की लाश

महासमुंद। बांध की ओर चिड़िया पकडऩे गए युवक की लाश शनिवार को बांध में तैरती पाई गई। बसना थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नरसिंहपुर निवासी शशि भोई पिता निधि भोई(45) की लाश को जर्रा बांध से गोताखोरों ने निकाला। बसना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। बसना थाना प्रभारी के अनुसार मृतक 31 जनवरी को चिड़िया पकडऩे के लिए बांध की ओर गया फिर नहीं लौटा। पुलिस ने जानकारी मिलते ही नरसिंहपुर स्थित जर्रा बांध में तलाश शुरू कर दी। खोजबीन करने पर कपड़ा और चप्पल बांध के बाहर मिला। घंटों तलाश के बाद अगली सुबह रविवार को लगभग 9 बजे उसका शव मिला। मृतक का शव जाली और बेशरम की झाडिय़ों में फंसा मिला। पुलिस का मानना है कि बांध में वह इन झाडिय़ों में फंसकर डूब गया होगा।

तालाब में डूबे व्यक्ति का शव 24 घंटे बाद मिला

महासमुंद। बलौदा चौकी क्षेत्र के ग्राम सेमलिया तालाब में डूबे व्यक्ति का शव 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रायपुर की गोताखोर टीम ने ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटना कल सुबह 5 बजे की बताई जा रही है। चौकी प्रभारी चंद्रकांत ने बताया कि सेमलिया निवासी रूद्रमणी राणा पिता मायाधर राणा रविवार सुबह नहाने के लिए गया था। अधिक गहराई में चले जाने से वह डूब गया। इसकी सूचना तालाब में नहा रहे एक व्यक्ति ने ग्रामीणों और परिजनों की दी। घटना की जानकारी बलौदा चौकी को दी गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर टीम से शव को ढूंढवाने का प्रयास किया, नहीं मिलने पर महासमुंद से टीम बुलाई गई पर असफल रहे। रात में रायपुर से बुलाई गई गोताखोर की टीम ने तालाब के चारों ओर खोजबीन कर सुबह 8 बजे शव बाहर निकाला।

सरकारी वाहन चोरी के आरोप में चार बंदी

महासमुंद। रविवार शाम बस स्टैंड के पास पुलिस ने चार युवकों को सरकारी वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा है। युवकों ने पीडब्लूडी विभाग दुर्ग के ईई की वाहन उसके बंगले से चुराए थे। पकड़े गए युवकों में एक ईई के यहां चौकीदारी करता है। घटना शनिवार रात की बताई गई है पुलिस ने पकड़े जाने की सूचना दुर्ग पुलिस को दे दी है। आरोपी ओडिशा से महासमुंद आकर बस स्टैंड के पास खड़े थे। इसी दौरान पुलिस पकड़कर उन्हें थाना ले आई। सभी आरोपी युवक सेक्टर 7 पांच के निवासी है। लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ आरके शुक्ला के चालक हरिशंकर झा ने बताया कि ईई विजय सिंह कोर्राम की सरकारी वाहन सीजी 02 एयू 0256 को राकेश सिंह ठाकुर चलाता है। शनिवार को वह छुट्टी में था। गाड़ी बंगले में खड़ी थी। रात में पता चला कि बंगले में काम करने वाला चौकीदार टिटलागढ़ ओडिशा वर्तमान पता सेक्टर 5 भिलाई निवासी परमेश्वर यादव पिता बेनूराम यादव (29) वाहन को लेकर फरार हो गया है। जब इसकी सूचना ईई को हुई तो उन्होंने वाहन की पतासाजी के लिए उसके घर भेजा। घर में पता चला कि वह ओड़िशा गया है।

बाल संप्रेषण गृह से भागे दो अपचारी बच्चे लौटे

महासमुंद। जिला मुख्यालय से लगे बरोंडाबाजार स्थित बाल संप्रेषण गृह से खिड़की तोड़कर भागे 3 अपचारी बालकों में से 2 अपचारी बच्चे लौट आए हैं। वहीं तीसरे बच्चे का अब तक कुछ पता नहीं चला है। बताया गया है कि वह बच्चा बिहार का रहने वाला है। अधिकारियों का कहना है कि तीसरा अपचारी बालक तो अब तक नहीं लौटा है, उसकी पतासाजी की जा रही है। उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। कहा गया है कि बालक यदि घर पहुंचता है तो इसकी सूचना दें या समझाइश देकर बाल संप्रेक्षण गृह वापस लाएं।

ब्रांडेड शराब में ढक्कन बदल कर मिलावट दो प्लेसमेंट कर्मचारी सहित दस पकड़ाए

■ नकली ब्रांडेड शराब की बोतल, नकली ढक्कन बरामद

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। स्थानीय एकता चौक शराब दुकान में शनिवार रात शराब में मिलावट करते हुए शराब दुकान के दो प्लेसमेंट कर्मचारी और आठ अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मिलावट के लिए लाए गए नकली ब्रांडेड शराब की बोतल, नकली ढक्कन बरामद किया गया है।

शराब दुकान से बिक्री के साढ़े चार लाख रुपये प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गायब कर दिया है। पुलिस 10 लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार को सिटी कोतवाली पुलिस को यह जानकारी मिली कि रात में लगभग 10.30 बजे एकता चौक शराब दुकान के कर्मचारी ब्रांडेड शराब की पैकिंग खोल कर उसमें मिलावट कर रहे हैं। पुलिस ने रात में ही एकता चौक के शराब दुकान में दबिश दी और कर्मचारियों को मिलावट करते रंगे हाथों पकड़ा। घटना की जानकारी आबकारी विभाग को भी दी गई। आबकारी विभाग और पुलिस ने रात में पाया कि दुकान में दो प्लेसमेंट कर्मचारी और आठ बाहरी व्यक्ति थे।

आबकारी विभाग और पुलिस ने दुकान से ब्रांडेड शराब की खाली बोतल, सील पेंकिंग के लिए रखे खाली ढक्कन और मिलावट करने के लिए उपयोग में लाये जाने वाले सामान बरामद की है। साथ ही बिक्री के साढ़े चार लाख रुपये भी दुकान से गायब बताया जा रहा है।

पुलिस ने दीपक साहू, चंद्रप्रकाश चौहान, नितिन राजपुरोहित, धनेश्वर मन्नाडे, शीतल मन्नाडे, लेखराम साहू, मोहन पटेल, मोहित कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ 409, 471, 420 और 120 बी के तहत कार्रवाई की है। इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता का अंदेशा जाहिर किया जा रहा है। पूर्व में विधायक विनोद चंद्राकर ने दलदली रोड शराब दुकान में ओवररेट की शिकायत पर दबिश दी, यहां शिकायत सही पाई गई, प्लेसमेंट स्टाफने ओवर रेट की बात भी स्वीकारी, बावजूद गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं लगा। यही नहीं प्लेसमेंट एजेंसी पर भी आबकारी विभाग का नियंत्रण नहीं है। नतीजतन प्लेसमेंट कर्मचारी दुकान के भीतर आठ अन्य लोग के साथ ब्रांडेड शराब में मिलावट करता पकड़ा गया।

सांस्कृतिक धरोहर को बचाने निर्मल कोसरे के गनियारी में इस बार नामी कलाकार, मुख्यमंत्री शामिल होंगे

■ गनियारी में होगा पूरे देश भर के कलाकारों का जमवाड़ा

उतई। गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तरीय लोक कला महोत्सव का आयोजन 8 और 9 फरवरी को किया जा रहा है। इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ के कलाकारों के अलावा मध्य प्रदेश से गोधूम बाजा, राजस्थान से कालबेलिया, महाराष्ट्र (मुंबई) से लावणी ,असम से बिहू, मथुरा उत्तर प्रदेश से मयूर नृत्य के कलाकार दो दिनों तक अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक निर्मल कोसरे ने बताया कि प्रथम दिवस 8 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से महोत्सव शुरुआत होगा जिसमें सतनाम चौका पार्टी डुमरडीहखुर्द राजनांदगांव, पारस मणि मानस परिवार रायपुर, जय सरस्वती रामधुनी मंडली भर्रीटोला बालोद, जय ज्योति पंथी नृत्य दल कुरूद, मीर अली मीर के द्वारा हास्य प्रसंग, गवंई के फूल मसाल नाच पार्टी फिरदा, बालसखा डंडा नाचा भिभौरी, यशवंत सतनामी तेलाशी बलोदा बाजार का सतनाम भजन, ककसार नृत्य संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील सोनी का रंगारंग कार्यक्रम होगा।

द्वितीय दिवस 9 फरवरी को श्री माया पांडवानी बिलासपुर, सिद्धिविनायक जस झांकी परिवार सिरसाखुर्द, नाई बासगीत मोहरेंगा बेमेतरा, बस्तरिया नृत्य संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, सत्य उज्जवल पंथी पार्टी बांसुला, भूपेश प्रकाश छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साल्हेटोला कांकेर, छत्तीसगढ़ी आइटल ओजस्वी साहू की लोकगीत एवं छत्तीसगढ़ी लोककला मंच फुलवारी अल्का चंद्राकर अपनी प्रस्तुति देंगे।

उक्त महोत्सव का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत सिंह भगत, कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री गुरु रूद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मांडवी सिंह उपस्थित रहेंगे ।

कमला कॉलेज में ललित कला प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती ममता आर. देव के द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकाय की छात्राओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें गुजराती व्यंजन, रंगोली, मेहंदी, केश सज्जा, गिफ्ट पैकिंग वेस्ट एंड बेस्ट, ग्रिटिंग कार्ड इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

गरीब और जरूरतमंदों को राशन कार्ड देने की घोषणा

महासमुंद। नगर पालिका सभापति व वार्ड 10 के पार्षद देवीचंद राठी ने जनहित में अपने परिवार के चार एपीएल राशन कार्ड को गरीब जरूरतमंद परिवार को देने की घोषणा की है। श्री राठी ने आगे बताया कि राशन कार्ड ऐसे परिवार को दिया जाएगा, जिन्हें शादी, सामाजिक कार्य, दशगात्र व अन्य कामों में चावल की जरूरत पड़ती है। ऐसे परिवार संपर्क कर राशन कार्ड ले सकते हैं, जो शहर के किसी भी राशन दुकान से राशन ले सकते हैं। राठी ने शहर के सक्षम परिवार के मुखिया लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिनके पास एपीएल राशन कार्ड है, वे अपना राशन कार्ड स्वेच्छा से जरूरतमंद परिवार को राशन कार्ड उपलब्ध करा कर सहयोग करें। इससे शहर के बहुत से गरीब परिवार जो राशन के लिए भटक रहे हैं, उन्हे फायदा होगा। उन्होंने बताया कि अभी तक उन्होंने तीन परिवार को राशन कार्ड उपलब्ध कराकर राशन दिलाया। वार्ड 2 के राजेश यादव को फरवरी माह का राशन के लिए एपीएल राशन कार्ड दिया गया क्योंकि उनका बीपीएल राशन कई महीने से रद्द हो गया है और उन्हें राशन की सख्त आवश्यकता थी।

नागरिक संशोधन कानून देश को तोडऩे का नहीं, जोडऩे का कानून

महासमुंद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में राष्ट्रहित के मुद्दों को लेकर सेवा, समरसता, भाईचारा व सहयोग का पाठ पढ़ाती है। आशा और विश्वास के साथ शाखा के माध्यम से व्यक्ति को संस्कारित कर राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने की बात करता है। अतः संघ व्यक्तित्व निर्माण का कारखाना है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केशव प्रभात प्रौढ़ शाखा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से गोस्वामी समाज के प्रांतीय संरक्षक चित्रसेन गिरि ने कहीं। मुख्य वक्ता जिला संघ चालक महेश चन्द्राकर ने शरणार्थी और घुसपैठिया में अंतर बताते हुए कहा कि नागरिक संशोधन कानून देश को तोडऩे का नहीं, जोडऩे का कानून है। छुआछूत और अंधविश्वास हमारे लिए चुनौती है। संकीर्ण सोच, क्षेत्रीयता और जाति आधारित संगठन राष्ट्रीय विकास में बाधक है। उन्होंने कहा कि शाखा केवल खेलकूद के लिए नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित रखने का स्थल भी है।

ईश्वर ने हमे शक्ति दी है इसलिए हमें अपने भरोसे सफलता प्राप्त करना चाहिए-दशरथ साहू

उतई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुआबाँधा में पुरुस्कार वितरण व पारितोषिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यअतिथि वार्ड पार्षद राजेन्द्र रजक थे, अध्यक्षता पेनुक नेताम, रहे, विशेष अतिथि में भाजपा नेता दशरथ साहू थे। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। उसके उपरांत अतिथियों की स्वागत सत्कार कर संस्था प्रमुख के द्वारा शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अपने भाषण में मुख्यअतिथि राजेन्द्र रजक ने कहा कि बच्चों को पुरुस्कार वितरण इसलिए किया जाता है क्योंकि इसमें अनेक छात्रों को आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है जिससे वे आगे बढ़ते है ,स्कूल के लिए इस तरह की कार्यक्रम आवश्यक है ।इस स्कूल के विभिन्न आयामो में प्रथम ,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई ,इसीतरह विशेष अतिथि भाजपा नेता दशरथ साहू ने कहा कि भगवान के भरोसे में रह कर पढ़ाई मत करे क्योकि भगवान आपके भरोसे बैठा है क्योंकि आपको ही कल इस देश को सम्भालना है ,आप ही भविष्य के वकील डॉक्टर,इंजीनियर समेत विभिन्न पद में बने रहेंगे,सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हु,और जो इस शाला ने निरंतर विकास किया है उसके लिए शिक्षकों को भी बधाई ।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुवात राज्यगीत अरपा पैरी के गीत व नृत्य के साथ हुआ।

अपने आदर्शों और स्वभाव से सबको आकर्षित करता है देवांगन समाज: बृजभूषण देवांगन

उतई । उतई नगर में बसंत पंचमी के पावन उपलक्ष्य पर देवांगन समाज सेलुद मंडल के द्वारा माँ परमेश्वरी की जयंती मनाई गई जिसमें 13 गांव के देवांगन समाज के लोग शामिल हुए ।कार्यक्रम की शुरुवात मंडल देवांगन समाज के अध्यक्ष बृजभूषण देवांगन ने माँ परमेश्वरी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया ।इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी थे ,वही अध्यक्षता जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुराणिक देवांगन ने किया ,विशेष रूप से नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, पार्षद मनोरमा देवांगन,उपस्थित थे । इस कार्यक्रम सूंदर रंगोली बुराइयों को छोड़ने व अच्छाइयों को धारण करने सम्बंधित विषय पर बनाये गए । वही महिलाओ के लिए बिंदी लगाओ और रस्साकस्सी का भी खेल किया गया। अंत मे मुख्यअतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि देवांगन समाज अपने शालीनता के व्यवहार से जाने जाते है ,जो अब अपनी उचाईयो को प्राप्त कर रहा है,परमेश्वरी की कृपा से समाज का विकास निरंतर हो रहा है जिससे समाज का चौतरफा विकास हो रहा है ,शिक्षा का प्रचार बढ़ाने की शख्त जरूरत है साथ ही समाज मे व्याप्त बुराइयों को भी दूर कर समाज अपने श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त कर सकता है।इस सभा को सेलूद मंडल अध्यक्ष बृजभूषण देवांगन ,जिला अध्यक्ष पुराणिक देवांगन ने भी संबोधित किया ।

दिव्यांग राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में 3 खिलाड़ी भाग लेंगे

राजनांदगांव। शहर के तीन दिव्यांग बॉडी बिल्डर राष्ट्रीय पैरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त स्पर्धा में संबंध में जय भवानी व्यायाम शाला के संरक्षक श्री पुरूषोत्तम आजमानी ने बताया कि आन्ध्रप्रदेश के राजमंदरी अमलापुरम में आयोजित राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2 से 3 फरवरी 2020 में आयोजित किया जा रहा है। बड़ी गौरव की बात है कि उक्त स्पर्धा में शहर के तीन दिव्यांग बॉडी बिल्डर गौतम साहू, महेन्द्र यदु (लल्ला) और विकास गेडाम का चयन उक्त स्पर्धा हेतु किया गया है। यह पहली बार है कि शहर के दिव्यांग बॉडी बिल्डरों का राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर छ.ग. प्रदेश के लिए पदक जितेंगे।

यूथ प्रोग्राम — कार्यक्रम का आयोजन बैंगलुरू में 5 से 11 फरवरी 2020 तक आयोजित किया जा रहा

12वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए टीम रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नेहरू युवा केन्द्र, राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 12वां आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन बैंगलुरू में 5 से 11 फरवरी 2020 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नेहरू युवा केन्द्र के 20 एवं आटीबीपी के 30 प्रतिभागी एवं 3 स्कार्ट सहित कुल 53 प्रतिभागियों को रवाना किया गया। इसी प्रकार चंडीगढ में 4 से 10 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आईबीटीपी के 20 एवं 2 स्कार्ट सहित कुल 22 प्रतिभागियों को रवाना किया गया। सभी प्रतिभागियों को ट्रेकसूट, टीशर्ट, जूता, मोजा, इनर, टोपी प्रदान किया गया। सात दिवसीय आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों के आदिवासी युवाओं को अपने-अपने राज्य के सांस्कृतिक लोकाचार, भाषा, सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास को दर्शाने वाले लोगों की जीवन शैली तथा हमारे राष्ट्रीय जीवन में निहित विविधता में एकता के स्वरूप की विकासात्मक प्रक्रियाओं के विषय में जानकारी प्राप्त कर सके।

आदिवासी युवाओं का विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों, कौशल विकास, शैक्षणिक एवं रोजगार के अवसरों पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ उन्हें देश के अलग-अलग राज्यों में हो रही तकनिकी और औद्योगिक उन्नति के विषय में जानकारी देना। उक्त कार्यक्रम में प्रतिदिन योगा, विभिन्न विषय के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण पर भाषण प्रतियोगिता, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान, प्रभातफेरी, जनजागरूकता रैली, महिलाओं के प्रति हिंसा और अत्याचारों को रोकना, आतंकवाद को रोकना, संगोष्ठी, विषय संबंधी चर्चा, सार्वजनिक गणमान्य नागरिकों से मुलाकात, युवा कार्य में प्रसिद्ध व्यक्तियों के साथ परिचर्चा, चर्चित स्थानों का भ्रमण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा।

तृतीय चरण के मतदान में अंदरूनी ईलाके के मतदाताओं में दिखा उत्साह

■ **कलेक्टर और एसपी ने दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का लिया जायजा**

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत तीसरे चरण के अंतर्गत आज जिले के कुआकोंडा ब्लॉक में मतदान सम्पन्न हुई। इस दौरान अंदरूनी ईलाके के मतदाताओं ने मतदान करने के लिये अपार उत्साह दिखाया और सुबह से ही मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। जिले में तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान का जायजा लेने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री टोपेश्वर वर्मा और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री वर्मा और एसपी डॉ पल्लव ने मड़कामीरास मतदान केंद्र में व्होट डालने पहुंचे नक्सली पीड़ित परिवारों के सदस्यों सहित आत्म समर्पित नक्सलियों से भेंटकर उनके लोकतांत्रिक प्रणाली के इस महत्ती प्रक्रिया में योगदान को सराहा और अन्य मतदाताओं के लिये इसे प्रेरणादायी निरूपित किया। जिले के दूरस्थ ईलाके के मड़कामीरास में अंदरूनी क्षेत्र के 6 मतदान केंद्रों को शिफ्ट किया गया था। कलेक्टर और एसपी ने मतदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिये उनके साथ फोटो भी खिंचवायी। तृतीय चरण के तहत आज सम्पन्न हुए मतदान में

जबेली, अरबे,नहाड़ी, बुरगुम, अरनपुर, समेली, गढ़मिरी, रेंगानार सहित हल्बारास, मैलावाड़ा, गोंगपाल, कड़मपाल, मदाड़ी, कोड़ेनार, चोलनार आदि मतदान केंद्रों पर ग्रामीण मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। वहीं नकुलनार, कुआकोंडा, पालनार जैसे कस्बाई ईलाके में भी मतदान करने के लिये मतदाताओं ने अपार उत्साह दिखाया।

ग्राम पंचायतों में 11 फरवरी को होगा प्रथम सम्मिलन

दंतेवाड़ा। राज्य शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में प्रथम सम्मिलन आयोजित करने तथा उपसरपंच का निर्वाचन करने समय-सारिणी जारी किया गया है। वहीं जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों में सम्मिलन आयोजित कर जनपद पंचायतों तथा जिला पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिये तिथि घोषित किया गया है। जिसके तहत ग्राम पंचायतों में प्रथम सम्मिलन 11 फरवरी को आयोजित की जायेगी और उपसरपंच के निर्वाचन हेतु इसी दिन सूचना जारी की जायेगी। उपसरपंच का निर्वाचन हेतु 24 फरवरी को सम्मिलन आयोजित की जायेगी और 25 फरवरी को उपसरपंच के निर्वाचन को अधिसूचित किया जायेगा। जनपद पंचायतों में 13 फरवरी को सम्मिलन आयोजित की जायेगी और इसी दिन जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। वहीं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सदस्यों को जनपद पंचायत के प्रथम सम्मिलन आयोजन की सूचना 13 फरवरी को जारी कर 18 फरवरी को जनपद पंचायत की प्रथम सम्मिलन आयोजित की जायेगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिये 17 फरवरी को सम्मिलन आयोजित की जायेगी तथा 19 फरवरी को जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के प्रकाशन की अधिसूचना जारी की जायेगी। जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सदस्यों को जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन आयोजन की सूचना 19 फरवरी को जारी कर जिला पंचायत की प्रथम सम्मिलन 24 फरवरी को आयोजित की जायेगी।

राजपूत समाज के अध्यक्ष अवधेश का हुआ सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में 3.5 दशक से ज्यादा सेवाओं को देने के बाद 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह को पूर्व जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर के फार्महाऊस में कल सायं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक आरके सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष विजय सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, कमलेश सिंह, सुरेंद्र बहादूर सिंह, प्रखर सिंह, राज सिंह, जितेंद्र सिंह लाला, मण्टू सिंह, जयराम सिंह, सर्वजीत सिंह, लल्लन सिंह, रविंद्र सिंह, हरेराम सिंह, पूर्वांचल विकास समिति के व्हीएन सिंह, डीएन राय, अरविंद शर्मा, शाकिर अंसारी, श्रीराम पाण्डेय आदि ने अवधेश सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान किया। राजपूत समाज एवं पूर्वांचल समिति के विकास में आगे योगदान देने के लिए शुभकामना दिया।

आदिवासी नेता ननकीराम कंवर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रज्जाक अली ने लगाया गंभीर आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर काबिज होने कांग्रेस और भाजपा समर्थको में होड़ लग गई है . स्थानीय नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से भी नहीं चूक रहे है . शासन के पूर्ववर्ती सरकार में खाद्यमंत्री और गृहमंत्री जैसा ओहदा सम्हाल चुके रामपुर क्षेत्र के विधायक और भाजपा के कद्दावर आदिवासी नेता ननकीराम कंवर पर जनपद सदस्य और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रज्जाक अली ने गंभीर आरोप लगाए है।

उक्त बातें सोमवार को प्रेस क्लब तिलक में रज्जाक अली कहा उन्होंने बताया है की उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 17 से चुनाव जीता है जबकि उनकी पत्नी समीना रज्जाक भी क्षेत्र

क्रमांक से विजयी हुई है. इसके डसाथ भी उन्होंने अपने 15 अन्य समर्थको के जीत का दावा किया है. रज्जाक अली ने बताया की उनकी पत्नी ने जनपद करतला के लिए उपाध्यक्ष पद की दावेदारी की है. लेकिन उनके इस दावेदारी को कमजोर करने के लिए पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर उसके खिलाफ षड़यंत्र रच रहे है।

पुराने मुकदमे जिनमे वह बरी हो चुके है उन्हें फिर से उछाला जा रहा है. वही वर्तमान में ननकीराम कंवर के द्वारा उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराकर चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने से रोका जा रहा है. इतना ही नहीं बल्कि वे उनके विजयी समर्थको के घरो में पहुंचकर उन्हें धमकिया दे रहे है. उन्होंने चेतावनी दी है की चुनावी रंजिश के चलते अगर किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो ननकीराम कंवर ही इसके जिम्मेदार होंगे.

रज्जाक उस लेबल का नेता नही उसे हम क्या धमकाएंगे : ननकीराम

पूरे मामले पर जब पूर्व गृहमंत्री ननकीराम से प्रतिक्रिया ली गई, तब उनका कहना था कि, 'रज्जाक नौटंकी कर रहा है. जिसमें कुछ भी सच्चाई नहीं है. जिसे चींटी की तरह मसल सकते हैं उसे हम धमकी क्या देंगे।' उन्होंने उल्टे रज्जाक पर आरोप लगाते हुए कहा कि, 'जब जिला बदर हो रहे थे, तब मैंने रज्जाक को बचाया था. उसका पूरा परिवार मुझसे मिलने रेस्ट हाउस में आया था. मैंने उसे बचाया था और अब वह मुझ पर ही आरोप लगा रहा है. यह सब वह अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर रहा है जिसमें कोई सच्चाई नहीं है.'

पसान में हुए बलवा मामले में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी टीमें

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। पसान में हुए बलवा मामले में फरार आरोपियों को पकडने् के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। अब तक इस मामले में केवल 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि आनंद मित्तल के घर के सामने शनिवार की रात इस घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें कई लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली। प्रार्थी के द्वारा सूचना दिए जाने पर मामला पंजीबद्ध किया गया। बताया गया कि पीड़ित पक्ष ने आरोपियों में से कई को पहचान लिया है। इनके बारे में पुलिस को अवगत कराया गया है। संबंधितों को दबोचने के लिए टीमें बनाई गई हैं और उन्हें संभावित स्थान के लिए भेजा गया है। इससे पहले रविवार को एसडीओपी कटघोरा ने यहां पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं क्षेत्रीय विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हर हाल में आरोपियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उनके साथ किसी प्रकार की नरमी बरते जाने का सवाल नहीं उठता। यहां बताना आवश्यक होगा कि जनपद पंचायत सदस्य के चुनाव में यहां से रामप्यारी जाखड़ की जीत हुई। नतीजे के बाद समर्थकों ने पराजित प्रत्याशी मंजू मित्तल के घर के सामने उपद्रव किया। परिजनों के द्वारा बाहर निकल कर समझाश दिए जाने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस दौरान मंजू मित्तल को सड़क पर गिराने के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। पीड़ित परिवार ने किसी तरह खुद को बचाते हुए पुलिस थाना पहुंचकर इस मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा का प्रकरण दर्ज किया है।

हुनरमंद युवाओं के लिए मददगार होगा रोजगार संगी एप

नवप्रदेश संवाददाता

रायगढ़। युवाओं के हुनर को एक अलग पहचान मिल रही है, आर्थिक संसाधनों की कमी भी अब इसमें बाधा नहीं बनेगी। आत्मनिर्भर बनने से उनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। अब युवाओं के रोजगार संबंधी समस्याओं को दूर करने में मददगार बनेगा 'रोजगार संगी ' एप जिसके जरिए युवा अपने मनपसंद ट्रेड का चयन कर पंजीयन कराकर रोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। रोजगार एवं कौशल विकास को प्रोत्साहन देने की दिशा में कारगर पहल करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 'रोजगार संगी ' एप का शुभारंभ किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के आर्थिक विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल स्वरोजगार योजना के तहत हुनरमंद युवाओं को स्वरोजगार के लिए अपना व्यवसाय प्रारंभ एवं स्थापित करने के लिए सहायता ऋण बतौर अनुदान भी दिया जाएगा।

रोजगार संगी एप की खासियत यह है कि यह नियोक्ता एवं हुनरमंद युवाओं को जोड़ सकेगा। रोजगार संगी एप डाउनलोड कर सकते है। जिसमें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न ट्रेड प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा पंजीयन करा सकेंगे एवं रोजगार की सूचना प्राप्त कर सकेंगे। इसमें नियोक्ता का चयन करने पर शीर्ष 10 लोकप्रिय प्रशिक्षण के सेक्टर प्रदर्शित होंगे, जिनमें टेली, टेलर, ड्राईवर, प्लम्बर, मेशन, इलेक्ट्रीशियन, सिक्योरिटी गार्ड एवं एकाउन्टिंग शामिल है। जिस भी जॉब रोल की आवश्यकता होगी सर्च बॉक्स में टाईप कर सकते है। चयन किए गए जॉब रोल के अनुसार प्रशिक्षित हितग्राहियों की सूची डिस्प्ले होगी।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव 5 फरवरी को एक दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे तथा कलेक्ट्रेट में बैठक लेंगे एवं अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव 5 फरवरी को हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे मिनी स्टेडियम रायगढ़ आयेंगे एवं सर्किट हाऊस के लिए प्रस्थान करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव पूर्वान्ह 11.30 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम रायगढ़ में देवकीराम धारी फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेत्र दाताओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

किसानों के लिए बेसुरा झुनझूना है बजट: डॉ त्रिपाठी

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। बस्तर के जैविक कृषक व अखिल भारतीय किसान महासंघ (आइफा) के राष्ट्रीय संयोजक व चैम्फइंडिया के प्रमुख डॉ राजाराम त्रिपाठी सरकार के बजट में फिर किसानों को नजर अंदाज किये जाने को लेकर व्यथित है। उन्होंने कहा कि किसानों के हाथ फिरसे वित्तमंत्री के ऐतिहासिक लंबे बजट भाषण में किसानों को अंततः ऐतिहासिक घनघोर निराशा ही मिली। डॉ त्रिपाठी बजट को लेकर कुछ यक्ष प्रश्न करते कहते है कि आईसीयू में पड़ी भारतीय खेती किसानी में जान फूंकने ये 16 सूत्रीय सुधारों की कवायद का हश्र भी पिछली लुभावनी घोषणाओं की तरह ही तो नहीं होगा। उन्होंने कहा कि किसान कब तक बाजार और इससे संबंधित आधारभूत संरचनाओं के लिए इंतेजार करेंगे

■ **बजट में दिख रहा मंदी से उबरने का निरर्थक प्रयास, जब दिशा ही गलत तो मंजिल कैसे मिलेगी**

जैविक खेती,जैविक भारत के नाम पर नारेबाजी और जीरो बजट की पूंगी

डॉ त्रिपाठी कहते हैं कि रासायनिक खाद के लिए अस्सी हजार करोड़ का अनुदान, और जैविक खेती के लिए बड़का जीरो और कमान नीम-हकीम विशेषज्ञों के हवाले कैसे कैसे होगा जैविक खेती का सपना पूरा अपने गलर यक्ष प्रश्न के साथ कहते हैं कि देश की 52 त्न जनता के सरोकारों के मूल कृषि हेतु पृथक् बजट कब लाया जाएगा।

सरकार बजट पूर्व मुट्ठी भर उद्योगपतियों, व्यवसायियों आदि के सभी संगठनों से सलाह मशविरा करती है,पर बजट पूर्व देश के अन्नदाता किसानों से चर्चा क्यों नहीं करती। केंद्र सरकार के बजट 2020 को इस मैराथन बजट को जिस बहादुरी से शहीदाना अंदाज में लगभग 3 घंटे तक खड़े रहकर, बिना पानी पिए , बिना रुके पढ़ा , उसने मुझे अपना प्रशंसक बना लिया। इस बजट से ग्रामीण भारत और किसानों को बड़ी उम्मीदें थी, लेकिन बजट ने आम किसान को निराश किया। उल्लेखनीय है कि वित्तमंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा है कि सरकार की ओर से कृषि विकास योजना को लागू किया गया है।

पीएम फसल बीमा योजना के तहत करोड़ों किसानों को फायदा पहुंचाया गया। सरकार का लक्ष्य किसानों की आय दोगुना करना है. किसानों के लिए ऐलान करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के लिए 16 सूत्रीय फॉर्मूले का ऐलान करती है, जिससे किसानों को फायदा पहुंचाएगा. कृषि भूमि पट्टा आदर्श अधिनियम-2016, कृषि उपज और पशुधन मंडी आदर्श अधिनियम -2017, कृषि उपज एवं पशुधन अनुबंध खेती, सेवाएं संवर्धन एवं सुगमीकरण आदर्श अधिनियम-2018 लागू करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

नारायणपुर। नारायणपुर जिले के धुर नक्सल प्रभावित जनपद पंचायत क्षेत्र ओरछा में तीसरे चरण के मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कहीं से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली। जनपद पंचायत क्षेत्र ओरछा में तीसरे चरण का मतदान आज सोमवार सवेरे 6.45 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला। क्षेत्र के सभी 37 मतदान केन्द्रों को सुरक्षा की दृष्टि से 6 स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट किये गये स्थान विकासखंड मुख्यालय ओरछा, आकाबेड़ा, कुरूषनार, बासिंग, सोनपुर और कोहकामेटा है। निर्वाचन 16 सरपंचों, 17 वार्ड पंच, 9 जनपद सदस्य और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए होगा। मतदान केन्द्रों के शिफ्टिंग के कारण मतदान कम हुआ। मतदान दल के सभी अधिकारी-कर्मचारी कल मंगलवार 4 तारीख को वापस लौटेंगे। सभी 6 केन्द्रों के अधिकारी-कर्मचारी सुरक्षा सुरक्षा बेस कैंपों पर पहुंच चुके हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वे कल 4 तारीख को वापस आयेंगे।

कलेक्टर ने किया मतदान कार्य का निरीक्षण

रायगढ़। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण में लैलूंगा विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार सर्वप्रथम प्राथमिक शाला फुटहामुड़ा के मतदान केन्द्र पहुंचे, वहां उन्होंने मतदान कार्य का जायजा लिया तथा मत डालने पहुंचे मतदाताओं से बात की। प्रथम बार मत दे रहे युवाओं एवं बुजुर्गो के मतदान में सहभागिता की प्रशंसा की और कहा कि बुजुर्ग, दिव्यांग व युवा जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में मतदान में सम्मिलित हो रहे है यह उनके कर्तव्य निर्वहन की भावना को दर्शाता है जो अत्यंत प्रेरणादायक है। इसके पश्चात वे बस्तीपारा (सोहनपुर) के प्राथमिक शाला भवन स्थित मतदान केन्द्र पहुंचे। वहां उन्होंने पीठासीन अधिकारी तथा मतदान कर्मियों से मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि दोपहर 1 बजे की स्थिति में लगभग 85 प्रतिशत मतदान संपन्न हो चुका है। इस पर कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने मतदाताओं के उत्साह की सराहना की। मतदान कर्मियों को निर्देश दिए कि मतदान संपन्न होने के पश्चात मतगणना का कार्य भी नियमानुसार गंभीरता से करें। इसके पश्चात लारीपानी स्थित मतदान केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा मतदान कार्य में संलग्न कर्मचारियों को पूरी सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए।

आश्वासन मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ संपादित कराया जाएगा

जनसुविधाओं से जुडे कार्य रहेंगे सर्वोच्च प्राथमिकता पर : महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता पर हैं तथा मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ संपादित कराया जाएगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हम जनप्रतिनिधियों पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने की पूरी-पूरी कोशिश रहेगी तथा बिना किसी भेदभाव के निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे। उक्ताशय के विचार महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 25 स्थित काली मंदिर में हाईमास्ट लाईट के लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किए। नगर पालिक निगम

कोरबा द्वारा वार्ड के नागरिकों की मांग पर वार्ड क्र. 25 स्थित काली मंदिर परिसर में हाईमास्ट लाईट की स्थापना कराई गई है, जिसका लोकार्पण महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं शैलेन्द्र सिंह पप्पी आदि विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही प्रथम विकास कार्य का लोकार्पण मां काली के चरणों में अर्पित करने का अवसर प्राप्त हुआ है, मां काली हमे अंधेरे से ऊजाले की ओर ले जाने की प्रेरणा प्रदान करे। उन्होने आगे कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के पांच वर्षो के कार्यकाल में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, जो कोरबा के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं, मेरा निरंतर प्रयास रहेगा कि उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो का सतत रूप से आगे बढ़ाया जाए तथा जनता जनार्दन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं बिना किसी अवरोध के प्राप्त हो, उनकी समस्याएं दूर हों, यह हम जनप्रतिनिधियों का पूरा-पूरा प्रयास रहेगा।

मैं विश्वास रखता हूँ कि पूर्व वर्षो की भांति निगम द्वारा निरंतर विकास कार्य करते हुए कोरबा का सर्वांगीण विकास करेगा। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर एवं पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने भी संबोधित किया तथा कोरबा को स्वच्छ, सुंदर एवं विकासशील शहर बनाने, लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के अपने संकल्प को दोहराया।

कलेक्टर ने की मैराथन की तैयारियों की समीक्षा

नारायणपुर। बस्तर टाईगर ब्वाय के नाम से मशहूर चेंदरू मंडावी की धरती नारायणपुर और आदिवासियों की संस्कृति संरक्षण स्थली अबूझमाड़ फिर एक बार विश्व पटल पर एक सकारात्मक पहचान बनाने के लिए आतुर है। माड़ के गुमराह, भटके युवा भी मुख्यधारा से जुड़ रहे है। माड़ में विकास के नये आयाम गढ़े जा रहे है। इस माह की 8 तारीख इसकी गवाह बनेंगी। जहां 10 हजार से अधिक धावक अबूझमाड़ में पूर्ण शांति के लिए दौड़ लगायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल निर्माण कार्यो का लोकापर्ण एवं भूमि पूजन करेंगे और विजयी धावकों को पुरस्कृत करेंगे। इसी सिलसिले में आज कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 10 हजार से अधिक धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। पंजीयन की आज 3 फरवरी को अन्तिम तारीख है। बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे । कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र वितरण, कार्यक्रम स्थल में पंडाल एवं साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, बैरीकेटिंग, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल और साफ-सफाई के लिए समुचित इंतजाम के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले धावकों के रूकने, भोजन व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

ब्रह्माकुमारी ने भानुप्रतापपुर नपं अध्यक्ष व पार्षदों का किया सम्मान

यह संस्था इंसान को सही इंसान बनाना सिखाता : पाढ़ी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। बस स्टैंड प्रतीक्षालय के ऊपर आज ब्रह्माकुमारी प्रांगण में भानूप्रतापपुर के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पहाड़ी , उपाध्यक्ष कमलेश गांवड़े एवं विभिन्न वार्डो के पार्षद चंद्र कुमार कटझरे, मनीष साहू भगवान सिंह कुंजाम नरेंद्र कुलदीप मनीष टेम्पा योगी संध्या साहू राजेंद्र कौर आदि ने शिरकत किया जिनका सम्मान संस्था कि ओर से किया गया।

ईश्वरीय सौगात श्रीफल और प्रसाद भेंट किए गए कांकेर जिले की मुख्य संचालिका बी के रामा दीदी ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया एवं शुभ कामना के साथ विजय कि बधाई दी और दिव्य ज्ञान स्वयम की वास्तविक पहचान, परमात्मा का सत्य परिचय दिया साथ ही संस्था द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग मेडिटेशन और उससे होने वाले लाभ से अवगत कराया उन्होने अध्यक्ष सहित सभी सदस्य गणों को तनावमुक्त खुशहाल जीवन जीने के लिए अपने कर्मो में कुशलता लाने के लिए निशुल्क राजयोग सीखने के लिए आमंत्रित किया।जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा जीवन एक संघर्ष है। इसमें आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रकाश एनर्जी प्राप्त करने के लिए हम सभी को मेडिटेशन करना चाहिए उन्होंने कहा इस संस्था को विगत 10-12 वर्षो से मैं जानता हूं। लेकिन व्यस्तता से कभी आने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था पर आज आने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह संस्था इंसान को सही इंसान बनाना सिखाता है। पॉजिटिव बनाता है।आगे उन्होंने कहा आज सुबह से मैं तनाव में था और यहां आकर शांति और सुकून का अनुभव कर रहा हूं।

मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।आपने हमें बुलाया सम्मान दिया और आगे भी आपके इस कार्य में हम सहयोगी रहेंगे उपाध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा यहां आकर के मैं अभिभूत महसूस कर रहा हूं। बहुत शांति और खुशी अनुभव हो रही है। उन्होंने भी आभार व्यक्त किया पार्षद एवं वकीलचंद्र कुमार कटारे ने कहा मैंने यहां से जुड़े हुए लोगों के अंदर एक परिवर्तन देखा है।पार्षद कुलदीप और मनीष साहु ने कहा यहा आकर हमे अच्छा लग रहा है।और शांति की अनुभूति हो रही है।अच्छा लग रहा है,अभार व्यक्त किया इस अवसर पर संस्था के बहुत से सदस्य भाई बहने उपस्थित थे ।मुख्य रूप से जिन्होंने सहयोग प्रदान किया.भानुप्रतापपुर कि संचालिका बीके शानु बहन . सीमा बघेल शिवानी नीतु बघेल अनुसुईया साहू बिहारी ताम्रकार, सुरज, सीता, सविता, आशा मन्डावी, अज्जु साहु आदि उपस्थित रही।

लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 9 को

कांकेर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2019 के लिए 09 फरवरी 2020 को प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा दो पाली में होगी प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में 3 हजार 225 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य और सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी अर्जुन लाल मेश्राम को बनाया गया है।

जिला पंचायत के तृतीय चरण में जिले में 59 प्रतिशत मतदान

नक्सलगढ़ में ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण में आज कांकेर जिले के अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में मतदान संपन्न कराया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान के निर्धारित समय दोपहर 02 बजे तक कांकेर जिले में 59.47 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के 116 मतदान केन्द्रों में 57.17 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इस विकासखण्ड में 12 हजार 610 पुरूष एवं 12 हजार 547 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 199 मतदान केन्द्रों में 61.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इनमें 33 हजार 919 पुरूष एवं 32 हजार 885 महिला शामिल हैं।

लायंस क्लब चांपा द्वारा नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर सम्पन्न

नवप्रदेश संवाददाता

चांपा। लायंस क्लब इंटरनेशनल की चांपा ईकाई द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2020 को अष्ट फिजियोथेरेपी में नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 लोगों ने फिजियोथेरेपी का लाभ प्राप्त किया। लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन राजेश अर्ग्रवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी से हमारे शरीर में होने वाले जोड़ों के दर्द से निदान प्राप्त होता है। इस उपलक्ष्य में लायंस क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने कहा कि लायंस क्लब का एक मात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना है। शिविर में लोगों का चेकअप किया तथा फिजियोथेरेपी का उपाय बताये गये। शिविर में अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायन अश्वनी देवांगन, लायन विनोद अग्रवाल, लायन ताराचंद देवांगन, लायन अनिल गोयल, लायन बैजनाथ देवांगन, लायनेस आरती देवांगन, विशेष रूप से उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल ने दी।

वार्षिकोत्सव में बच्चों को नाटक के माध्यम से पेड़ बचाओं जिन्दगी बचेगी का संदेश दिया

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। ग्राम बेवरती के चाईल्ड डेवलपमेन्ट इग्लिस स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नन्हें बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी, हिन्दी गीतों के अलावा नाटक के माध्यम से पेड़ बचाओंगे तो जिन्दगी बचेगी का संदेश दिया गया व सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित छत्तीसगढ़ की परम्परा को दिखाया गया । ईश्वर एक है मान्यता अनेक है पर नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई वही बेटी बचाओं की संदेश दिया जिसे दर्शकों ने उनका तालिया बजाकर उत्सावहर्धन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख मनेसिंग कावड़े, पूर्व सरपंच सुशीला नेताम, उप सरपंच ईश्वर साहू, मोतीराम यादव, बृजलाल यादव इसके अलावा संस्था प्रमुख गितेश्वर पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु नेताम, द्विव्य प्रकाश, प्रेमकुमार सेरर्वे स्कूल स्टाफराजकुमार पटेल, प्रिंस किला, चांदनी पटेल, सुसन्नाह सेरर्वे, सरस्वती पटेल, सुमन विश्वकर्मा, अंजना यादव, आदि उपस्थित थे ।

आकाश राव बने कांकेर एवं नारायणपुर जिला के प्रभारी

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के रूप में प्रदेश के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को शीघ्र ही अंतराष्ट्रीय टी-20 फॉर्मेट में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। आईपीएल की तर्ज पर होने वाले आईपीएल- टी20 क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रदेश के सभी 28 जिलों से चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, 2 जिलों का एक प्रभारी बनाया गया है, जो अपने जिलों में ट्रॉयल प्रतियोगिता करा कर खिलाड़ियों का चयन कर रहें हैं, यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है, इस प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक मान. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, संरक्षक टी.एस. सिंहदेव कैबिनेट मंत्री, शिव डहरिया कैबिनेट मंत्री, मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस होंगे। कई प्रदेशों ने अपने राज्य में क्रिकेट को बढ़ावा व अपने खिलाड़ियों को बड़े अवसर प्रदान करने यह लीग प्रतियोगिता प्रारम्भ की है, अब यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में भी प्रारम्भ कर रहे हैं।

बैलेट पेपर और सत्ता का दुरुपयोग कर रही सरकार

नवप्रदेश संवाददाता

■ **दबाव बनाकर भाजपा प्रत्याशियों को हराया जा रहा - विजय मंडावी**

कांकेर। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बैलेट पेपर से चुनाव व चुनाव के रुझानो में प्रशासनिक तंत्र पर सरकार के दबाव को लेकर भाजपा के जिला महामंत्री विजय कुमार मंडावी ने सरकार पर कटाक्ष करते कहा है की प्रदेश की कांग्रेस सरकार नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को महज एक या फिर दो वोटो से जीत रहे प्रत्याशियों की मांग पर पुनः गणना नही कराया गया है। और भाजपा के जीते प्रत्याशियों को एक दो वोट के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत कराकर लोकतंत्र की हत्या कर दी गई और सरकार के इशारे पर प्रशासनिक अफसर भी नतमस्तक हो चुके है।जिन्होंने अपना दायित्व का निर्वहन किए बिना सरकार के दबाव में आकर मनमानी तरीके से जीते हुए भाजपा प्रत्याशियों को हराकर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत कराने में अहम भूमिका भी निभाई है।इस प्रकार सत्ता का दुरुपयोग करने वाले कांग्रेस सरकार की गन्दी राजनीति आम जनता देख रही है।इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत में भी सत्ता का दुरूपयोग करने से बाज़ नही आ रही है।यहॉ भी बैलेट पेपर से चुनाव कर धांधली किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JINNAT BAI W/O MOHAMMED JAFAR निवासी ANNAPURNA PARA KANKER (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ZEENAT BAI GHOLWADIYA W/O MOHAMMED JAFAR रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम ZEENAT BAI GHOLWADIYA W/O MOHAMMED JAFAR से ही जाना पहचाना जावे।

ZEENAT BAI GHOLWADIYA
ANNAPURNA PARA KANKER (C.G)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MO JAPHAR S/O HARUN BHAI निवासी ANNAPURNA PARA KANKER (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMED JAFAR S/O HARUN BHAI रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMED JAFAR S/O HARUN BHAI से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMED JAFAR
ANNAPURNA PARA KANKER (C.G)

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का आयोजन 14 तक

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिले में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिसके तहत् कांकेर जिले में 01 फरवरी को संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. आर.आर.साहनी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर के तृतीय तल कक्ष क्रमांक 13 में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के लिए बैठक आयोजित की गई। जिला कांकेर एवं कोण्डागॉव में चल रहे मॉस स्क्रिनिंग विकासखण्ड भानुप्रतापपुर, दुर्गकोंदल एवं कोयलीबेड़ा तथा कोण्डागॉव के चार विकासखण्ड के सुपरवाईजरों का समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. आर.आर.साहनी के द्वारा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत् होने वाले मॉस स्क्रिनिंग 15 फरवरी तक शत् प्रतिशत जनसंख्या का स्क्रिनिंग करने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल.उइके, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डी.के. रामटेके, जिला मलेरिया अधिकारी कोण्डागॉव डॉ. एस.टोप्पो, राज्य सलाहकार डॉ. चिन्मय दास और सुश्री स्निग्धा पट्टनायक, जिला मलेरिया सलाहकार बी.पी. राय, श्रीमती मीना शर्मा, डॉ. विकास कटारे, श्री गंगेश्वर प्रजापति एवं विकासखण्ड स्तरीय मलेरिया निरीक्षक एवं मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाईजर उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हे विधान...

अपेक्षित है जब उसे इन मुद्दों को लेकर विस्तृत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई हो और फिर उस व्यक्ति विशेष ने उसका अवलोकन भी किया हो। बहरहाल, जो दृष्टिगोचर है उसे शब्दों का रूप न दे पाना भी पेशे के साथ न्याय नहीं माना जाएगा। इस सूरते हाल में एक चीज, जो दोनों धाराओं में बहने वाले लोग कह रहे हैं वो उन पर भी लागू होती है- विधान की अनदेखी। इसका स्तर कम-ज्यादा, पहले आपने-फिर मैंनेज वाला हो सकता है। यदि किसी की नजर में कोई चीज व्यवस्था का उल्लंघन कर बनाई गई है तो उसकी उस पर असहमति जायज है। लेकिन असहमति को विरोध का रूप देना तब और अच्छा माना जाएगा जब उस चीज ने काम करना शुरू कर दिया हो। 'आधार' की संकल्पना से लेकर उसे अमल में लाने आज तक चली आ रही कवायदों में हम कई विरोध व कानूनी लड़ाईयां देख चुके हैं। सवाल उठे आज भी उठ रहे हैं। हालांकि मौजूदा मुद्दे आधार की तुलना में काफी गंभीर हैं और यदि नहीं है तो लेफ्ट-राइट के प्रणेताओं की ओर से ऐसा बनाया जा रहा है।

इसे रोकने की जिम्मेदारी उनकी ज्यादा लगती है जिन्हें सहारे की जरूरत नहीं है। अलबत्ता वे ही रोक सकते हैं। पर अफसोस कि उनके बयानों में स्पष्टता नहीं दिखाई दे रही। 'इस पर कोई बात हुई ही नहीं ' या 'क्रोनोलॉजी है' जैसे वाक्यांशों की इस संदर्भ में चर्चा की जा रही है। नतीजा ये हुआ कि विपक्ष को इस मुद्दे को भुनाने का अच्छा अवसर मिल गया। वहीं जो लोग इन मुद्दों को लेकर पहले ही नाराज चल रहे थे उनकी नाराजगी और बढ़ गई। नतीजे हिंसा के रूप में सामने आ चुके हैं और आ रहे हैं। पहले विरोधी तोड़-फोड़ कर चुके, अब समर्थक फायरिंग कर रहे... और न जाने आगे क्या होगा? जब हम 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःख भाग् भवेत्' की बात करते हैं तो हमारी जिद भी इस श्लोक को चरितार्थ करने वाली होनी चाहिए। दुनिया का पथ प्रदर्शक बनने का सामर्थ्य रखने वाले भारत की ओर दुनिया इसी नजरिए से देखती है। वसुधैव कुटुंबकम् का प्राणतत्व प्राप्त भारत से दुनिया यह भी उम्मीद नहीं करती कि वह किसी एक पीड़ित को अपनाकर पराए से अपने बने निर्दोष को साथ छोड़ने के लिए कह दे। वो भी तब जब पराए से अपना बना वो निर्दोष यहां अपना परिवार चलाने के साथ ही अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा हो। रहा सवाल आपराधिक प्रवृत्ति वालों का तो यह सर्वविदित है कि यह किसी के माथे पर लिखा नहीं होता। ताजा उदाहरण बीते दिनों जम्मू कश्मीर से गिरफ्तार एक डीएसपी है, जिसे कभी राष्ट्रपति पदक से नवाजा जा चुका था। इसलिए लेफ्ट-राइट की धारा में बहने वालों को अपने आवेश पर नियंत्रण रखना होगा। भारत के कूटनीतिक हितों की रक्षा के साथ ही इसकी महानता को भी अक्षुण्ण रखने समानांतर कदम उठाने होंगे। फिर इसे गौतम, गांधी का कहने में नए आध्यात्म व अजेय अलौकिक शक्ति का अहसास होगा-ऐसी शक्ति जो सत्य के बल पर बाहुबलियों से सज्ज शहस्त्र कोटि सेनाओं का भी सामना करने में सक्षम होगी। वैसे भी, ये विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर भारत का ही ज्ञान है- बाल न बांका कर सके जो जग बैरी होय।

नान के पूर्व एमडी...

नान घोटाला मामले के मुख्य किरदार रहे चिंतामणि चंद्राकर को पद और कद से ज्यादा छूट दिए जाने को लेकर भी कौशलेंद्र सिंह सवालों के घेरे में हैं। रूल्स के परे जाकर उन्होंने चंद्राकर को अधिकार दिए थे। उन पर यह भी आरोप है कि नान में चल रहे घोटाले की जानकारी उन्हें थी, ऐसे में घोटाले में कौशलेंद्र सिंह की भूमिका भी ईओडब्ल्यू तलाश रहा है. सूत्र बताते हैं कि जांच में यह तथ्य उजागर हुआ है कि तत्कालीन एमडी तक घोटाले की बड़ी रकम पहुंची. बताते हैं कि नान में छापे पड़ने के बाद यह खुलासा हुआ था कि बड़े पैमाने पर घोटाला किया जा रहा है, तब वहां कई आला अधिकारियों को आरोपी बनाया गया। लेकिन घोटाला इससे पहले भी चल रहा था। बड़े पैमाने पर अवैध रकम की उगाही की जा रही थी। इसका पूरा ब्यौरा डायरी में दर्ज किया जाता रहा था। ईओडब्ल्यू को जांच के दौरान यह क्लू मिला और यही वजह रही कि तत्कालीन एमडी कौशलेंद्र सिंह भी घेरे में आ गए।

12 पदों की सीधी भर्ती...

दिया गया। नियम को ताक पर रख की गई भर्ती के मामले में एम एल प्रसाद और के एस श्रेय के खिलाफ कार्रवाई की गई, लेकिन कौशलेंद्र सिंह के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई. तब वह प्रतिनियुक्ति पर नान में पदस्थ थे. ईओडब्ल्यू इन तमाम मसलों को भी जांच के दायरे में रखे हुए है।

अमन सिंह प्रकरण...

ननकीराम कंवर की शिकायत पर सरकार ने अमन सिंह के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए एसआईटी बनाई थी। लेकिन हाईकोर्ट में लगी याचिका के बाद हाईकोर्ट ने अमन सिंह के खिलाफ एसआईटी जांच पर रोक लगा दी थी। एसआईटी जांच में लगी रोक के बाद राज्य सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट के डबल बेंच में जस्टिस रोहिंटन नरीमन और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया कि सालभर से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट बिलासपुर को 26 फरवरी को प्रकरण का निराकरण करने का आदेश दिया हैं। हाईकोर्ट के रूख के बाद इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट 2 मार्च को सुनवाई करने वाला है।

सबरीमाला मंदिर में...

अशोक भूषण, न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एम एम शांतनागौडर, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत शामिल हैं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता फाली एस नरीमन, कपिल सिब्बल, श्याम दीवान और राकेश द्विवेदी ने कहा कि पुनर्विचार के अधिकार क्षेत्र के दायरे में आने वाले मुद्दों को वृहद पीठ को नहीं भेजा जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि पुनर्विचार के मामले में, संभावनाएं बहुत सीमित होती हैं और अदालत बस इतना देख सकती है कि समीक्षा के तहत फैसले में कोई स्पष्ट गलती है या नहीं।

सदन में विपक्ष....

जमकर नारेबाजी की। सीएए वापस लेने की मांग की। लेकिन लोकसभा में भाजपा ने स्पष्ट किया कि नागरिकता संशोधन कानून में कुछ भी गड़बड़ी नहीं है। इसलिए इसके विरोध में हो रहे प्रदर्शनों का कोई औचित्य नहीं है और यह कानून किसी भी स्थिति में वापस नहीं लिया जाएगा।

प्रवेश वर्मा से...

कहा कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति से चर्चा की शुरुआत कराई जिसके चुनाव प्रचार पर चुनाव आयोग ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह सरकार की ऐंठन दिखाता है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष के पहले वक्ता के बोलते समय बहिर्गमन करते हुये दुःख हुआ, लेकिन उनके पास और कोई चारा नहीं था। इससे पहले जब पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद श्री वर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुये उस पर बोलना शुरू किया, कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने बहिर्गमन किया था।

जामिया छात्रों पर...

सरकार बच्चों पर जुल्म कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम तमाम जामिया के बच्चों के साथ हैं। ये हुकूमत बच्चों पर जुल्म कर रही है। ये जानते हैं कि एक बच्चे की आंख चली गई, बताएं क्यों मार रहे हैं। शर्म नहीं है इनको, बच्चों को मार रहे हैं। गोलियां मार रहे हैं।

हाई सैलरी वाले लोगों...

रिटायरमेंट फंड अब टैक्स के दायरे में आ सकते हैं, क्योंकि इसमें निवेश की 7.5 लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। हालांकि, इसका असर केवल हाई सैलरी पैकेज वाले कर्मचारियों पर ही पड़ेगा। अब तक नियोक्ता द्वारा पीएफतथा एनपीएस में अंशदान टैक्सफ्री था और इसकी कोई ऊपरी सीमा भी नहीं थी।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 60463/निविदा सूचना क्रमांक : 18/व.ले.लि./2019-20 दिनांक 01.02.2020
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **20.02.2020** (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

सिस्टम निविदा क्रं.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
60463		खारंग जलाशय सैच्य क्षेत्र के विकसित 2950 हे. (जल उपभोक्ता संस्था लोहर्सी, सोन एवं जोंधरा के अंतर्गत) कृषि क्षेत्र में अन्डर ग्राउंड पाईप लाईन सिस्टम से काडा एवं जल प्रबंधन संरचनाओं का निर्माण कार्य योजना अंतर्गत शामिल आवश्यक सर्वेक्षण कार्य, प्लानिंग, डिजाईन, ड्राईंग, लेआउट प्लान, इस्टीमेट हेतु संबंधित ग्रामों का नक्शा, लेजर, खसरा बी-1 आदि का रेवेन्यू विभाग से संग्रहण यू.जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्ण ले आउट प्लानिंग हेतु नक्शे तैयार करना, कार्यों के निर्माण हेतु संबंधित कृषकों से सहमति प्राप्त करना, ले आउट करना एवं संबंधित कृषकों से फंक्शनल ग्रांट का 10 प्रतिशत भाग काडा एवं जल प्रबंधन कार्य हेतु एकत्रित करना, लेआउट उपरांत यू.जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्णता हेतु जल संसाधन विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप एवं निर्धारित मापदण्डों का पालन करते हुए यू.पी.व्ही.सी. पाईप लाईनों का निर्माण एवं सभी निर्धारित ज्वाईंट पर आवश्यक एवं सफल जल बहाव हेतु आवश्यक वाल्व इत्यादि संरचनाओं का निर्माण करना तथा प्रस्तावित 2950 हेक्टेयर क्षेत्र के 10 प्रतिशत भाग (295 हेक्टे.) में मापदण्डों के अनुसार माइक्रो एरीगेशन प्रणाली का निर्माण (समस्त कार्यों हेतु आवश्यक सभी सामग्रियों हेतु एवं मशीनों का लीड लिफ्ट सहित) संपूर्ण निर्मित की गई काडा नालियों एवं जल प्रबंधन कार्यों से सिंचाई हेतु आवश्यक सभी प्रकार की व्यवस्थाएं, प्रबंधन आदि कार्य सहित राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय अधिकृत संस्था/फर्म से निरंतर थर्ड पार्टी द्वारा मूल्यांकन कराना तथा उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यों के आरंभ से पूर्ण होने तक निरंतर संबंधित कृषकों, ग्रामवासियों के साथ निर्धारित गाईड लाईन के अनुरूप एवं समय-समय पर प्रसारित होने वाले विभागीय आदेशानुसार वर्कशाप, सेमीनार, ट्रेनिंग, डिमास्ट्रेशन एवं कृषकों की जन भागीदारी एवं जिम्मेदारी हेतु जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों को परिचित कराते हुए जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।	**रु. 961.25 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **06.02.2020** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-76556/5

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

बिंदास अभिनेत्री के रूप मे पहचान बनायी उर्मिला ने

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में उर्मिला मतोड़कर को एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर शुमार किया जाता है कि जिन्होंने अपने बोल्ड अभिनय से बिंदास अभिनेत्री के रूप में दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनायी है।

मुंबई में 04 फरवरी 1974 को जन्मी उर्मिला मतोड़कर ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म कलयुग से बतौर बाल कलाकार के रूप में की। इसके बाद उनको शेखर कपूर की वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म 'मासूम' में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनपर फिल्माया यह गीत 'लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा' बच्चों के बीच आज भी लोकप्रिय है। इस बीच उर्मिला मतोड़कर ने छोटे पर्दे के लिये कुछ सीरियलों में भी काम किया। वर्ष 1989 में उर्मिला मतोड़कर को कमल हसन के साथ मलयालम फिल्म चाणक्य में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म नरसिम्हा के जरिये उन्होंने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की। यूं तो यह पूरी फिल्म सन्नी देओल और ओम पुरी के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन उर्मिला मतोड़कर ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म रंगीला उर्मिला मतोड़कर के करियर के लिये महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। राम गोपाल वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने एक डांसर की भूमिका निभायी थी।

सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की परवाह नहीं करती सनी लियोनी

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी का कहना है कि वह सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की परवाह नही करती है।

सनी लियोनी की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फॉलोइंग है लेकिन उन्हें भी ट्रोलिंग से गुजरना पड़ता है। सनी ने इस सिलसिले में अपनी राय रखी है। सनी ने सोशल मीडिया नेगेटिविटी के बारे में बात करते हुए कहा कि जितने भी पोस्ट्स वे डालती हैं, जैसा कि हाल ही में उन्होंने कोरोना वायरस से जुड़ा पोस्ट शेयर किया है, इन पोस्ट्स में आने वाले थोड़े बहुत नेगेटिव कमेंट्स की वे परवाह नहीं करती हैं। सनी लियोनी ने कहा कि वह उन थोड़े से लोगों के नेगेटिव कमेंट्स पर ध्यान देकर अपना समय खराब नहीं करती हैं बल्कि कंस्ट्रक्टिव क्रिटिस्म में विश्वास करती हैं। वे इसके बजाए उन लोगों की बातों पर ज्यादा फोकस करती हैं जो उनसे लंबे समय से सोशल मीडिया पर जुड़े हैं और उनके शुभचिंतक हैं।

स्टूडेंट ऑफ दि इयर 3 में काम करेंगी अलाया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला स्टूडेंट ऑफ दि इयर 3 में काम करती नजर आ सकती है। अलाया फर्नीचरवाला ने फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अलाया अब अपनी दूसरी फिल्म को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। चर्चा है कि अलाया ,करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ दि इयर 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। यह फिल्म इसी साल बैकांक में फ्लोर पर जाएगी। हालांकि फिल्म के बाकी कलाकारों के नाम अभी फाइनल नहीं हुए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म स्टूडेंट ऑफदि इयर में आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने करियर की शुरुआत की थी। वर्ष 2019 में स्टूडेंट ऑफदि इयर 2 में टाइगर श्रॉफ, तारा सुतारिया और अनन्या पांडे जैसे सितारे नजर आए थे।

धांसू है 'बागी-3' का यह पोस्टर, फिर 'वॉर' की तैयारी में टाइगर श्रॉफ

सोशल मीडिया पर शेयर होते ही यह पोस्टर वायरल हो गया है। पोस्टर इतना शानदार बन पड़ा है कि अब फैंस ट्रेलर देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि फिल्म का ट्रेलर 6 फरवरी को रिलीज होने वाला है। 'बागी' और 'बागी-2' के जबरदस्त हिट होने के बाद टाइगर श्रॉफ अब 'बागी-3' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया है और क्या खूब सामने आया है। इस पोस्टर को देखकर ही अंदाजा लग जाता है कि टाइगर एक बार फिर 'वॉर' के मूड में हैं। यह पोस्टर बता देता है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर सकती है। बता दें कि पिछली फिल्म 'वॉर' में रितिक रोशन के साथ टाइगर श्रॉफ की ऐक्शन जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था।

QUIZ TIME

1) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2019 में कितने प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया है?
2) हर्ष के शासनकाल में उत्तर भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर कौन-सा है?
   (क) पाटलिपुत्र (ख) उज्जैन (ग) कन्नौज (घ) थानेश्वर
3) भारत के किस राज्य का लिंगानुपात सबसे कम है? (मिजोरम / हरियाणा)
4) उस घास का क्या नाम था, जिसे उखाड़कर श्रीकृष्ण ने मुट्ठी में लिया तो वह मूसल बन गई और जिससे श्रीकृष्ण ने अनेक यादवों का संहार किया?
5) नेहरूजी के मंत्रिमंडल में एन. गोपालस्वामी अयंगर को कौन सा मंत्रालय दिया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) 6 (2) कन्नौज (3) हरियाणा (4) एरका (5) रेलवे तथा यातायात

जाह्नवी बोलीं- बॉलिवुड में हिरोइन की ब्रांड वैल्यू कम है, ज्यादा फीस मांगने की हैसयित नहीं है मेरी

जाह्नवी कपूर बताती हैं कि घर में हमेशा फिल्म बिजनस की चर्चा होती रहती है, इसलिए वह फिल्म बिजनस और बॉलिवुड ऐक्टर्स को मिलने वाली फीस ग्राफ को अच्छी तरह समझती हैं।

जाह्नवी बोलीं- बॉलिवुड में हिरोइन की ब्रैंड वैल्यू कम है, ज्यादा फीस मांगने की हैसयित नहीं है मेरीजाह्नवी बोलीं- बॉलिवुड में हिरोइन की ब्रैंड वैल्यू कम है, ज्यादा फीस मांगने की हैसयित नहीं है मेरी। बॉलिवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी दूसरी फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' की रिलीज़ को लेकर उत्साहित हैं। इन दिनों वह 'दोस्ताना 2' की शूटिंग कर रही हैं। जाह्नवी ने इस बीच नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से हुई खास बातचीत में फिल्म इंडस्ट्री में हीरो की तुलना में हिरोइन को मिलने वाले कम मेहनताने पर खुल कर बात की। जान्हवी ऐक्ट्रेस होने के साथ-साथ प्रड्यूसर बोनी कपूर की बेटी हैं तो जाहिर है, वह फिल्म और फिल्म स्टार्स के बिजनस से जुड़ी बारीकियों को अच्छी तरह समझती हैं।

मैं अच्छी तरह समझती हूं कि हीरो-हिरोइन के बीच फीस में बड़ा अंतर क्यों है: जाह्नवी से सवाल था कि हीरो-हिरोइन के बीच फीस के अंतर पर पिछले कई सालों से खुल कर बात हो रही है। पिछले कई सालों में दीपिका पादुकोण, कंगना रनौत, प्रियंका चोपड़ा, तापसी पन्नू, करीना कपूर, अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ जैसी अभिनेत्रियों ने इस विषय पर आवाज उठा कर इस अंतर को कम भी किया है। आप बोनी कपूर जैसे प्रड्यूसर की बेटी हैं, इस विषय को किस तरह देखती हैं जान्हवी समझाते हुए बताती हैं, 'मुझे लगता है, मैं यह अच्छी तरह समझती हूं कि हीरो-हिरोइन के बीच मेहनताने में बड़ा अंतर क्यों है।'

'मलंग' में किस तरह के पुलिसवाले का रोल कर रहे हैं अनिल कपूर

अनिल आगे कहते हैं, इसके बाद 'जंजीर' फिल्म थी। इसमें अमिताभ बच्चन ने जबरदस्त अभिनय किया था। इसके बाद मेरी फिल्म 'राम लखन' आती है, जिसमें मुझे भी मौका मिल गया पुलिसवाले का रोल करने का। हालांकि इस फिल्म में जो मैंने रोल किया था, वह पुलिसवाला धनी बनने के लिए सिस्टम के खिलाफ भी जाने को तैयार रहता है। बॉलिवुड में अपनी फिटनेस के लिए एक अलग पहचान रखने वाले सुपरस्टार अनिल कपूर इन दिनों 'मलंग' फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अनिल काफी फिल्मों में पुलिसवाले का रोल कर चुके हैं।

नए टैक्स सिस्टम में ईएलएसएस पर पड़ेगी सबसे बड़ी मार!

- नए सिस्टम में टैक्सपेयर्स को कम टैक्स रेट चुनने की इजाजत होगी। ऐसे में निचले टैक्स स्लैब्स चुनने वाले निवेशक इनकम टैक्स एग्जेम्पशन क्लेम नहीं कर सकेंगे और वे ELSS जैसे प्रॉडक्ट्स में निवेश बंद कर सकते हैं।

मुंबई। म्यूचुअल फंड्स के टैक्स सेविंग इंस्ट्रूमेंट इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम्स (ELSS) की पॉपुलैरिटी थोड़ी घट सकती है। बजट में घोषित नए इनकम टैक्स सिस्टम से कर की देनदारी घटाने में मददगार इस प्रॉडक्ट की डिमांड में कमी आ सकती है। नए सिस्टम में टैक्सपेयर्स को कम टैक्स रेट चुनने की इजाजत होगी लेकिन उन्हें टैक्स सेविंग प्रॉडक्ट्स में निवेश पर मिलने वाले एग्जेम्पशन और डिडक्शन को अलविदा कहना होगा।

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एग्जिक्यूटिव्स का कहना है कि टैक्स चुकाने के बाद ज्यादा इनकम बचे, इसके लिए टैक्सपेयर्स नई व्यवस्था अपना सकते हैं। ये ELSS जैसे प्रॉडक्ट्स में निवेश करना बंद सकते हैं, जिनके जरिए हाल के वर्षों में MF के पास मैनेजमेंट के लिए मोटी रकम आती रही थी।

PPFAS म्यूचुअल फंड के सीईओ नील पारेख कहते हैं, 'टैक्स के निचले स्लैब में आनेवाले जिन लोगों को ज्यादा कैश की जरूरत है, वे अब टैक्स सेविंग्स के लिए निवेश करना बंद कर सकते हैं।' टैक्सपेयर्स इनकम टैक्स ऐक्ट के सेक्शन 80 सी के तहत दूसरे निवेश विकल्पों सहित ELSS, ULIP और PPF जैसे प्रॉडक्ट्स के जरिए डेढ़ लाख रुपये तक के टैक्स की बचत कर सकते हैं। इंश्योरेंस कंपनियों की यूनिट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान (ULIP) और पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) के मुकाबले ELSS में लॉक इन पीरियड कम होने के चलते पिछले कुछ वर्षों से इसमें बड़े पैमाने पर निवेश होता रहा है। ELSS में लॉक इन पीरियड तीन साल का है। हर बड़े फंड हाउस के पास अलग ELSS है।

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए निवेश का विकल्प होने के चलते निवेशक हर महीने ELSS में मोटी रकम लगाते रहे हैं। ELSS फंडों का ऐसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) पिछले तीन वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। ELSS का रू दिसंबर 2019 में 99,817 करोड़ रुपये रहा था जो उससे पिछले साल 88,512 करोड़ रुपये और दिसंबर 2017 में 80,891 करोड़ रुपये था।

रॉयल एनफील्ड क्लासिक, बुलेट एवं थंडरबर्ड 500सीसी मोटरसाईकल भारत में केवल 31 मार्च तक ही रिटेल में मिलेंगी

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड 'बुलेट क्लासिक 500' का लॉन्च एक दशक पहले, सन 2008 में किया गया। उसके बाद से कंपनी की हॉलमार्क, यूसीई 500 बब सिंगल सिलेंडर मोटरसाईकल ने लंबे स्ट्रोक कैरेक्टर की रॉयल एनफील्ड की परंपरा का प्रदर्शन किया है। यह एक अद्वितीय थंप निर्मित करती है, जो इसके राईडर्स के दिलों में गूंजता है। यह 500 सीसी मोटरसाईकल क्लासिक 350 सीसी का मौलिक स्वरूप थीं और दुनिया में रॉयल एनफील्ड की सफलता का मुख्य साधन बनीं। भारत में 500सीसी सिंगल सिलेंडर, लांग स्ट्रोक, यूनिट कंस्ट्रक्शन मोटरसाईकल्स का उत्पादन बंद करने की घोषणा करते हुए आज रॉयल एनफील्ड ने बताया कि स्पेशल सीरीज़ मोटरसाईकल, क्लासिक 500 ट्राईब्यूट ब्लैक लिमिटेड एडिशन का उत्पादन बंद किया जा रहा है। भारत में आईकोनिक लाँग स्ट्रोक सिंगल सिलेंडर यूसीई 500सीसी इंजन वाली ये मोटरसाईकल भारत में अंतिम होंगी और सीमित प्रोडक्शन रन में केवल ऑर्डर पर बनाई जाएंगी। हर मोटरसाईकल में स्मरणीय 'एंड ऑफ बिल्ड' सीरियल नंबर्ड प्लैक लगा होगा, जो अपने मालिक के लिए इसकी अद्वितीयता प्रदर्शित करेगा।

नया डीडीटी सिस्टम, अप्रैल से पहले आएगी डिविडेंड की बाढ़!

- 1 अप्रैल से पहले इंटरिम डिविडेंड दे सकती हैं कई कैश रिच कंपनियां
- बजट में देने वाले के बजाय डिविडेंड पाने वाले पर टैक्स देनदारी का प्रस्ताव किया गया है
- इससे कंपनियों के प्रमोटरों को डिविडेंड पर 43% तक देना पड़ सकता है टैक्स

मुंबई। मार्च 2020 में उन कंपनियों की ओर से इंटरिम डिविडेंड के ऐलान की आपाधापी मच सकती है, जिनमें प्रमोटर होल्डिंग ज्यादा है। बजट में प्रस्ताव किया गया है कि जिसे डिविडेंड मिलेगा, उसे अपने टैक्स स्लैब के हिसाब से उस पर टैक्स चुकाना होगा। यह प्रावधान पहली अप्रैल से लागू होगा। कंपनियों में हिस्सेदारी या तो प्रमोटर ओनर खुद अपने पास रखते हैं या किसी ट्रस्ट के जरिए मैनेज करते हैं। ये ऊंचे टैक्स ब्रैकेट में हैं। पहली अप्रैल से उन्हें डिविडेंड पर 43 फीसदी तक टैक्स देना पड़ेगा।

फिलहाल 10 लाख तक का डिविडेंड टैक्स-फ्री

अभी देश में शेयरहोल्डर्स को देसी कंपनियों से मिलने वाले सालाना 10 लाख रुपये तक के डिविडेंड पर कोई टैक्स नहीं देना होता है। वहीं 10 लाख रुपये से ज्यादा की डिविडेंड इनकम पर उन्हें 10 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होता है। डिविडेंड डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स खत्म करने का प्रस्ताव बजट में किया गया है। इस तरह डिविडेंड पाने वाले को अपने संबंधित टैक्स स्लैब के हिसाब से टैक्स चुकाना होगा, जिसकी दर 43त्न तक जा सकती है।

डिविडेंड ऐलानों की आएगी बाढ़!

असोसिएशन ऑफ नैशनल एक्सचेंजेज ऑफ मेंबर्स ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट विजय भूषण ने कहा, 'ज्यादा प्रमोटर होल्डिंग वाली कंपनियों की ओर से मार्च में डिविडेंड की घोषणा की बाढ़ आ सकती है।' उदाहरण के लिए मुकेश अंबानी और उनकी निजी कंपनियों को वित्त वर्ष 2019 में रिलायंस इंडस्ट्रीज से 1800 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला था। अनिल अग्रवाल और उनकी होल्डिंग कंपनियों को पिछले साल वेदांता से 3500 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला था। इसी तरह मुंजाल और उनके परिवार के सदस्यों को हीरो मोटोकॉर्प से करीब 600 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला था। ये आंकड़े वित्त वर्ष में किए गए डिविडेंड भुगतान और प्रमोटरों की होल्डिंग के आधार पर की गई गणना पर आधारित हैं।

छत्तीसगढ़ में सीमेंट कंपनियों का संकट

रायपुर। छत्तीसगढ़ खनिज पदार्थों का गढ़ है। यहां की जमीन में छिपे खनिज मानो रत्न हैं जो प्रदेश में रोज़गार के नये अवसर प्रदान करते हैं और राज्य की खुशहाली में अहम भूमिका निभाते हैं। सीमेंट उद्योग भी एक ऐसा उद्योग है जो छत्तीसगढ़ की भूमि के गर्भ में छिपे खनिज के कारण फल-फूल सकता है और हजारों परिवारों को रोज़गार दे रहा है। लेकिन आज राज्य में सीमेंट उद्योग संकटग्रस्त है और कुछ कंपनियां तो बिकने अथवा बंद होने के कगार पर हैं। यदि ऐसा हो गया तो बड़ी संख्या में लोग बेरोज़गार हो सकते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है कि यदि इस पर ध्यान न दिया गया है तो बहुत परिवार सड़क पर आ जाएंगे। आसन्न संकट की इस चेतावनी की उपेक्षा करना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने के समान होगा।

सूत्रों के अनुसार -सीमेंट उद्योग पूंजी-सघन उद्योग है, यानी इसे चलाए रखने के लिए बड़ी पूंजी की आवश्यकता होती है। पूंजी निवेश लगातार बढ़ाये बिना सीमेंट उद्योग फल-फूल नहीं सकता, परंतु सीमेंट उद्योग के लिए पूंजी निवेश आज घाटे का सौदा है। सीमेंट उद्योग लगाने के लिए बहुत अधिक ज़मीन चाहिए। यह एक बड़ा निवेश है, इसके अतिरिक्त रोज़मर्रा के खर्चों में बिजली, खनन के खर्चे, कच्चे माल की कीमत में तो बढ़ोत्तरी हो ही रही है, डीज़ल, परिवहन, रेलवे की ढुलाई आदि की कीमत में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है जबकि सीमेंट की कीमत शायद पूरे भारत में छत्तीसगढ़ में ही सबसे कम है। तुर्रा यह है कि सीमेंट पर जीएसटी भी 28 प्रतिशत है, जो एक आम उपभोक्ता के लिए बड़ी चिंता का कारण है।

कोयले के दाम साल-दर-साल बढ़ते रहे हैं और पिछले तीन वित्त वर्षों में यह बढ़ोत्तरी 20 प्रतिशत के आसपास रही है। बिजली के दाम भी पिछले 7 सालों से लगातार बढ़े ही हैं ईंधन, कच्चे माल, ढुलाई, बिजली तथा कर्मचारियों का वेतन तथा अन्य खर्चे इस उद्योग की कमर तोड़ देने के लिए काफी हैं।

सोना स्थिर, चाँदी 600 रुपये फिसली

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 42,370 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहा जबकि चाँदी 600 रुपये लुढ़ककर 47,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 14.25 डॉलर टूटकर 1,574.75 डॉलर प्रति औंस रह गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 6.40 डॉलर फिसलकर 1,581.50 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

विनिर्माण गतिविधियां जनवरी में आठ साल के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। नये ऑर्डरों, उत्पादन, निर्यात, कच्चे माल की खरीद और रोजगार में वृद्धि के दम पर इस साल जनवरी में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां लगभग आठ साल के उच्चतम स्तर पर पहुँच गयीं।

आईएचएस मार्केट के आज यहां जारी विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर 2019 के 52.7 से बढ़कर गत जनवरी में 55.3 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे नीचे रहना इसमें गिरावट दिखाता है जबकि सूचकांक का 50 पर रहना स्थिरता का द्योतक है।

आईएचएस मार्केट की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनवरी में विनिर्माण के उपवर्गों में उपभोक्ता वस्तुओं में सबसे अधिक तेजी रही। अंतरिम वस्तुओं के उप वर्ग में वृद्धि का क्रम बना रहा जबकि पूँजीगत वस्तुओं के उप वर्ग में तेजी लौट आयी। कई कंपनियों ने बताया कि विपणन की उनकी रणनीति के सफल परिणाम मिले हैं।

निर्यात के ऑर्डरों में नवंबर 2018 के बाद की सबसे बड़ी तेजी रही। एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका से सबसे ज्यादा ऑर्डर मिले। मजबूत माँग के कारण कंपनियों ने अपना उत्पादन भी बढ़ाया। उत्पादन में वृद्धि साढ़े सात साल के उच्चतम स्तर पर रही।

बचेली जर्जर सड़क बयां कर रही जिम्मेदारों की लापरवाही

- बचेली वासियो, जनप्रतिनिधियों से अपने जख्मो को भरने की गुहार लगाता एक गड्ढा
- सड़क के गड्ढे की वजह से वजह से विपरीत दिशा में जाते वाहन चालक हमेशा बना रहता है दुर्घटना का खतरा

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। एक सड़क के गड्ढे की दर्द भरी दास्तान सुनिए उसी की जुबानी पुराना मार्किट चढ़ाव में बीचो बीच सालो से कराह रहे इस गड्ढे का क्या कहना है सुने। कैसे हैं दोस्तों आज मैं आपको मेरी दर्द भरी कहानी बयां करने जा रहा हूं कहने को तो मैं सिर्फ एक सड़क का गड्ढा मात्र हूं परंतु जब लोग मेरे ऊपर से होकर गुजरते हैं कई बार लोग जख्मी हो जाते हैं घायल हो जाते हैं गिर जाते हैं। ज्यादातर लोग मुझे ही कोसते हैं गालियां देते हैं मुझे ही इस वजह के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है जिससे मुझे बहुत ही दुख पहुंचता है मैं कभी नहीं चाहता कि मेरी वजह से किसी को कोई नुकसान हो परंतु मैं कर भी क्या सकता हूं मैं बेबस हूं।

चुनाव के समय कई राजनीतिक दलों ने राजनीति चमकाने के लिए मुझे भरने की कोशिश की परंतु मैं आज पर्यंत ठीक नहीं हो पाया हूं संबंधित विभाग भी मेरी मदद करने के लिए तैयार नहीं है कोई जनप्रतिनिधि भी मेरी मदद नहीं कर रहा जिससे मैं काफी दुखी हूं मैं चाहता हूं कि मेरा इलाज हो मेरे जैसे बचेली नगर के मुख्य मार्ग में बहुत सारे गड्ढे है। जो जख्मो से कराह रहे है। लेकिन हमारा इलाज करने वाला कोई नही। मैं चाहता हूं कि बचेली के नगर में जितने भी मेरे जैसे जख्मों से भरे हुए गड्ढे हैं हम सभी के जख्मों को भरा जाए जिससे हमारे ऊपर सड़क में चलने वाले लोगों खुशी महसूस हो हम लोग बचेली की बदनामी का कारण नहीं बनना चाहते आप सभी से विनती है कि हमारे इलाज में मदद कीजिए संबंधित विभाग जो बहरा हो चुका है उसे आप सब मेरी आवाज को उन तक पहुंचाने का कष्ट करें।

महिला कमांडो के समूह ने पुलिस को सौंपा पांच क्विटल महुआ

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। बाराद्वार से लगे ग्राम मुक्ताराजा की महिला कमांडो इन दिनों क्षेत्र के लोगों के लिए किसी मिसाल से कम नहीं हैं। शाम ढलते ही अवैध कारोबारियों को ठिकाना लगाने कोई इन महिलाओं से सीखे। इनकी चहलकदमी को देख बदमाशों के होश उड़ गए हैं। चाहे शराब कारोबारियों का बोलबाला हो या अवैध कारोबारियों का खेल। महिला कमांडो की खौफ इतनी है कि लोग शाम ढलते ही किसी तरह की गलत हरकत करने में डरते हैं। महिलाओं ने इन दिनों अवैध शराब विक्रेताओं के होश ठिकाने लगा दिए हैं।

ये महिला कमांडो न केवल अवैध शराब विक्रेताओं को पकड़तीं हैं, बल्कि ऐसे लोगों का सुराग पुलिस को भी बताकर सलाखों के पीछे भेजने कोई कसर नहीं छोड़तीं। हर बार की तरह रविवार की सुबह महिला कमांडो की समूह ने गांव के एक तालाब से तकरीबन पांच क्विंटल महुआ पास को पकड़ा है। महुआ पास को तालाब से निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया है।महिला कमांडो की अध्यक्ष स्मिता, द्वासा, सरिता देवी, मिलन बाई हेम बाई ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव के एक तालाब में कुछ लोग अवैध शराब बनाने के लिए महुआ पास रखा है। सूचना मिलते ही गांव की महिलाओं ने तालाब पहुंचकर तकरीबन पांच क्विंटल महुआ पास जब्त की है। मौके पर पुलिस को बुलाकर सारे महुआ पास को नष्ट कराया गया।

गांव में कम हो रहे अपराध

बाराद्वार थाने के सब इंस्पेक्टर उदभान ने बताया कि महिला कमांडो की गतिविधि के चलते गांव में अपराध का ग्राफ कम हो गया है। जहां भी गांव में अवैध कारोबारियों की सूचना मिलती है महिला कमांडो के द्वारा हमें सूचना दी जाती है। फिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। महिला कमांडो रात्रि गश्त भी करतीं हैं। इसके चलते गांव में अवैध शराब की बिक्री सहित अन्य गलत कामों में विराम लग गया है।

अधिकारी ने कहा बारदाने गायब, बारदाना प्रभारी ने कहा आरोप गलत

दो गोदाम में था बारदाना

धान खरीदी केंद्र सरभोका में किसानों के द्वारा लाये गए धान को क्रय करने शासन द्वारा नए व पुराने बारदाने की व्यवस्था की गई है जहाँ इस समिति में भी मांग अनुशार बारदाना भेजा गया जहाँ बारदाना प्रभारी रवि कुमार अनुसार भेजे गए बारदाने को दो गोदाम में रखा गया था जहाँ जाच में आई टीम द्वारा दूसरे गोदाम की चाभी स्टाफ के नही आने के कारण उपलब्ध नही हो पाया जिससे एक गोदाम में बारदाना कम दिखा जब कि उस दिन 1800 किवंटल के लगभग किसानों को भी बारदाना दिया गया था व दूसरे गोदाम में बारदाना समिति में ही हैं बारदाना गायब होने की बात गलत हैं समिति में धान व बारदाना सही मात्रा में उपलब्ध है ।

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले के धान खरीदी केन्द्र सरभोका में अधिकारियों की टीम ने 30 जनवरी को बारदाने का सत्यापन किया जहा धान खरीदी केंद्र में लगभग 1800 किवंटल धान खरीदी के लिये किसानों का टोकन कटा था जिससे खरीदी केंद्र में पहुँचे किसानों ने अपने धान को पलटने समिति से बारदाना लिया किन्तु अधिकारियों ने दिये बारदाने को सामिल न कर स्टाक का सत्यापन कर दिया जिससे धान खरीदी केंद्र में किसानों को दिए बारदानों को कम न करने से स्टाक कम हो गया जिससे अधिकारियों की टीम ने बारदाना प्रभारी को नोटिस जारी कर हटा दिया वही समिति के स्टाफ किसी भी प्रकार से बारदाने की कमी से इंकार कर रहे जिससे अब अधिकारियों के कार्यवाही को लेकर जिले में यह मामला सुर्खियों में बना हुआ है जिससे अधिकारियों के जाँच व कार्यवाही को लेकर सवाल उठना लाजमी है !

विदित है कि धान खरीदी समिति सरभोका में अधिकारियों की टीम ने बारदाने के सत्यापन में शिकायत के आधार पर जाच की व 30 जनवरी को समिति में धान लेकर आये किसानों को पलटी के दिए खाली बारदानों को शामिल न कर स्टाक का सत्यापन किया जिससे धान खरीदी केंद्र में 11 हजार बारदाने कम मिले वही धान खरीदी केंद्र में बारदाने प्रभारी द्वारा दिये जानकारी को भी मानने से इंकार कर दिया जिससे अब इस कार्यवाही को लेकर सवाल उठना लाजमी है जब कि वर्तमान में समिति कर्मचारियों द्वारा स्टाक सही होने का दावा किया जा रहा ।

इनका कहना है

इस संबंध में जिला विपरण अधिकारी अमित कुमार चंद्राकर का कहना है कि जानकारी मिली थी कि सरभोका धान खरीदी समिति से बारदाने गायब हैं, तत्काल जाकर देखा गया तो वहां बारदाने नही पाए गए, पंचनामा बना कर बारदाना प्रभारी रवि साहू को कार्यालय में अटैच कर दिया गया है धान खरीदी प्रभारी से नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। बारदाने अभी तक वापस नहीं आये है।

-अमित कुमार चंद्राकर,
जिला विपरण अधिकारी कोरिया

अधिकारियों के द्वारा जाच में बारदाना कम होने की बात कही जा रही है जो कि गलत है वर्तमान में समिति में बारदाना उपलब्ध है जाच अधिकारी द्वारा एक गोदाम को नही देखा गया था साथ ही जो बारदाना 30 जनवरी को समिति में धान लाये किसानों को दिया गया उसे सामिल नही किया गया जिस कारण अधिकारियों को कम लगा।

-रवि कुमार,
बारदाना प्रभारी सरभोका

शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली। जिले के नवागांव टेमरी में युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत सिटीकोतवाली में होने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सिटीकोतवाली के अतर्गत ग्राम नवागांव की है जिसमें गांव के सजातीय युवक सुरेश साहू ने युवती के शादी करने का प्रलोभन देते हुए युवती से दुष्कर्म करने की बात सामने आयी है। युवक को शादी के लिए कहने पर व इसे टालता रहा, बीती रात भी आरोपी सुरेश ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस संबंध की जानकारी होने पर ग्रामवासियों ने बैठक कर शादी करने का प्रस्ताव रखा। इस पर युवक ने इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता के परिजनों ने मामले के शिकायत सिटी कोतवाली थाना में की। पुलिस ने आरोपी सुरेश साहू पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

जयकांता राठौर ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

- निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को कलेक्टर ने प्रदान किया प्रमाण पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में श्रीमती जयकांता हरिशंकर राठौर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह के धर्मपत्नी श्रीमती रत्ना सिंह को 9655 वोटों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।31जनवरी को हुए द्वितीय चरण के मतदान में श्रीमती जयाकंता हरिशंकर राठौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्रीमती रत्ना गुलजार सिंह को 9655 मतो से परास्त कर चुनाव जीते।श्रीमती जयाकंता हरिशंकर राठौर को कुल 19319 मत मिले,जबकि उनके निकटम प्रतिद्वंदी श्रीमती रत्ना सिंह को 9664 मत मिले।अन्य प्रत्याशियों में श्रीमती लक्ष्मीन चंद्रदेव महंत को 5400,श्रीमती सोनम को 1970 व श्रीमती उमा को 4170 मत प्राप्त हुए।श्रीमती जयाकांता राठौर ने अभी तक हुए चुनाव में सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर तिहासिक जीत दर्ज किए है।

कलेक्टर ने दी निर्वाचित प्रमाण पत्र

जिला पंचायत सभाकक्ष में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनक प्रसाद पाठक ने त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के द्वितीय चरण में गत 31 जनवरी को संपन्न चुनाव जिला पंचायत के विजेता प्रत्याशियों को सम्यक रूप से निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

सीएम सुपोषण अभियान के संबंध में बाल विकास परियोजनाओं की बैठक

मुंगेली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नुपूर राशि पन्ना ने 01 फरवरी को कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के मुंगेली विकासखण्ड की दोनों बाल विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएमएफ फंड अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष के कुपोषित बच्चों को अंडा एवं केला वितरण एवं बच्चों के पोषण स्तर में परिवर्तन तथा जिला प्रशासन से एकत्रित स्वेच्छिक दान फंड अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में एनीमिया पीड़ित महिलाओं की पौष्टिक थाली तथा उनके वजन के प्रगति की समीक्षा की गई।

श्रीमद्भागवत महापुराण का अयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान ज्ञय का संगीतमय 27 जनवरी से 4 फरवरी तक 9 दिवसीय आयोजन रामगोपाल सोनी द्वारा स्थानीय अक्षर निकेतन विद्यालय में किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस देव स्थापना के साथ गौकर्ण कथा में के संबंध में प्रवचन करते हुए बतलाया कि जगत में परमात्मा से संबंध जोड़ने से मनुष्य का परम कल्याण होता है। द्वितीय दिवस परिक्षित कथा और कलयुग आगमन पर प्रवचन करते हुए पंड़ित हेमंत पाठक ने बतलाया भागवत शास्त्र जीव को निर्भय बनाती है। कल्पवृक्ष रूपी भागवत की शरण में जाने से जीव ताप संताप से दूर होकर सुख, शांति व विश्राम पाता है। राजा परिक्षित ने कलयुग के प्रतीक सोने का मुकुट धारण कर ऋर्षी पुत्र से श्राप पाकर उन्हें राजगद्दी त्यागना पड़ा। जिससे मोक्ष के लिए राजा परिक्षित को शुकदेव जी महाराज से 7 दिन भागवत कथा का श्रवण करना पड़ा तत्तपश्चात उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। तृतीय दिवस सती चरित्र व ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बतलाया गया कि ध्रुव ने अपने अनन्य भक्ति से ईश्वर को प्राप्त कर विश्व विख्यात हुए और परम पद को प्राप्त हुए। राक्षस कुल में जन्म लिए भक्त प्रहलाद ने भी भगवान की भक्ति कर अपने पूर्वजों का उद्धार करा लिया। कृष्ण जन्म पर प्रकाश डालते हुए उन्होनें बतलाया कि पृथ्वी पर अत्यचार को समाप्त करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया और दैत्यों के भार से पृथ्वी माता को मुक्ति दिलाई।

कोरोना वायरस से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने कोरोना वायरस से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी कर लोगों से कोरोना वायरस से बचाव हेतु एहतियात बरतने एवं अफवाहों से बचने की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी ने बताया कि यह विषाणुओं का समूह है, जिससे सामान्यतः जानवरों को बीमारियों होती है, परन्तु कभी-कभी ये मनुष्यों में भी संक्रमण करता है। हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नए प्रकार के वायरस (कोरोना वायरस) के कारण निमोनिया के बहुत से प्रकरण पाए गए है। केरल राज्य के थिसुर जिले में कोरोना वायरस से प्रभावित पहले सकारात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अभी हमारे जिले में इसके रोगी नहीं है परतु हम अलर्ट है इस प्रकार के मामले आने पर सैंपल की जांच हेतु मरीज का रक्त नमूना भेजने एवं मरीज के उपचार की व्यवस्था जिला चिकित्सालय बीजापुर में की गई है। अब तक इस वायरस को फैलने से रोकने हेतु कोई टीका नहीं बना है।

लक्षण तथा बचाव के उपाय

इसके लक्षण आम फ्लू की तरह ही होते है जिसके कारण इसकी पहचान कर पाना मुश्किल है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बुखार के साथ जुखाम, सिरदर्द गले में खराश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खासने या छिकने पर हवा के माध्यम से संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क जैसे छुने या हाथ या हाथ मिलाने से संक्रमित सामग्रियों के संपर्क में आने बाद आंख या नाक को छुने से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।

सुरक्षा जांच | सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन के दिशा-निर्देशों की अनदेखी कर रहा स्कूल प्रबंधन

बिना फायर इक्विपमेंट चल रहीं सेंट जेवियर की तीन स्कूली बसों पर करवाई

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। परिवहन विभाग व यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान स्कूल बसों की जांच करते हुए चालक-परिचालक समेत स्कूल प्रबंधन को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के पालन का दिशा-निर्देश दिया गया था। परिवहन विभाग ने शनिवार को कोसाबाड़ी क्षेत्र में स्कूल बसों की जांच की। इसमें सेंट जेवियर के तीन बस पकड़ी गईं, जिनमें न तो सीसीटीवी लगे थे और न ही अग्निशमन उपकरण थे।

शहर में संचालित सेंट जेवियर स्कूल के तीन बस सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के पालन नहीं करते हुए नियम तोड़कर चल रहे थे। जिला परिवहन विभाग ने कार्यवाही करते हुये तीन स्कूल वाहनों को जब्त किया। उक्त तीनों बस जांच के दौरान छोटे बच्चो को वाहन में असुरक्षित ढंग से रखते हुए बिना परिचारक एवं बिना अग्निशमन यंत्र ,सीसीटीवी कैमरा के स्कूल ले जाते हुए पकड़े गए। पकड़े गए बस क्रमशः सीजी12एक्स0432, सीजी12बीए129 व सीजी12एक्स0191 है। गत दिनों सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सभी स्कूल वाहनों की जांच के दौरान समझाइश भी दी गई थी उसके बावजूद कुछ स्कूलों द्वारा नियमों की अनदेखी की शिकायत आ रही थी। जिस पर विभाग द्वारा सेंट जेवियर्स स्कूल के तीन वाहनों पर जब्ती की कार्यवाही की गई है।

मापदंड को पूरा न करने वाले वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सभी वाहन चालकों को नियमो का पालन करने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद भी नियमो की अनदेखी करने वाले सेंट जेवियस के स्कूल बस चालकों पर करवाई की गई है। मापदंड को पूरा न करने वाले वाहन चालकों पर आगे भी करवाई की जाएगी।

-विजेंद्र पाटले
डीटीओ, कोरबा

जयश्री शनिदेवजी का स्थापना दिवस आज

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जयश्री शनिदेवजी महाराज का स्थापना दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 फरवरी सोमवार को स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। 16 प्रकार का पूजा अभिषेक, श्रृंगार, हवन, महाआरती, प्रसादी भंडारण का आयोजन किया जायेगा। भगवान की सेवा में भक्त और श्रद्धालु के द्वारा किया जाता है। सन 2006 से स्व. जितेंद्र चैरसिया के द्वारा स्थापित किया गया था। तब से हर वर्ष स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें श्रद्धालु भक्तगण, नगरवासियों का शनिदेव मंदिर में तांता लगा रहता है। व्यवस्थापक श्रीमती प्रमिला चैरसिया, दुर्गा लाल गोयल, अवधेश पाठक, राजू सुथार, गोखलेश सिंह ठाकुर, शुभम चैरसिया, शिवम चैरसिया, अनिल तम्बोली, भानू सोनी, संजू सोनी।

न्यूज गैलेरी

सेमीफाइनल की तलाश में जुटे पुणे 7 एसेस का सामना अवध वॉरियर्स से

हैदराबाद (वार्ता)। चेन्नई सुपरस्टार्स और नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स स्टार स्पोर्ट्स प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं जिससे दो स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा रोचक और तेज हो गई है। लीग तालिका में पुणे 7 एसेस तीसरे स्थान पर है जबकि अवध वॉरियर्स ने चौथा स्थान कब्जा कर रखा है। इन दोनों के बीच सिर्फ एक अंक का अंतर है और अब देखने वाली बात यह है कि इनमें से कौन सी टीम सोमवार को जीएमसी बालायोगी स्टैट्स इंडोर स्टेडियम में होने वाले मुकाबलो में जीत हासिल करते हुए आगे का सफर तय करती है। रोचक बात यह है कि दोनों टीमें शनिवार को हुए सीजन के दूसरे डबल हेडर में अपने-अपने मुकाबले हार गईं। पुणे 7 एसेस को जहां नॉर्थ ईस्टर्न वॉरियर्स ने हराया वहीं अवध वॉरियर्स को चेन्नई सुपरस्टार्स ने बहुत कम अंतर से हार का स्वाद चखाया। अब दोनों टीमें जीत के लिए भूखी भी हैं और आगे जाने के लिए प्रेरित भी हैं।

विनेश को अपना आदर्श मानती हैं सोनम मलिक

नई दिल्ली (वार्ता)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक को हराकर तहलका मचाने वाली दो बार की विश्व कैडेट चैंपियन सोनम मलिक देश की स्टार पहलवान विनेश फोगाट को अपना आदर्श मानती हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं। 17 वर्षीय सोनम सोमवार को यहां बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमैन ऑफद इयर के पांच नामित खिलाड़ियों की घोषणा के अवसर पर मौजूद थीं और उन्होंने इस दौरान अपनी पंसदीदा पहलवान के बारे में पूछने पर कहा,÷मैं विनेश को ज्यादा बेहतरीन मानती हूं क्योंकि वह सबसे ज्यादा मजबूत पहलवान हैं।÷

मैरी, सिंधू, विनेश, दुती, मानसी बीबीसी महिला अवॉर्ड की दावेदार

नई दिल्ली (वार्ता)। छह बार की विश्व चैंपियन महिला मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम, बैडमिंटन की पहली भारतीय विश्व चैंपियन पीवी सिंधू, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण विजेता पहलवान विनेश फोगाट, स्टार फर्राटा धाविका दुती चंद और पैरा बैडमिंटन चैंपियन मानसी जोशी को बीबीसी ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया है। बीबीसी न्यूज में भारतीय भाषाओं की प्रमुख रुपा झा और बिजनेस डेवलपमेंट एशिया पैसिफिक प्रमुख इंदुशेखर सिन्हा ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमैन ऑफद इयर पुरस्कार पहली बार शुरु किया गया है और विजेता खिलाड़ी को आठ मार्च को एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार दिया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में युवा महिला पहलवान सोनम मलिक मौजूद थीं जिन्होंने हाल में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक को हराया था।

एशिया ओसनिया जोन टूर्नामेंट स्थगित

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन में फैले हुए कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए कजाकिस्तान सरकार ने अपने यहां होने वाले फेड कप एशिया ओसनिया जोन ग्रुप एक टूर्नामेंट को तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। यह टूर्नामेंट मूलतः चार से आठ फरवरी तक चीन के डोंगगुआन में आयोजित होना था लेकिन चीन में कोरोना वायरस के चलते अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने इसे कजाकिस्तान स्थानांतरित कर दिया था। लेकिन आईटीएफ ने अब बताया है कि कजाकिस्तान सरकार ने अपने यहां अंतरराष्ट्रीय खेल टूर्नामेंटों के आयोजन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका कारण कोरोना वायरस ही बताया गया है। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि आईटीएफने इस बात की पुष्टि की है कि यह फेड कप इवेंट तीन सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। आईटीएफअब महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) के साथ नये स्थल की तलाश कर रहा है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि मुकाबले के लिए शीर्ष खिलाड़ी उपलब्ध रहें।

कोरोना के कारण चीन में डब्ल्यूसीबीए लीग स्थगित

बीजिंग (वार्ता)। चीन बॉस्केटबॉल संघ (सीबीए) ने देश में फैले कोरोना वायरस के कारण चीन महिला बॉस्केटबॉल संघ (डब्ल्यूसीबीए) लीग को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। डब्ल्यूसीबीए ने वर्ष 2019-20 का सत्र दो जनवरी से शुरु किया था जिसमें 18 राउंड के मैच खेले गए थे। इस लीग को 13 फरवरी से दोबारा शुरु होना था लेकिन देश में फैले कोरोना वायरस के कारण इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट को भी स्थगित कर दिया गया था जिसका आयोजन चीन के हेनान में फरवरी के अंत में होना था। सीबीए ने बयान जारी कर कहा कि यह फैसला देश में फैले कोरोना वायरस के चलते लिया गया है जिसके कारण चीन में अब तक 360 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सीबीए ने कहा कि डब्ल्यूसीबीए लीग कब शुरु होगी इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी।

टी20 में सबसे महंगा बोलर कौन? स्टुअर्ट ब्रॉड ने भी दिया जवाब

नई दिल्ली। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे के नाम रविवार को एक शर्मनाक रेकॉर्ड दर्ज हुआ, जब उन्होंने न्यू जीलैंड के खिलाफपांचवें टी20 में अपने एक ओवर में 34 रन लुटाए। इसके बाद इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सोशल मीडिया पर सवाल पूछा कि टी20 इंटरनैशनल में सबसे महंगा गेंदबाज कौन था। भारत ने न्यू जीलैंड को सीरीज के पांचवें और अंतिम टी20 में 7 रन से हरा दिया लेकिन 26 साल के दुबे इसी मैच के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में दूसरे सबसे महंगा ओवर डालने वाले गेंदबाज बन गए। दुबे के ओवर में 4 छक्के, 2 चौकों समेत कुल 34 रन बने थे। इस पर कई क्रिकेट प्रेमियों ने जवाब दिया जिसमें ज्यादातर ने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम था। ब्रॉड ने भी रिप्लाई देते हुए लिखा, 'नहीं।' उन्होंने इसके साथ इमोजी भी लगाई।

राहुल अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

रोहित शर्मा भी तीन स्थान की छलांग लगाकर टॉप 10 में शामिल

भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल सोमवार को जारी आईसीसी टी-20 की ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा भी तीन स्थान की छलांग लगाकर टॉप 10 में शामिल हो गए हैं। भारत ने यह सीरीज 5-0 से जीती और वह पहली टीम हैं जिसने टी-20 सीरीज 5-0 से जीती है।

दुबई (वार्ता)। राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफहाल ही में समाप्त हुई टी-20 सीरीज के पांच मैचों में रिकॉर्ड 224 रन बनाए थे जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया था। राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों में 56, नाबाद 57, 27, 39 और 45 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन से राहुल चार स्थान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की भी बराबरी कर ली है।

उपकप्तान रोहित तीन स्थान के सुधार के साथ 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि श्रेयस अय्यर 63 स्थान की छलांग के साथ 55वें और मनीष पांडे 12 स्थान की छलांग लगाकर 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह भारत के तीन बल्लेबाज बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप 10 शामिल हो गए हैं जिसमें राहुल और रोहित के अलावा कप्तान विराट कोहली हैं जो नौवें स्थान पर हैं। विराट ने सीरीज में 105 रन बनाए और अपना नौवां स्थान बरकरार रखा।

राहुल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम 879 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं। ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच 810 अंक के साथ तीसरे और न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो 785 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान 782 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

गेंदबाज रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 26 स्थान की छलांग के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल 10 स्थानों की छलांग लगाकर 30वें और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर

भारत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना

माउंट मोंगानुई (वार्ता)।। भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच में धीमी ओवर गति के लिए 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। सीरीज में भारतीय टीम पर लगातार दूसरे मैच में यह जुर्माना लगा है। टीम इंडिया पर चौथे मैच में धीमे ओवर रेट के लिए मैच फीस के 40 फीसदी का जुर्माना लगा था।

भारत निर्धारित समय से एक ओवर पीछे रह गया था जिसके कारण उसपर 20 फीसदी जुर्माना लगाया है। इस सीरीज में यह दूसरा मौका है जब टीम इंडिया पर धीमी ओवर रेट को लेकर जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले वेलिंगटन टी-20 मुकाबले के बाद भी भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया गया था। मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने धीमी ओवर गति को लेकर आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत जुर्माना लगाया है जिसके अनुसार प्रत्येक धीमे ओवर पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया जाता है।

पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा करेगी भारतीय टीम-जहीर

पूर्व पेसर जहीर ने कहा कि जब आप भारत-पाकिस्तान की बात करते हैं तो हमेशा पूरी प्रतियोगिता से ज्यादा उत्सुकता उस मैच की रहती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी इस बड़े मैच में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

मुंबई। पूर्व भारतीय पेसर जहीर खान ने उम्मीद जताई की मंगलवार को आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। भारत ने क्वॉर्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को जबकि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को हराया। दोनों टीमें सेमीफाइनल तक की राह में अपराजेय रही हैं। जहीर ने यहां सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'अंडर-19 टीम के हमारे खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। उन्हें कुछ मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की।' जहीर ने यहां नैशनल क्रिकेट क्लब में कहा, 'जब आप भारत-पाकिस्तान की बात करते हैं तो हमेशा पूरी प्रतियोगिता से ज्यादा उत्सुकता उस मैच की रहती है। मैं इस बात को लेकर अश्वस्त हूं कि हमारे खिलाड़ी इस बड़े मैच में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।' वह यहां आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियन्स की अंतर-स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 'एमआई जूनियर' में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे थे। उन्होंने इस मौके पर अंडर-19 टीम में शामिल स्थानीय खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'यशस्वी अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने घरेलू एकदिवसीय सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छा करने की क्षमता है।' 41 साल के जहीर ने इस मौके पर पाकिस्तान के साथ वर्ल्ड कप में अपने मुकाबलों को याद किया। खास बात यह है कि जहीर ने भी पाकिस्तान के खिलाफअपना पहला मुकाबला 2003 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका में ही खेला था जो मौजूदा अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।

तमीम इकबाल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जड़ा तिहरा शतक

मीरपुर (वार्ता)। बंगलादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल बंगलादेश क्रिकेट लीग में सेंट्रल जोन के खिलाफ नाबाद 334 रन बनाकर बंगलादेश के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

मार्च 2007 में बंगलादेश के रकिबुल हसन के 313 रन बनाने के बाद तमीम देश के दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ा है। सेंट्रल टीम के 213 रन बनाने के बाद तमीम ने ईस्ट जोन के लिए 426 गेंदों में 42 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 344 रन बनाए जिसकी बदौलत उनकी टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 555 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। तमीम ने कहा,÷विकेट काफी अच्छा था और इसमें बल्लेबाजी करना आसान हो गया। तिहरा शतक जड़ने के बाद मैंने कुछ शॉट खेले और पूरी पारी के दौरान मैंने ऐसा नहीं सोचा कि मैं कुछ विशेष कर सकता हूं। मेरा ध्यान सिर्फ बल्लेबाजी पर केंद्रित था और मैं सिर्फबाउंड्री की तलाश कर रहा था। उन्होंने कहा कि यह पारी हमेशा उनके दिल के करीब रहेगी लेकिन उन्होंने 280 रन तक पहुंचने से पहले इसके बारे में नहीं सोचा था। तमीम ने कहा,÷जब मैं 280 के स्कोर पर पहुंचा तब मैंने तिहरे शतक के बारे में सोचना शुरु किया।

मॉर्गन ने जीता लीजेंड्स कप का खिताब

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के सबसे बड़े कॉरपोरेट फुटबॉल टूर्नामेंट यूनियन बैंक ऑफ इंडिया लीजेंड्स कप का खिताब जेपी मॉर्गन ने जीत लिया है। यह टूर्नामेंट मुंबई, पुणे, नई दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और हैदराबाद में खेला गया। लीजेंड्स कप में 600 से अधिक टीमें और लगभग 6000 से अधिक खिलाड़ियों के रूप में देश के सबसे बड़े कॉर्पोरेट घरानों ने हिस्सा लिया। जेपी मॉर्गन ने शनिवार को लीजेंड्स कप का खिताब हासिल करते हुए एक ऐसे सपने के लिए उड़ान भरी जहां उन्हें विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने और अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओरेकल ने लेजेंड्स कप में दूसरा स्थान हासिल किया।

रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम से बाहर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पिंडली के चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टेस्ट टीम से बाहर हो गए हैं। रोहित को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मुकाबले में बल्लेबाजी के दौरान चोट लग गयी थी जिसके बाद वह दोबारा मैदान में नहीं उतर सके थे। रोहित ने इस मुकाबले में 60 रन बनाए थे और इसके बाद वह रिटायर हर्ट हो गए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफइस मुकाबले के लिए कप्तान विराट कोहली को आराम दिया गया था और उनकी अनुपस्थिति में रोहित ने टीम की कमान संभाली थी।

अवध पर रोमांचक जीत से चेन्नई सेमीफाइनल में

हैदराबाद (वार्ता)। चेन्नई सुपरस्टार्ज ने लक्ष्य सेन और टॉमी सुगियार्तो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को जीएमसी बालयोगी इंडोर स्टेडियम में प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सीजन में अवध वॉरियर्स को 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली । लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल वर्ग के दिन के पहले मैच में अवध के शुभंकर डे को 15-7, 15-8 से हरा दिया। लक्ष्य पिछले मैच में हार गए थे और इस बार उन्होंने एकतरफा अंदाज में शुभंकर को हरा जीत की पटरी पर वापसी की है। दूसरे मैच में अवध के इवान सोजोनोव और ह्यून कु सुंग की पुरुष युगल की जोड़ी चेन्नई के ध्रुव कपिला रेड्डी तथा सात्विकसैराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी के सामने थी। इस मैच में अवध ने 12-15, 15-11, 15-10 से अपने नाम कर दो अंक ले चेन्नई को बैकफुट पर धकेल दिया।

नडाल को पछाड़ जोकोविच फिर बने नंबर 1

साल के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन के आठ बार के विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच स्पेन के राफेल नडाल को पछाड़कर सोमवार को एटीपी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। जोकोविच ने कल ही ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को हराकर खिताब जीता था। नडाल ने पिछले वर्ष के अंत में जोकोविच से शीर्ष स्थान छीन लिया था लेकिन अब एक बार फिर जोकोविच रैंकिंग में नंबर एक के स्थान पर पहुंच गए हैं।

17 ग्रैंड स्लेम के विजेता 32 वर्षीय जोकोविच 9720 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि नडाल 9395 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 20 ग्रैंड स्लेम के विजेता स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर 7130 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जोकोविच से हारने वाले थिएम एक स्थान की छलांग के साथ 7045 अंक हासिल कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। रुस के डेनिल मेदवेदेव एक स्थान खिसकर 5960 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

स्टेफानोस सितसिपास 4745 अंक के साथ छठे, एलेक्जेंडर जेवरेव 3885 अंक के साथ सातवें और मैटियो बेरेटिनी 2905 अंक के साथ आठवें स्थान पर मौजूद हैं। फ्रांस के गाएल मोंफिल्स 2700 अंक के साथ एक स्थान बढ़कर नौवें और बेल्जियम के डेविड गोफिन 2555 अंक हासिल कर 10वें स्थान पर आ गए हैं।

सर्विसेज स्पोर्ट्स ने एयर इंडिया को 3-1 से हराकर जीता खिताब

झांसी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के झांसी के ध्यानचंद स्टेडियम में चल रही 10 सीनियर राष्ट्रीय पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप 2020 (ए डिवीजन) के फाइनल में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससी) ने एक के मुकाबले तीन गोलों से एयर इंडिया को शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा किया।

मैच में शुरूआत से ही एसएससी के लड़के हावी रहे और 33वें मिनट में राहुल कुमार राजभर ने मैदानी गोल मारकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके ठीक 10 मिनट बाद प्रीत सिंह जोवन ने मैदानी गोल कर बढ़त का अंतर 2-0 कर दिया। इस गोल के दो मिनट बाद ही अजिंक्य जाधव ने गोल दागा और अपनी टीम का स्कोर 3-0 पहुंचा दिया। इसके बाद एयर इंडिया की टीम ने ताबड़तोड़ कई जवाबी हमले किये लेकिन किसी भी मौके को वह गोल में नहीं बदल पाये।

मुकाबले को तैयार | भारतीय पुरुष टीम कप्तान मनप्रीत सिंह और उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में उतरेगी

एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

हॉकी इंडिया ने सोमवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में विश्व की नंबर एक टीम बेलजियम के खिलाफमुकाबले के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा कर दी।

नई दिल्ली (वार्ता)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत का बेलजियम से मुकाबला आठ और नौ फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। भारतीय पुरुष टीम कप्तान मनप्रीत सिंह और उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में इस मुकाबले में खेलने उतरेगी।

इस मुकाबले के लिए टीम में राज कुमार पाल को शामिल किया गया है जो मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। इसके अलावा टीम में पीआर श्रीजेश, कृष्णा पाठक, गुरिंदर सिंह, अमित रोहीदास, सुरेंद्र कुमार, जरमनप्रीत सिंह और रुपिंदर पाल सिंह को भी शामिल किया गया है।

24 सदस्यीय दल में विवेक सागर प्रसाद, चिंगलेनसाना सिंह, दिलप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, रमनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, शमशेर सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, कोथाजीत सिंह, एसवी सुनिल, बीरेंद्र लाकड़ा, गुरजंत सिंह और नीलकांत शर्मा भी शामिल हैं।

टीम के चयन के बाद टीम के मुख्य कोच ग्राहम लीड ने कहा,÷एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैचों का उद्देश्य ओलंपिक टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को मौका देना है और एक मजबूत टीम चुननी है जो विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ मुकाबला कर सके।

भारतीय टीम इस प्रकार है:

1. पीआर श्रीजेश 2. कृष्ण बहादुर पाठक 3. हरमनप्रीत सिंह (उपकप्तान) 4. गुरिंदर सिंह 5. अमित रोहिदास 6. सुरेंद्र कुमार 7. जरमनप्रीत सिंह 8. रुपिंदर पाल सिंह 9. मनप्रीत सिंह (कप्तान) 10. विवेक सागर प्रसाद 11. चिंगेलसाना सिंह 12. राज कुमार पाल 13. दिलप्रीत सिंह 14. हार्दिक सिंह 15. रमनदीप सिंह 16. ललित कुमार उपाध्याय 17. मनदीप सिंह 18. शमशेर सिंह 19. गुरसाहिबजीत सिंह 20. कोथाजीत सिंह कदगंबम 21. बीरेंद्र लाकड़ा 22. नीलकांत शर्मा 23. गुरजंत सिंह 24. एसवी सुनिल।

न्यूज गैलरी

एसएसबी के जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी

कोण्डागांव। कोण्डागांव जिले के फरसगांव थानाक्षेत्र में एसएसबी के जवान जयकुमार ने खुद को रायफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद आसपास मौजूद अन्य जवानों ने उसे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलिंग बुथ में जयकुमार नेताम नवागांव मतदान केन्द्र पर ड्यूटी दे रहा था। ड्यूटी के दौरान जवान ने अपनी रायफल से खुद को गोली मार लिया। जिसके चलते गंभीर स्थिति में आसपास के जवानों ने उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया था, जहां उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जवान ड्यूटी के दौरान सामान्य रूप में नजर आ रहा था, लेकिन अचानक ही उसने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मतदान केन्द्र में आसपास मौजूद मतदाता व अन्य लोगों की भिड़ एकत्रित हो गई।

जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत आवेदन पत्र आमंत्रित

नारायणपुर। जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करान सहित नई सोच के साथ बेहतर कैरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाने हेतु जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत् कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 20 फरवरी तक आमंत्रित किये गये हैं। प्रवेश परीक्षा 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। इच्छुक छात्र एवं उनके अभिभावक, माता-पिता कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

भगवान की कथा भय से मुक्त करने वाली : पं. मिश्रा

महासमुंद। बीटीआई रोड में चंद्राकर परिवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पं शैलेन्द्र मिश्रा लखनपुर वाले ने कहा भगवान की कथा भय से मुक्त करने वाली है। कलयुग में भगवान के नाम से मुक्ति सम्भव है, भगवान वाराह का रूप लिए और हिरण्याक्ष का वध कर इस पृथ्वी को जल से बाहर लेकर आये उसके बाद ही इस संसार का विस्तार बढ़ा। भगवान की जब इच्छा होती है तब इस संसार में अवतार लेकर आते हैं। ईश्वर आदि और अंत से परे हैं। जिस प्रकार मिट्टी को किसी ने नहीं बनाया परन्तु मिट्टी से मटका बनाया जाता है, कुछ समय बाद मटका नष्ट हो जाता है। फिर मिट्टी वही रह जाती है, जिनका जन्म इस संसार में हुआ है अथवा बनाया गया है, उसका अंत होना ही है, इसलिए कलयुग में केवल भागवत की कथा ही मृत्यु को शुद्ध करती है, प्रत्येक जीवों में ईश्वर का अंश होता है, परंतु जीव माया में पड़ कर स्वयं को भूल जाता है, और ईश्वर से विमुख हो जाता है, इसलिए भागवत की कथा को ज्ञान यज्ञ कहा जाता है।

पिछली सरकार के अफसरों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही

पुल पार्टी देने वाला जलवेबाज डीएफओ चंदेल की जांच शुरू

- वन मंत्री मो.अकबर ने पीसीसीएफ को दिया जांच करने का आदेश
- सरकारी बंगले के स्वीमिंग पुल में पार्टी चिल करने आते थे अफसर

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। पूर्ववर्ती शासनकाल में वन विभाग के तात्कालीन जलवेबाज डीएफओ राजेश चंदेल की विभागीय जांच का आदेश जारी हो गया है। खुद वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने पीसीसीएफ से उक्त अधिकारी की जांच करने का आदेश जारी किया है। सरकारी बंगले में सरकारी खर्च से स्वीमिंग पुल बनाकर पुल पार्टी देने वाले चर्चित अफसर राजेश चंदेल पर पूर्व में ईओडब्ल्यू ने भी दबिश दे चुकी है। सत्ता परिवर्तन के बाद एक बार फिर कांग्रेस प्रवक्ता की शिकायत के बाद वन मंत्री ने अब विभागीय जांच भी करने को कहा है। बताते हैं कि सुकमा डीएफओ रहते हुए राजेश चंदेल ने स्वीमिंग पुल बंगले में बनवाया था।

गर्मी में पानी को तरसते लोगों के विपरीत चंदेल के स्वीमिंग पुल में पानी लबालब भरा रहता था और आईएएस-आईपीएस अधिकारी भी यहां चिल करने आते थे। वन मंत्री अकबर के तत्काल जांच के आदेश से लगने लगा है कि राजेश चंदेल की मुश्किलें अब बढ़ेंगी।

सुकमा के डीएफओ रहते राजेश चंदेले ने अपने सरकारी बंगले को पुल पार्टी व अफसरों की मौज-मस्ती का अड्डा बना दिया था। सरकारी बंगले में स्वीमिंग पुल में बस्तर के कई आईएएस-आईपीएस अपनी थकान मिटाने तो आते ही थे, शराब-कवाब का भी दौर खूब चलता था।

भाजपा शासनकाल में कांग्रेस ने उठाया था मुद्दा

कांग्रेस ने जोर-शोर से चंदेल के खिलाफ मुद्दा उठाया था। इसके अलावे भी ईओडब्ल्यू ने छापे के दौरान अकूत संपत्ति का खुलासा किया था। राजेश चंदेला के खिलाफ कई बार केंद्र सरकार से अभियोजन की अनुमति मांगी गयी, लेकिन अफसरों ने उस पूरे प्रकरण को ही दबा दिया गया। अब जब कांग्रेस सरकार में है तो राजेश चंदेले की मुश्किलें फिर से बढ़ने वाली है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी की शिकायत के बाद वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने पीसीसीएफ को इस संबंध में जांच का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि राजेश चंदेले की अब मुश्किलें बढ़ सकती है। ब्यूरोक्रेसी में अपनी सेटिंग के बूते राजेश चंदेले ने अपने खिलाफ ना सिर्फ कार्रवाई को रूकवाया, बल्कि कई मलाईदार जगहों पर पोस्टिंग भी पाते रहे, अब एक बार जांच की सुगबुगाहट से इस अफसर की मुश्किलें बढ़नी तय है।

70 लाख का स्वीमिंग पुल था

दरअसल मामला सुकमा जिले का था। साल 2016 में डीएफओ राजेश चंदेले यहां पदस्थ थे, जिन्होंने अपनी मौज मस्ती के लिए ही अपने सरकारी बंगले में ही 70 लाख से अधिक खर्च कर स्वीमिंग पूल खुदवा लिया। डीएफओ साहब ने ये स्वीमिंग पूल सारे नियम कायदों को ताक पर रख अपने सरकारी आवास में ही खुदवा लिया था। हालांकि तब विधायक रहे कवासी लखमा ने इस मामले में जब जमकर विरोध किया तो तब आईएफएस राजेश कुमार चंदेल को हटा दिया गया। चंदेल को रायपुर में वन प्रबंधन सूचना प्रणाली में भेज दिया गया था। लेकिन कुछ दिन पर फिर से उनका वक्त लौट आया। हाल ही में उन्हें कोरिया का भी डीएफओ बनाया गया था। डीएफओ राजेश चंदेल इससे पहले भी विवादों में रह चुके हैं। 2014 में मरवाही में तैनात डीएफओ राजेश चंदेल के यहां एसीबी के छापे में करोड़ों रुपये की बेहिसाब संपत्ति मिली थी। एसीबी के रिकॉर्ड के मुताबिक चंदेल के पास जगदलपुर में एक बड़ा मकान, दंतेश्वरी में दो मंजिला मकान, धरमपुर के अशोका लाइफस्टाइल में एक डुप्लेक्स, बकवंड के गांव दवडा में एक फार्म हाउस और कुंदरी गांव में काफी जमीनें हैं।

आईटीबीपी ने 30 आदिवासी युवक-युवतियों को भेजा शैक्षणिक भ्रमण पर

नारायणपुर। देश की धरोहर को एक सुत्र में पिरोने के लिये, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 53वी वाहिनी द्वारा 12वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत जिला नारायणपुर से 30 आदिवासी युवक-युवतियों को चण्डीगढ़ एवं बैंगलुरू (कर्नाटक) भ्रमण हेतु भेजा गया। सेनानी 53वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस श्री पंकज कुमार वर्मा द्वारा बीते 1 फरवरी को कैम्प जेलवाड़ी (नारायणपुर) में कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भ्रमण के दौरान स्वयं की सुरक्षा, मौसम के अनुसार वस्त्रादि साथ ले जाने हेतु बताया गया।

सेनानी 53वीं वाहिनी द्वारा इन युवाओं को भ्रमण के दौरान विभिन्न क्रिया-कलापों में भाग लेने हेतु भी प्रोत्साहित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के युवाओं को देश के एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त में भ्रमण करवा कर देश की विभिन्न संस्कृतियों, रीति रिवाजों एवं परम्पराओं से परिचय करवाना है, जिससे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोया जा सके। इस मौके पर श्री राजू नारायण वानखेड़े, उप सेनानी, 53वीं वाहिनी भी उपस्थित थे। आईटीबीपी के इस्कार्ट के नेतृत्व में बीते 01 फरवरी को 15 युवाओं (8 युवतियॉ एवं 07 युवक) का दल चण्डीगढ़ तथा दिनांक 02 फरवरी को को 15 युवाओं (7 युवतियॉ एवं 08 युवक) का दल बैंगलरू (कर्नाटक) के लिये रवाना हुए हैं।

कैंसर से जीतने 4 को आएं जिला अस्पताल

- मंगलवार को नि:शुल्क कैंसर परामर्श शिविर में बालको मेडिकल सेंटर के कैंसर विशेषज्ञ देंगे सेवाएं
- जल्द ही जिले में ही मिलने लगेगी कीमोथैरेपी उपचार की सुविधा

महासमुन्द। कैंसर संभावित और पीड़ितों के लिए यह काम की खबर है, जहां हाल ही में 09 जनवरी को जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में कैंसर संभावित एवं पीड़ितों में 32 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, वहीं कैंसर यानी कर्क रोग के उपचार के लिए जिले वासियों में बढ़ती रुचि और जिला स्तरीय आंकलन तेजी से बढ़ रहे कैंसर प्रकरणों की संख्या देखते हुए मंगलवार 04 फरवरी 2020 को विश्व कैंसर दिवस पर पुनः निशुल्क कैंसर परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। पहले की तरह इस बार भी राजधानी रायपुर के बालको मेडिकल सेंटर के कैंसर विशेषज्ञों में सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ सुनील कौशिक सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 02:00 बजे तक जिला अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे।

सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ आर.के. परदल ने बताया कि पिछली बार उम्मीद से अधिक संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया था, इस बार और बेहतर सेवाए मुहैया कराने के प्रयास हैं। जहां एक ओर संभावित एवं पीड़ित मरीजों के नवीन प्रकरणों में शुरुआत से परामर्श दिया जाएगा, वहीं दूसरी ओर पिछली बार शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ लेना शुरू कर चुके मरीजों का फॉलोअप भी लिया जा सकेगा। इसके लिए जिला अस्पताल में बालको मैडिकल सेंटर के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ जिले के अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। अस्पताल सलाहकार डॉ निखिल गोस्वामी के ने बताया कि मरीजों के समय की बचत करने के लिए पंजीयन से लेकर परामर्श तक सभी उपचार प्रक्रियाओं के लिए अलग-अलग काउंटरों में व्यवस्था उपलब्ध होगी। आवश्यकता होने पर संभावित मरीजों को आगामी जांच के लिये बालको मैडिकल सेंटर भी भेजा जा सकता है।

गैर संचारी रोग कार्यक्रम की जिला सलाहकार सुश्री अदीबा बट्ट ने बताया कि जिले के समस्त विकासखंडों के संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को विभिन्न प्रकार के कैंसर उनके लक्षण और पहचान के तरीके बताकर प्रशिक्षित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.पी.वारे द्वारा जिले के समस्त विकासखंडों के चिकित्सा अधिकारियों सहित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कैंसर परामर्श शिविर संबंधित आवश्यक जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ संभावित एवं पीड़ित मरीजों की अद्यतन जानकारी एकत्र कर सूची सहित प्रकरणों का विवरण जिला कार्यालय की ओर अग्रेषित करने के लिए कहा गया था।

कुर्मीपारा में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने पुरानी बस्ती कुर्मीपारा में 2 लाख रुपए की लागत से कांक्रीटीकरण हेतु भूमिपूजन किया। इस दौरान श्री चंद्राकर ने खराब हैंडपंप को सड़क से हटाने के निर्देश दिए। पालिका इंजीनियर अमन चंद्राकर से कहा कि सड़क पार के जितने भी घरों के निस्तारी पानी को नालियों में जोड़ा गया है, सभी में पाइप जोड़कर ही कांक्रीटीकरण किया जाए। नपाध्यक्ष ने कहा कि पाइप की व्यवस्था मकान मालिकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। चंद्राकर ने ठेकेदार को हिदायत दी कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान पार्षद रिंकू चंद्राकर, हफीज कुरैशी, पूर्व पार्षद राजेश चंद्राकर, भाऊराम साहू, लालू यादव, रिकेश यादव, नरेश नायक, अजय यादव, सोनिया पेंदरिया, धात्री सोनी, दुर्गा चंद्राकर, एकता पेंदरिया, बिना सोनी, सुकमत धीवर आदि मौजूद थे।

लोगों ने बड़े उत्साह के साथ किया अपने मताधिकार का प्रयोग

- एसपी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवादाता

महासमुन्द। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत जिले के जनपद पंचायत बागबाहरा एवं महासमुन्द क्षेत्र में तृतीय चरण का निर्वाचन आज स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। दोपहर 03:00 बजे तक 65.63 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें 66.95 प्रतिशत पुरूष एवं 64.78 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। मतदान के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ल ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। जनपद पंचायत महासमुन्द एवं बागबाहरा क्षेत्र में तृतीय चरण के निर्वाचन में विभिन्न मतदान केंद्रों में आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग, वयोवृद्ध और नये मतदाताओं द्वारा भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया।